# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : रविवार, 26 जुलाई, 2026 | वर्ष -01 | अंक-159 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


# शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा

## प्रह्लाद जोशी संभालेंगे शिक्षा मंत्रालय की कमान, बोले-उम्मीदों पर खरा उतरूंगा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दे दिया है। नीट पेपर लीक केस में उनके इस्तीफे की मांग करते हुए कॉकरोच जनता पार्टी पिछले 36 दिन से जंतर-मंतर पर धरना दे रही थी। शनिवार शाम करीब 8.15 बजे प्रधान के मंत्रालय का चार्ज प्रह्लाद जोशी को दे दिया गया है।

जोशी खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, ऊर्जा और उपभोक्ता मामलों के मंत्री हैं। प्रह्लाद ने कहा- मैं नई जिम्मेदारी पर खरा उतरूंगा। पीएम मोदी का शुक्रिया। पिछले कुछ सालों में देश की शिक्षा व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। इस्तीफे के बाद जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रमुख अभिजीत दीपके ने कहा- वे कहते थे कि इस सरकार में इस्तीफे नहीं होते, लेकिन झुकती है दुनिया, झुकाने वाला चाहिए। प्रधान ने इस्तीफे को लेकर चिट्ठी पोस्ट की। दो पेज और 575 शब्दों में लिखी इस चिट्ठी में प्रधान ने बाकी बातों के साथ दो जगह युवाओं को भ्रमित करने की बात भी लिखी। चिट्ठी का यह हिस्सा नीचे हाइलाइट किया गया है।

### 12 साल में पहली बार विरोध के बाद मंत्री का इस्तीफा

2014 में पहली बार मोदी सरकार बनने के बाद 12 साल के कार्यकाल में धर्मेंद्र प्रधान पहले मंत्री हैं, जिन्हें विरोध के चलते इस्तीफा देना पड़ा है। हालांकि, इससे पहले 2018 में विदेश राज्य मंत्री एमजे अकबर ने इस्तीफा दिया था, लेकिन तब दुनियाभर में 'मी टू' आंदोलन चल रहा था और अकबर पर पत्रकारिता के दिनों में यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे।


### शिक्षा मंत्रालय का चार्ज प्रह्लाद जोशी मिला



**नई दिल्ली।** प्रह्लाद जोशी को फिलहाल शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है. इसके साथ ही केंद्र सरकार ने वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया है.राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति ने धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मंजूर कर लिया है. साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी अपने मौजूदा मंत्रालयों के साथ-साथ अब शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त कार्यभार भी संभालेंगे।

### भागवत के बयान के बाद आया प्रधान का इस्तीफा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार सुबह दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा था, ह्यहम मनमानी करेंगे, शक्ति से सबके मालिक



बनेंगे, ऐसा नहीं हो सकता। भागवत ने कहा था- आज की नई पीढ़ी बहुत सारे सवाल पूछती है। हमें आदेश देने की बजाय उनसे बातचीत करनी चाहिए। उन्हें हर बात के पीछे का तर्क समझाना चाहिए, न कि आदेश देना चाहिए।

### ये लोकतंत्र की जीत : सोनम वांगचुक



सोनम वांगचुक ने अस्पताल से किए पोस्ट में लिखा- यह लोकतंत्र की जीत है, प्रत्यक्ष लोकतंत्र... सड़कों से मिली जीत। यह शांति, धैर्य और दृढ़ता की जीत है। उखढ और ञ्जल्ले को बधाई। देश के हर कोने से उठ खड़े होने के लिए सभी नागरिकों को धन्यवाद।

### बीजेपी कहती थी, हमारे यहां इस्तीफे नहीं होते : दीपके



जून 2015 में तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि हमारे यहां इस्तीफे नहीं होते हैं। यह वढअ सरकार नहीं है। दरअसल, भाजपा सरकार पर भगोड़े ललित मोदी की गुपचुप तरीके से मदद करने के आरोप लगे थे। तब सुषमा स्वराज विदेश मंत्री थीं। कांग्रेस ने कहा कि ललित मोदी एक भगोड़ा अपराधी है, लेकिन सरकार उसकी मदद कर रही है। ऐसे में विदेश मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए।

### अब अगला टार्गेट बिहार का : दीपके


अभिजीत दीपके से जब एक लड़की ने रिक्वेस्ट किया कि उनके स्टेट के सीएम सम्राट चौधरी को हटाएं तो उन्होंने उस लड़की की रिक्वेस्ट मान ली और अपने मंच से ही माइक लेकर ये घोषणा कर दी कि दिल्ली के जंतर मंतर वाला इवेंट खत्म होने के बाद वह पटना में सम्राट सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे। उधर तेज प्रताप यादव ने कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके से यह विशेष अपील की है कि वे अविलंब बिहार की धरती पर आएं।बिहार की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए आज एक कड़े और मजबूत जनांदोलन की आवश्यकता है।

### प्रधान करप्शन का सिंबल, उन्हें जाना ही था : राहुल गांधी



नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद मीडिया से कहा- प्रधान को तो जाना ही था। अच्छा है चला गया। वो भ्रष्टाचार का सिंबल है। उसने देश के एजुकेशन सिस्टम खोखला कर दिया। मेरी तरफ से छात्रों को जो सपोर्ट चाहिए हम तैयार हैं। हम छात्रों और उनके भविष्य को बचाने के लिए खड़े हैं। राहुल ने कहा- हमारा शिक्षा सिस्टम, जिसे कभी दुनिया भर में अच्छा माना जाता था, उस पर हमले हो रहे हैं, उस पर कब्जा किया जा रहा है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए पद से ज्यादा देश जरूरी : अमित शाह



भाजपा के कार्यकताओं के लिए पद से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण देश, हमारी युवा पीढ़ी और विद्यार्थी हैं। आज केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का अपने पद से इस्तीफा इसी को दशार्ता है। मोदी सरकार देश के युवाओं की भावनाओं का सम्मान करती है और पेपर लीक के विरुद्ध आवश्यक सुधारों के लिए कटिबद्ध है।

## जंतर मंतर पर आंदोलन खत्म सीजेपी ने किया ऐलान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध प्रदर्शन के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आखिरकार अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने पीएम मोदी को अपना इस्तीफा भेज दिया है। प्रधान के इस्तीफे के बाद दिल्ली के सियासी गलियारे में भी खूब हलचल देखी जा रही है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की है। उधर गृहमंत्री अमित शाह भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने पहुंचे है। दूसरी तरफ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे भी दिल्ली रवाना हो चुके हैं.इससे पहले धर्मेंद्र प्रधान ने अपने इस्तीफे की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा,ह्यमेरे युवा साथियों, मैं पिछले 4 दशकों से अधिक समय से छात्र, शिक्षक और शिक्षा सुधार के लिए समर्पित रहा हूं. मेरा सदैव यह विश्वास रहा है कि एक सशक्त, समावेशी और दूरदर्शी शिक्षा व्यवस्था ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला होती है. मैं देश के युवाओं की आकांक्षाओं, भावनाओं और उनकी न्यायोचित अपेक्षाओं का गहरा सम्मान करता हूं. जंतर-मंतर पर सीजेपी के विरोध प्रदर्शन का जिक्र करते हुए प्रधान ने कहा कि पिछले 10 दिनों का घटनाक्रम देखकर मेरा मन दुखी है। यह मेरे लिए व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का विषय नहीं है. भारत की युवा शक्ति ही इस देश की असली ताकत है. देश की युवा शक्ति को भ्रम के कुचक्र में फंसने नहीं देंगे, यही मेरा संकल्प है। जंतर-मंतर पर और देश में जो स्थिति बनी है, इस स्थिति का राष्ट्र विरोधी ताकतें लाभ न उठाएं. देश की एकता बनी रहे।

**सरकार के साथ बन गई बात**

### इस्तीफे के बाद जंतर मंतर पर छात्रों में जश्न

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इससे पहले शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबर आते ही जंतर-मंतर पर जश्न का माहौल बन गया। छात्रों ने छात्र एकता जिंदाबाद के नारे लगाए। राष्ट्रगान गाया। इस दौरान नीट पेपर लीक के बाद जान गंवाने स्टूडेंट्स के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। गौरतलब है कि शनिवार दोपहर 2 बजकर 18 मिनट का वक्त, धर्मेंद्र प्रधान ने सोशल मीडिया एक्स पर दो पेज का नोट पोस्ट किया। जिसमें उनके इस्तीफे का जिक्र था। जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे सीजेपी फाउंडर को फोन से इसकी जानकारी मिली।जैसे ही उन्हें पता चला कि प्रधान ने शिक्षा मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया है।

## टी-20 वर्ल्ड कप के बाद पहली सीरीज जीता भारत





**हरारे (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के बाद भारत ने पहली टी-20 सीरीज जीत ली है। हरारे में खेले गए दूसरे मुकाबले में टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे को 90 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 219 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 17.5 ओवर में 129 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। ईशान किशन ने 44 गेंदों पर 81 रन की पारी खेली। तिलक वर्मा ने नाबाद 60 रन बनाए। गेंदबाजी में अभिषेक शर्मा ने 3 विकेट लिए। प्रिंस यादव और यश ठाकुर को 2-2 विकेट मिले। भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही। अभिषेक शर्मा 8 और वैभव सूर्यवंशी 20 रन बनाकर आउट हो गए।

## संक्षिप्त खबरें

### तेज प्रताप यादव गिरफ्तार, आधी रात को ले गई पुलिस

**पटना।** पटना में जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) के प्रमुख तेज प्रताप



यादव को पुलिस ने शनिवार (25 जुलाई) को देर रात गिरफ्तार कर लिया. दरअसल, सिटी सेंट्रल मॉल से पुलिस ने देर शाम हिरासत में लिया था, उसके बाद पुलिस दीघा थाना व उसके बाद नौबतपुर थाने ले गई थी। उसके बाद अभी जज के आवास पर देर रात पेश किया गया है। तेज प्रताप यादव पर पटना में प्रदर्शनकारियों को उकसाने, भड़काने का आरोप है. शनिवार को पूर्व मंत्र पटना में बिहार बंद के दौरान प्रदर्शन में पहुंचे थे, जहां उग्र प्रदर्शन हुआ था।

### महाराष्ट्र नीट पेपर लीक के मुख्य आरोपी वीरेंद्र गुप्ता बिहार से गिरफ्तार

**पटना।** महाराष्ट्र के चर्चित टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) पेपर लीक मामले में बड़ी सफलता मिली है। इस मामले के मुख्य आरोपी वीरेंद्र कुमार गुप्ता को आखिरकार बिहार से गिरफ्तार कर लिया गया है। कई दिनों से उसकी तलाश की जा रही थी। भिवंडी पुलिस की विशेष टीम ने बिहार में अभियान चलाकर यह कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, गिरफ्तारी के बाद वीरेंद्र कुमार गुप्ता को बिहार से हवाई मार्ग के जरिए पुणे एयरपोर्ट लाया गया है। वहां से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उसे भिवंडी ले जाया जाएगा।

## राजधानी एक्स. को डिरेल करने की गई साजिश

**छपरा (एनएसबी)।** सारण जिले के रिविलगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात राजधानी एक्सप्रेस को दुर्घटनाग्रस्त करने की साजिश का सनसनीखेज मामला सामने आया। विजय राय टोला गांव के समीप छपरा-बलिया रेलखंड पर अज्ञात लोगों ने करीब 1000 लीटर क्षमता की पानी की खाली टंकी रेलवे ट्रैक पर रख दी।

डिब्रूगढ़ से नई दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस का इंजन टंकी से टकरा गया। हालांकि लोको पायलट की सूझबूझ और तत्परता से बड़ा रेल हादसा टल गया। घटना के बाद ट्रेन को गौतम स्थान रेलवे स्टेशन पर रोकना पड़ा और करीब एक घंटे से अधिक समय तक परिचालन प्रभावित रहा।जानकारी के अनुसार राजधानी एक्सप्रेस निर्धारित समय से लगभग चार घंटे विलंब से चल रही थी। ट्रेन रात 1:40 बजे छपरा जंक्शन पहुंची और 1:48 बजे वहां से रवाना हुई। करीब 1:58 बजे विजय राय टोला के समीप रेलवे ट्रैक पर रखी पानी की टंकी से इंजन टकरा गया।



**सारण में ट्रैक पर रखी टंकी से टकराया इंजन**

## बिहार बंद का असर : छात्रों ने पुलिस पर किया पथराव

### चेकपोस्ट तोड़ा-पेट्रोलिंग वैन पलटी, सीवान में 10 राउंड फायरिंग, 3 छात्रों को लगी गोली

**पटना/छपरा/सीवान (एनएसबी)।** नीट पेपर लीक, केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे और छात्र आंदोलन के दौरान हुए लाठीचार्ज के विरोध में छात्र संगठनों के आह्वान पर शनिवार को बिहार बंद बुलाया। जिसका असर पूरे बिहार में दिखा। राज्यभर में छात्र सड़कों पर उतरकर नीट पेपर के खिलाफ प्रदर्शन कर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफे की मांग की। बिहार बंद के दौरान छात्रों का प्रदर्शन उग्र हो गया। ऐसे में पटना, छपरा, लखीसराय सहित कई जिलों में जमकर पथराव हुआ, जिसके बाद पुलिस ने लाठी चार्ज की।

**पटना में पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर खदेड़ा :** शनिवार को बिहार बंद के दौरान राजधानी में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी सड़क पर उतरे। पुलिस पर पत्थरबाजी की। पेट्रोलिंग वैन को पलट दिया। जिसके बाद पुलिस ने छात्रों पर लाठीचार्ज कर दिया। इस दौरान जनशक्ति जनता दल के संस्थापक व लालू यादव के बड़े लाल तेज प्रताप यादव भी छात्रों के समर्थन में सड़कों पर उतरे और तिरंगा लेकर प्रदर्शन में शामिल हुए। इसके बाद उन्हें पुलिस ने रामगुलाम चौक के पास से उन्हें हिरासत में ले लिया। इस बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे की सूचना मिलने पर प्रदर्शनकारी छात्रों ने खुशी जाहिर की, इस दौरान डाकबंगला चौराहे पर जीत गए के नारे गूंजे। पर सख्त कानून की मांग की है। इसके बाद स्थिति सामान्य होने लगी।



**छपरा-सीतामढ़ी में गाड़ियां जलाईं, 2 एसपी समेत कई पुलिस वाले घायल**



### छात्रों ने पुलिस पर की पत्थरबाजी

छात्र संगठन आइसा और राष्ट्रीय युवा आंदोलन (आरवाईए) के बिहार बंद का असर दिखा। गांधी मैदान के पास बड़ी संख्या में छात्र जुटे। रामगुलाम चौक के पास प्रदर्शनकारी मोबाइल टावर पर चढ़ गए। इस दौरान तेजप्रताप यादव भी हाथ में तिरंगा लेकर लहराते दिखे।

## सम्राट सरकार के 100 दिनों की उपलब्धियों का रिपोर्ट कार्ड जारी

### 11,464 करोड़ की कई विकास योजनाओं का सीएम ने किया शिलान्यास-उद्घाटन

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शनिवार को विकास और जनकल्याण से जुड़े कई कार्यक्रमों में भाग लिए। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एनडीए सरकार के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर 11,464 करोड़ रुपये की लागत से 2,476 विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है।

इन परियोजनाओं के माध्यम से सड़क, पुल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, उद्योग, पेयजल तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और राज्य के संतुलित एवं समग्र विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री सुबह 11:30



बजे बीआईटी मेसरा कैंपस में आयोजित राज्यस्तरीय विकास उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। सरकार इस अवसर पर अपने 100 दिनों के कार्यों का रिपोर्ट कार्ड भी प्रस्तुत किया। सेवा, संकल्प, समर्पण के नारे के साथ एनडीए सरकार के 100 दिन पूरे होने पर सरकार ने अपनी उपलब्धियों का एक बुकलेट जारी किया है। इसके साथ ही उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए डिजिटल और प्रिंट प्रचार रथों को भी रवाना किया गया।

इसमें पंचायत स्तर पर चलाए गए सहयोग कार्यक्रम के तहत 5.6 लाख से अधिक जन शिकायतों के निस्तारण, 551 मॉडल स्कूलों और 211 नए डिग्री कॉलेजों के संचालन, कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस दीदी विंग की शुरूआत और थानों को नए वाहन उपलब्ध कराने जैसी उपलब्धियों को प्रमुखता से रखा गया। इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में हर महीने की 10 तारीख को बिहार पेंशन दिवस घोषित कर लगभग 97 लाख लाभार्थियों के खातों में सीधे पेंशन राशि भेजने की व्यवस्था को भी सरकार ने अपनी प्रमुख उपलब्धियों में शामिल किया है। इस दौरान उन्होंने एनडीए सरकार के 100 दिन पूरे होने पर बिहार की जनता को बधाई दिया।

### एलएनजेपी में 400 बेड के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का शुभारंभ

**पटना।** मुख्यमंत्री ने शनिवार सुबह राजवंशी नगर स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल पहुंचे। यहां सीएम ने 215 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित 400 बेड वाले ऑर्थोपेडिक एवं न्यूरो सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का लोकार्पण किया। यह अस्पताल आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस है। यहां विश्वस्तरीय मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, अत्याधुनिक आईसीयू, उन्नत रेडियोलॉजी विभाग, स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर, आधुनिक फिजियोथेरेपी यूनिट, ट्रॉमा एवं इमरजेंसी सेवाएं उपलब्ध हैं।

## नदी में नहाने गए चार किशोर डूबे, तीन की दर्दनाक मौत

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** साहेबगंज थाना क्षेत्र के बैद्यनाथपुर शिवालय मंदिर के सामने बया नदी में शनिवार दोपहर नहाने गए तीन किशोरों की डूबने से मौत हो गई। वहीं उनके साथ नदी में नहाने गया चौथा किशोर किसी तरह तैरकर बाहर निकल आया और उसकी जान बच गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है तथा मृतकों के घर में कोहराम मच गया है। मृतकों की पहचान साहेबगंज नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-8 निवासी अमृत कुमार (14), साहिल उर्फ झुन्नू (12) और मोहम्मद रेहान (13) के रूप में हुई है. वहीं, उनके साथ नदी में नहाने गया 13 वर्षीय गुड्डू किसी तरह तैरकर बाहर निकल आया घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर चारों किशोर बया नदी में नहाने के लिए गए थे। इसी दौरान सभी गहरे पानी में चले गए। पानी की गहराई अधिक होने के कारण तीन किशोर डूबने लगे, जबकि गुड्डू किसी तरह तैरकर नदी से बाहर निकल आया।



**एक ने तैरकर बचाई जान**

# 5,446 भूमिहीन परिवारों को मिला बंदोबस्ती प्रमाण पत्र

**15 अगस्त तक 30 हजार पात्र भूमिहीन परिवारों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य**

**गया, नालंदा और पटना में सर्वाधिक प्रमाण-पत्र वितरित**


डा. दिलीप कुमार जायसवाल मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के माननीय मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार भूमिहीन परिवारों को सम्मानजनक जीवन और सुरक्षित आवास का अधिकार सुनिश्चित करने के अपने संकल्प को तेजी से साकार कर रही है।

अभियान बसेरा-2 के अंतर्गत 25 जुलाई तक राज्यभर के 5,446 पात्र भूमिहीन परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त तक 30,000 पात्र भूमिहीन परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित है, जिसे समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए विभाग लगातार कार्य कर रहा है।

मंत्री ने बताया कि गया जिले में सर्वाधिक 407 बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इसके बाद नालंदा में 378, पटना में 363, औरंगाबाद में 296, बांका में 282, कटिहार में 222, बेगूसराय में 210, किशनगंज में 209, मुंगेर में 204, समस्तीपुर में 189, गोपालगंज में 187, वैशाली में 178, मधुबनी में 175, भागलपुर में 172, खगड़िया में 161, नवादा में 157, सारण में 151, सहरसा में 147, मुजफ्फरपुर में 138, रोहतास में 130, दरभंगा में 119, जमुई में 111, मधेपुरा में 99, सुपौल में 98, कैमूर में 81, पूर्वी चंपारण में 70, अररिया में 69, लखीसराय में 61, भोजपुर में 57, शेखपुरा में 57, जहानाबाद में 56, सीतामढ़ी में 48, पश्चिमी चंपारण में 47, शिवहर में 28, सीवान में 25, पूर्णिया में 24, बक्सर में 23 तथा अरवल में 17 पात्र भूमिहीन परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि कोई भी पात्र भूमिहीन परिवार वास भूमि के अधिकार से वंचित न रहे।

अभियान बसेरा-2 के माध्यम से गरीब एवं वंचित परिवारों को आवासीय भूमि उपलब्ध कराकर उन्हें सामाजिक सुरक्षा, स्थायित्व और सम्मानजनक जीवन का आधार प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल भूमि आवंटन तक सीमित नहीं है, बल्कि हजारों परिवारों के सुरक्षित भविष्य और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल के पहले 100 दिनों में भूमि सुधार एवं भूमिहीन परिवारों के कल्याण की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

अभियान बसेरा-2 के माध्यम से हजारों पात्र परिवारों को वासभूमि का अधिकार सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही, भूमि से जुड़ी विभिन्न सेवाओं के डिजिटलीकरण, पारदर्शिता और समयबद्ध सेवा वितरण को और अधिक प्रभावी बनाया गया है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 15 अगस्त तक 30 हजार पात्र भूमिहीन परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराकर सरकार अपने संकल्प को सफलतापूर्वक पूरा करेगी।

# शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर छात्रों के समर्थन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने बजाया ढोल नगाड़े

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक, सीबीएसई परीक्षा में अनियमितता और देश में लीक प्रूफ परीक्षा प्रणाली और बेहतर शिक्षा की मांग को लेकर चल रहे छात्र आंदोलनों और देश के नेता विपक्ष राहुल गांधी के द्वारा प्रधानमंत्री को सदन में बैकफुट पर डालने से विवश होकर केंद्र की दंभी और अहंकारी मोदी सरकार के अकर्मण्य शिक्षा मंत्री ने अंततः इस्तीफा दे दिया। ये बातें प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित विजय मार्च बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहीं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने विजय मार्च पर ढोल नगाड़े बजाकर छात्रों की जीत पर जश्न मनाया। इस दौरान विधान परिषद में दल के नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा मदन मोहन झा भी उनका साथ दिया। विजय मार्च में विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डा मदन मोहन झा, विधायक मनोज विश्वास, पूर्व डीजीपी करुणा सागर, ड़ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, पंकज यादव, कुमार आशीष, असितनाथ तिवारी, कमल कमलेश, सूरज यादव, कमलदेव नारायण शुक्ला, प्रेमचंद सिंह, शिशिर कौंडिल्य, उदय चन्द्रवंशी, विनीता भगत, अमन कुमार, नदीम अख्तर अंसारी, चंद्रभूषण राजपूत, मृणाल अनामय, विमलेश तिवारी, सुधीर शर्मा, अमन कुमार, रीता सिंह, रंजीत कुमार बाल्मीकि, अरुण पाठक, दौलत इमाम, विशाल यादव, पूनम यादव, हीरा सिंह बग्गा, सतेंद्र कुमार सिंह, मिहिर झा, मनीष यादव, राहुल भारद्वाज, निशांत करपटने, मेनका कुमारी, आरती राय सहित अन्य नेतागण मौजूद रहें।

## खबरें : एक नजर में

### 2 अगस्त को श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अभिनंदन समारोह की तैयारियों को लेकर हुई बैठक


लालगंज में पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने की बैठक, हुआ भव्य स्वागत।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** आगामी 2 अगस्त को आयोजित श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अभिनंदन समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। लालगंज में नवीन कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी विधायक सह राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने इस बैठक को संबोधित किया। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता के बैठक में पहुंचने पर स्थानीय लोगों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा एवं तैयारियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक, भव्य एवं सफल बनाने की अपील की।

### कॉमनवेल्थ गेम्स में झंडू ने जीता कांस्य पदक

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार के गौरव एवं अंतरराष्ट्रीय पैरा पावरलिफ्टर झंडू कुमार ने कॉमनवेल्थ गेम्स में कांस्य पदक जीतकर भारत, बिहार, नालंदा और हरनौत का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन कर दिया है। पुरुष हैवीवेट वर्ग में 190 किलोग्राम भार उठाकर उन्होंने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। उनकी इस सफलता से पूरे नालंदा जिले में खुशी का माहौल है। खेलप्रेमियों, खिलाड़ियों और सामाजिक संगठनों ने इसे बिहार के पैरा खेलों के इतिहास में एक गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। झंडू कुमार की उपलब्धियां पहले से ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय रही हैं। वह विश्व पैरा पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। विश्व रैंकिंग में शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल रहने के साथ-साथ एशियाई स्तर पर भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। अपनी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के दम पर उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद यह मुकाम हासिल किया है। अब कमनवेल्थ गेम्स का कांस्य पदक उनकी उपलब्धियों में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ता है। इस अवसर पर बिहार पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव संदीप कुमार, आरपीएस कॉलेज के प्राचार्य डा. उपेंद्र कुमार सिन्हा, प्रो. धनंजय कुमार, सत्यनाम कबीर, सुभाष कुमार, चंद्रउदय कुमार, प्रमोद कुमार, ज्ञानेश, सहित अनेक खिलाड़ियों, खेलप्रेमियों और नागरिकों ने झंडू कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




### धर्मेंद्र प्रधान का मजबूरी में दिया गया इस्तीफा , लोकतंत्र और छत्र-युवा शक्ति की जीत : चित्तरंजन गगन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने इसे भारतीय लोकतंत्र की ताकत बताते हुए छात्र-युवा शक्ति की जीत बताई है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, नैतिकता के आधार पर दिया गया इस्तीफा नहीं है, ये मजबूरी में दिया गया है। अगर ये नैतिकता के आधार पर दिया गया इस्तीफा होता तो पेपर लीक के अगले ही दिन दे दिया गया होता। देश की राजधानी से लेकर, अन्य प्रदेशों की राजधानी और अन्य शहरों तक छात्रों की नाराजगी सरकार के खिलाफ सड़कों पर आ गई है। जिससे डरकर और प्रधानमंत्री की कुर्सी को बचाने के लिए ये इस्तीफा दिया गया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि सत्ता के मद में यह दावा करने कि इस सरकार में इस्तीफा नहीं दिया जाता उन्हें अब जनता के ताकत का एहसास हो चुका है।

# आपदा से निपटने की तैयारी तेज, एम्स पटना में भिष्म क्यूब पर बहु-एजेंसी टेबलटॉप अभ्यास


22 अगस्त को करमचट बांध में होगी फुल-स्केल मॉक ड्रिल, कई विभागों ने बनाई संयुक्त रणनीति।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** आपदा के दौरान त्वरित और समन्वित चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एम्स पटना में शुक्रवार को भिष्म क्यूब के प्रस्तावित बहु-एजेंसी मॉक ड्रिल की तैयारियों को लेकर टेबलटॉप अभ्यास आयोजित किया गया। इसमें स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, पुलिस, अगिशमन, एनडीआरएफ, एयरपोर्ट अथरिटी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। अभ्यास के दौरान प्रतिभागियों को भिष्म क्यूब की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया और बताया गया कि सामूहिक दुर्घटनाओं एवं आपदा की स्थिति में गंभीर घायलों के उपचार, संसाधनों के बेहतर उपयोग और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय में यह प्रणाली किस तरह प्रभावी साबित होगी। एम्स पटना के ट्रॉमा सर्जरी विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. अनिल कुमार ने काल्पनिक आपदा परिदृश्य प्रस्तुत करते हुए मरीजों के उपचार, सुरक्षित निकासी और संसाधन प्रबंधन की रणनीति साझा की। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए बेहतर तैयारी और सभी एजेंसियों के बीच मजबूत तालमेल जरूरी है। बैठक में 22 अगस्त 2026 को रोहतास के करमचट बांध में प्रस्तावित पूर्ण पैमाने की बहु-एजेंसी मॉक ड्रिल को सफल बनाने पर सहमति बनी। एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो (ब्रिगेडियर) डा. राजू अग्रवाल और चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डा.) प्रशांत कुमार सिंह ने कहा कि आपदा प्रबंधन में संसाधनों के साथ-साथ समय पर समन्वित कार्रवाई सबसे अहम होती है।

# श्रमिकों के हितार्थ राज्यस्तरीय कार्यशाला

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** घोघरडीहा प्रखंड स्वराज्य विकास संघ द्वारा डब्लुएचएच- ईयु समर्थित परियोजना भारत में कोविड-19 के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव के आलोक में नागरिक सामाजिक संगठनों का क्षमतावर्द्धन के अंतर्गत बिहार में प्रवासी श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा सुरक्षित रोजगार मार्गदर्शिका पर परामर्श विषयक राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन होटल पनाश, पटना में किया गया। इस अवसर पर सुश्री अपर्णा लाल, हेड ऑफ प्रोजेक्ट, डब्लुएचएच, नई दिल्ली गणेश कुमार झा, सहायक श्रम आयुक्त, श्रम संसाधन विभाग, पटनाय शशि शेखर, सहायक श्रम आयुक्त (प्रवासी), श्रम संसाधन विभाग, पटना , रमेश कुमार, अध्यक्ष एवं परियोजना निदेशक, जीपीएसवीएसय अविरल पांडेय, सहायक प्राध्यापक, पटना विश्वविद्यालयय तरुण कुमार रंजन, पीआर हेड, श्रम संसाधन विभाग, पटना तथा सुश्री प्रियंका कुमारी, स्टेट कोअर्डिनेटर, जनसाहस फाउंडेशन सहित विभिन्न सरकारी विभागों, नागरिक समाज संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, विकास साझेदारों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं समुदाय के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बिहार के प्रवासी श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक उनकी पहुँच को सुदृढ़ करना तथा विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय को मजबूत बनाना था। प्रतिभागियों ने प्रवासी श्रमिकों के समक्ष सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की तथा इन योजनाओं के प्रति जागरूकता, पहुँच एवं प्रभावी लाभ सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए।


कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

# नालंदा विश्वविद्यालय में 'विरासत-पर्यटन प्रबंधन' प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम का शुभारंभ

**पटना / राजगीर(दैनिक नवसंदेश)।** नालंदा विश्वविद्यालय और बिहार सरकार के पर्यटन विभाग के संयुक्त सहयोग से 'विरासत-पर्यटन प्रबंधन' पर पाँच दिवसीय प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पहले ही संस्करण में सभी 60 सीटें भर गईं। कार्यक्रम में पर्यटन गाइड, टूर ऑपरेटर, वन्यजीव व्याख्याकार, संग्रहालय कर्मी, शोधार्थी तथा पर्यटन एवं विरासत क्षेत्र से जुड़े पेशेवर भाग ले रहे हैं। यह पाँच दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज तथा स्कूल ऑफ हिस्टरिकल स्टडीज के संयुक्त समन्वय में आयोजित किया जा रहा है।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि पर्यटन मार्गदर्शक ही किसी भी आगंतुक का पहला संपर्क-बिंदु होते हैं। बिहार की सभ्यतागत विरासत को लोग किस दृष्टि से समझेंगे, यह काफी हद तक उनके संवाद और प्रस्तुति पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि आज पर्यटन लगातार विशेषज्ञता की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में एक मार्गदर्शक के पास केवल ऐतिहासिक तथ्यों का ज्ञान पर्याप्त नहीं है। इतिहास, पुरातत्व, कला, पर्यावरण, संस्कृति और भाषा की समेकित समझ ही उसे एक बेहतर व्याख्याकार बनाती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में पर्यटन बिहार की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख आधार बनेगा, इसलिए प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करना समय की आवश्यकता है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आगे चलकर विश्वविद्यालय के रियायती अल्पावधि भाषा पाठ्यक्रमों से भी जोड़ा जाएगा। 'सहभागिता संवाद' पहल के अंतर्गत आयोजित इस आवासीय पाठ्यक्रम में इतिहास, विरासत, पर्यटन प्रबंधन, संप्रेषण कौशल तथा क्षेत्रीय अध्ययन को एक साथ जोड़ा गया है। नाममात्र शुल्क पर संचालित यह पहल स्थानीय समुदायों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक विशेषज्ञता से जोड़ते हुए बिहार की सांस्कृतिक पहचान और उत्तरदायी पर्यटन को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने भाजपा उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में चुनावी सभा का आयोजन किया


सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डा सत्यानंद शर्मा।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में चुनावी सभा का आयोजन किया। उतरी मंदिरी में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डा सत्यानंद शर्मा, युवा लोजपा-(रा) के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान, पिछड़ा-अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव मनोज कुमार, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु पासवान, पिछड़ा-अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव महेन्द्र विश्वकर्मा, संजीव कुमार, लोजपा नेता सूरज कुमार गुप्ता ने सभा को संबोधित करते हुए उपस्थित जन समूह से भाजपा उम्मीदवार को कमल छाप चुनाव चिन्ह जो ईवीएम में क्रमांक 2 नंबर पर रहेगा पर बटन दबाकर रिकार्ड वोट से चुनाव जीताने का अपील किया। सभा की अध्यक्षता मंदिरी निवासी दीनानाथ शर्मा ने किया। सभा में बोलते हुए डा सत्यानंद शर्मा ने दावा किया कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जनता का जो रूझान है उसे देखते हुए कहते है कि भाजपा उम्मीदवार रिकार्ड वोट प्राप्त कर चुनाव जीतेंगे।

# लोक नाट्य महोत्सव पटरंगम 2026 का समापन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार के सौजन्य से तथा विश्वा, पटना (वाईटल इन्वेंशन औफ सोशल हार मोनी विथ आर्ट) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय लोक नाट्य महोत्सव पटरंगम 2026 पटना रंग महोत्सव का प्रेमचंद रंगशाला, राजेन्द्र नगर, पटना में सफलतापूर्वक समापन हुआ।

शाम 5: 30 बजे आयोजित नुक्कड़ नाटक सत्र में नाद, पटना द्वारा तुमका का बताएं भईया का मंचन किया गया। नाटक के लेखक अभिषेक चौहान एवं निर्देशक मो. जानी हैं। सामाजिक समस्याओं पर आधारित इस प्रस्तुति में आम जनजीवन की विडंबनाओं, सामाजिक विसंगतियों और बदलते परिवेश की चुनौतियों को व्यंग्य और सहज संवादों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

इसके उपरांत शाम 6: 30 बजे इमैजिनेशन, बिहार द्वारा मुंशी प्रेमचंद लिखित कालजयी नाटक प्रेम की वेदी का मंचन किया गया। नाटक का निर्देशन युवा रंगकर्मी सत्यम कुमार सिंह ने किया। प्रेमचंद की इस क्लासिक कृति को समकालीन सामाजिक संदर्भों के साथ प्रस्तुत करते हुए निर्देशक ने जातिवाद, दहेज प्रथा, बेमेल विवाह और तथाकथित पारिवारिक प्रतिष्ठा जैसी कुरीतियों पर प्रभावशाली प्रश्न खड़े किए।

निर्देशक सत्यम कुमार सिंह ने इस नाटक को वर्तमान समय की ऑनर किलिंग, जातीय भेदभाव और सामाजिक असमानता जैसी समस्याओं से जोड़कर इसे और अधिक प्रासंगिक बना दिया।


नाटक का मंचन।

मंच पर सत्यम कुमार सिंह (योगराज), जानवी सोनी (जेनी), रितिका उपाध्याय (मिस गार्डेन), पीयूष ओझा (डक्टर), अभीरथ सोनू (विलियम), सुमित कुमार (पोस्टमास्टर), रूपाली (चंपा) एवं खुशी (उमा) ने अपने प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों की भरपूर सराहना अर्जित की। वहीं नेपथ्य में रौशन कुमार की प्रकाश परिकल्पना, सुनील विश्वकर्मा, प्रकाश भारती एवं सौरभ पाठक की सेट सज्जा, किशन कुमार एवं सौरभ कुमार के ध्वनि संचालन, शिवम् कुमार एवं अनुज की वेशभूषा, रूपेश सुमित के प्रोडक्शन कंट्रोल तथा कुमार आशय, समर प्रताप एवं ऐश्वर्या सोनी के पूर्वाभ्यास एवं मंच संचालन ने प्रस्तुति को उत्कृष्ट रूप प्रदान किया। तीन दिनों तक चले पटरंगम 2026 में बिहार के विभिन्न रंग समूहों ने नुक्कड़ नाटक एवं रंगमंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, न्याय व्यवस्था, सामाजिक कुरीतियों, प्रशासनिक विसंगतियों और मानवीय मूल्यों जैसे विविध विषयों को प्रभावशाली ढंग से मंचित किया। महोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में रंगकर्मियों, कलाकारों, साहित्यकारों एवं कला-प्रेमियों की सक्रिय सहभागिता रही।

समापन अवसर पर आयोजकों ने कहा कि पटरंगम 2026 का उद्देश्य केवल नाट्य प्रस्तुतियाँ करना नहीं, बल्कि रंगमंच के माध्यम से समाज में संवाद, संवेदना और सकारात्मक परिवर्तन की चेतना को मजबूत करना है।

# संजय झा से मिले शम्भू नाथ सिन्हा


संजय झा से मिले शम्भू नाथ सिन्हा।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** प्रदेश जनता दल यू के प्रवक्ता शम्भू नाथ सिन्हा ने पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा से मिल कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया और पार्टी की नई प्रदेश कार्यकारणी के गठन के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। साथ ही प्रदेश समिति में उन्हें प्रवक्ता बनाने के लिये भी उनका आभार जताया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता सर्वश्री, राजकिशोर सिंह, मंजेश शर्मा, उनय कुमार, कुणाल चन्द्रवंशी, सिन्टू साव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर संजय झा ने सभी नेताओं से बांकीपुर उप चुनाव में एन डी ए प्रत्याशी के पक्ष में पूरी ताकत एवं जिम्मेदारी के साथ काम करने का निर्देश दिया।

## खबरें खास-खास

# एमएलए कोमल सिंह ने बिहार विधानसभा में गायघाट विधानसभा क्षेत्र के कई जनहितकारी मामले को रखा

### राज्य के ग्रामीण कार्य मंत्री से गायघाट विधायक कोमल सिंह ने की मुलाकात, क्षेत्र के कई ज्वलंत मुद्दा के मामले को लेकर सौंपी ज्ञापन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य के ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार से मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट विधानसभा क्षेत्र की विधायक कोमल सिंह ने मुलाकात कर गायघाट विधानसभा क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण जनसमस्याओं एवं विकास कार्यों के संबंध में विस्तार से चर्चा की तथा निम्नलिखित मांगों के संबंधित लिखित आवेदन सौंपी। गायघाट विधानसभा क्षेत्र की विधायक कोमल सिंह ने बताया कि गायघाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बंदरा प्रखंड में बूढ़ी गंडक नदी में रतवारा ढोली घाट एवं कटरा प्रखंड के सिसवाड़ा सियारी नदी पर पुल निर्माण कार्य को स्वीकृति देकर शुरूकराने की माँग, राजुआघाट, बागमती नदी पर क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर नए पुल के निर्माण कराने की माँग, ग्राम धोबौली में लंबित पुल निर्माण एवं एनएच 27 बबुरबन्नी चौक से धोबौली तक सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कराने की मांग, महेशवाड़ा नदी पर अधूरे एवं क्षतिग्रस्त पुल के निर्माण कार्य को पुनः प्रारंभ कराने की माँग, सतघट्टा सहनी टोला पथ में बागमती नदी पर स्वीति देकर पुल निर्माण कराने की माँग ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार से की है। वैशाली सांसद वीणा देवी व मुजफ्फरपुर के विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह के पुत्री सह गायघाट विधायक कोमल सिंह ने बताया कि गायघाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत इन सभी कार्यो के पूरा होने से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इधर, विधायक कोमल सिंह ने बताया कि बिहार विधानसभा के मानसून सत्र में भी मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट विधानसभा क्षेत्र के कई जनहितकारी मामले को सदन के पटल पर रखी है जिससे जन समस्याएं की त्वरित निदान व विकास की कार्य में तेजी आ सके।


विधायक कोमल सिंह।

# वैशाली सांसद वीणा देवी को राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ प्रभारी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की मिली जिम्मेदारी, दिया गया मनोनीत पत्र

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** वैशाली सांसद वीणा देवी को राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ प्रभारी , लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की जिम्मेदारी मिली है ।साथ ही इस आशय की नियुक्ति की मनोनीत पत्र दिया गया है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल खालिक के हस्ताक्षर से मनोनीत पत्र जारी हुई है । साथ ही उन्होंने अपने पत्र में जिक्र किया है कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के निर्देशानुसार वैशाली सांसद वीणा देवी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल खालिक ने अपने पत्र में जिक्र किया है की पार्टी को पूर्ण विश्वास है कि संगठन में वैशाली सांसद वीणा देवी को नई जिम्मेदारी दिए जाने से वे संगठन को सुदृढ़ एवं विस्तार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी तथा महिला के हितों की रक्षा एवं उत्थान के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल खालिक ने इसकी जानकारी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ चन्द्र प्रभा भाटिया को भी दी है। इधर, वैशाली सांसद वीणा देवी ने लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ प्रभारी नियुक्त किए जाने पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, बिहार प्रभारी अरुण भारती, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल खालिक एवं समस्त पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त की है एवं कहा की वे मिले नई जिम्मेदारी को जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करेगी।


वैशाली सांसद वीणा देवी को राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ प्रभारी , लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की मिली जिम्मेदारी, दिया गया मनोनीत पत्र।

# साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष पद के लिए डा अनिल सुलभ ने किया नामांकन

### 4 सेटों में निर्वाचक-सदस्य डा सुलभ के प्रस्तावक बने, अबतक किसी अन्य का नामांकन नही, आज अंतिम दिन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** आगामी सत्र हेतु, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष पद पर हो रहे चुनाव के लिए, नामांकन के पहले दिन, शनिवार को सम्मेलन के वर्तमान अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कुल चार समूच्यों (सेट) में नामांकन किया। दस-दस की संख्या में कुल सेटों में निर्वाचक सदस्यों ने डा सुलभ के लिए प्रस्ताव दिए। डा सुलभ ने दूसरे पहर बजे, अपने प्रस्तावकों के साथ, निर्वाचन पदाधिकारी श्री पंडित जी पाण्डेय, अधिवक्ता, पटना उच्च न्यायालय के समक्ष अपना नामांकन-प्रपत्र भरा। इस अवसर पर दोनों सहायक निर्वाचन अधिकारी धनेंद्र चौबे तथा राधा रमण (दोनों अधिवक्ता पटना उच्च न्यायालय) भी उपस्थित थे। नामांकन के पहले सेट में डा शंकर प्रसाद, डा कल्याणी कुसुम सिंह (दोनों उपाध्यक्ष), भगवती प्रसाद द्विवेदी (साहित्यमंत्री), डा पल्लवी विश्वास (कलामंत्री), ष्ण रंजन सिंह (प्रबंधमंत्री), ई अशोक कुमार (पुस्तकालय मंत्री), विभा रानी श्रीवास्तव (प्रचार मंत्री) प्रवीर कुमार पंकज (भवन अभिरक्षक), डा शशि भूषण सिंह तथा चंदा मिश्र प्रस्तावक थे। इनके अतिरिक्त डा सुलभ के पक्ष में तीन अन्य सेटों मे, डा पुष्पा जमुआर, बच्चा ठाकुर, डा ध्रुव कुमार, शम्भु नाथ पाण्डेय, डा अमरनाथ प्रसाद, सुनील कुमार दूबे, डा नागेश्वर प्रसाद यादव, डा ऋचा वर्मा, सिद्धेश्वर, प्रेम लता सिंह राजपुत, अनुभा गुप्ता, पं गणेश झा, डा मनोज गोवर्द्धनपुरी, नीरव समदर्शी, मनोज कुमार झा, परवेज आलम, डा पंकज कुमार पाण्डेय, संजय कुमार शुक्ला, राजेश कुमार भट्ट, ज्ञानेश्वर शर्मा, नीता सहाय, शमा कौसर शमा, डा कुंदन कुमार लोहानी, रविकान्त पाण्डेय, अविनय काशीनाथ, अभय सिन्हा, कमल नयन श्रीवास्तव,श्याम किशोर, प्रेम लता सिंह, सुधीर कुमार मंटू प्रस्तावक के रूप में उपस्थित थे।


डा अनिल सुलभ ने कुल चार समूच्यों (सेट) में नामांकन किया।

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा छात्रों, युवाओं के संघर्ष और लोकतंत्र की जीत है : अरुण यादव

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा देशभर के छात्रों, युवाओं और अभिभावकों के लंबे संघर्ष तथा जनदबाव की जीत है। लोकतंत्र की जीत है। यह केवल शिक्षा मंत्री का इस्तीफा नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही की मांग की स्वीकारोक्ति है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे मात्र से बात खत्म नहीं हो गई है। केंद्र सरकार को अब शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा प्रणाली को चुस्त दुरुस्त करना होगा। नीट पेपर लीक उपरांत डिप्रेशन में आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिजनों को मुआवजा राशि देना होगा। प्रभावित छात्रों को न्याय और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पारदर्शी एवं जवाबदेह व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। आंदोलन के दौरान छात्र, युवाओं पर हुए दर्ज मुकदमा वापस लेना होगा। आंदोलनरत छात्र, युवाओं की सभी मांगों को पूरा करना होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### गायत्री शक्तिपीठ बाकरगंज में पवन प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ

**दरभंगा(एनएसबी)।** लहेरियासराय स्थित गायत्री शक्तिपीठ बाकरगंज में पवन प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर हरिद्वार से आए प्रतिनिधि भोले श्री द्वारा दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम पांच दिवसीय है जो गुरु पूर्णिमा तक लगातार संध्या 4 बजे से 8 बजे तक चलेगा। सुबह 11 बजे से शिविर का आयोजन किया जाएगा। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शिक्षा संस्कार गुणवान संस्कार एवं पंच कुंडीय गायत्री हवन का सवेरे 8 बजे से आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में संतोष झा मीना मिश्रा, दुर्गा, सुशील कुमार ठाकुर नारायण सिंह यादव सहित कई लोग सक्रिय है।

### मुख्यमंत्री से जलालुद्दीन को मिला प्रशस्ति पत्र

**दरभंगा(एनएसबी)।** राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई मेडल जीत चुके जलालुद्दीन को सूबे के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और खेल मंत्री श्रेयसी सिंह की उपस्थिति में उप-मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।जिले के टेकटार निवासी अंतर्राष्ट्रीय पैरा साइकलिस्ट जलालुद्दीन के फिलिपींस से लौटने पर मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित होने की सूचना पर चहुंओर हर्ष व्याप्त है।मिथिला के इस पैरा साइकलिस्ट की इस उपलब्धि पर माँ श्यामा मन्दिर न्यास समिति के उपाध्यक्ष प्रो.जयशंकर झा ने कहा कि जलालुद्दीन अपनी कड़ी मेहनत व जुनून से कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ रहा है।शिक्षाविद डॉ.शिवकिशोर राय ने जलालुद्दीन के करियर को आरंभ से शीर्ष पर पहुँचाने के लिए संकल्पित उज्ज्वल कुमार के अब तक के प्रयासों को विरला बताते हुए उनकी सराहना की।डॉ.एडीएन सिंह ने जलालुद्दीन की सफलता को युवाओं खासकर दिव्यांग युवाओं के लिए अनुकरणीय प्रेरणास्रोत बताया।संस्कृत विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर साहित्य विभागाध्यक्ष डॉ.संतोष कुमार पासवान ने भी अंतर्राष्ट्रीय पैरा साइकलिस्ट की इस उपलब्धि पर उत्साहवर्धन किया।इस उपलब्धि से अभिभूत होकर जलालुद्दीन ने इस प्रशस्ति पत्र को भी अपने मानस पिता माँ श्यामा मन्दिर न्यास समिति के उपाध्यक्ष प्रो.जयशंकर झा को समर्पित किया।साथ ही आगे और अधिक ऊर्जा व उत्साह के साथ गोल्ड लाने की की अपनी संकल्पना को दोहराया।उज्ज्वल कुमार ने जलालुद्दीन को बधाई देते हुए सुझाव दिया कि जिस प्रकार प्रो.जयशंकर झा सहित अन्य सामाजिक सहयोग से तुम्हें सफलता की ऊँची उड़ान मिली है,इसी प्रकार से सुविधाओं से वंचित अन्य प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में तुम्हारी भी सकारात्मक भूमिका की होनी चाहिए।विदित हो कि सूबे के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मेडल लाओ,नौकरी पाओ योजना के तहत जलालुद्दीन आज बिहार सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में अपर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के पद पर कार्यरत है।



### डिप्टी मेयर नाजिया हसन को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस लौटी वापस

**दरभंगा(एनएसबी)।** जिले मे 2 दिन पूर्व नीट परीक्षा में धांधली को लेकर हुए उग्र प्रदर्शन में नामजद अभियुक्त दरभंगा नगर निगम की डिप्टी मेयर नाजिया हसन को गिरफ्तार करने विश्वविद्यालय और नगर थाना पुलिस जब तक नगर निगम दरभंगा पहुंची तब तक डिप्टी मेयर वहां से जा चुकी थी। पुलिस को सोशल मीडिया के माध्यम से पता चला कि नगर निगम बोर्ड की बैठक में डिप्टी मेयर नाजिया हसन मौजूद हैं। उसके बाद वरीय पदाधिकारी से मिले दिशा निर्देश के बाद भारी संख्या में पुलिस बल के साथ दो थाना के थाना अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी नगर निगम परिसर पहुंचे। वहां डिप्टी मेयर नहीं मिली जिसके बाद पुलिस को वापस लौटना पड़ा। हालांकि नगर निगम बोर्ड की बैठक में लगभग 2 घंटे तक डिप्टी मेयर मौजूद थी। ज्ञात हो की दरभंगा पुलिस वीडियो एवं फोटो के आधार पर घटना के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी कर रही है। अब तक दर्जनो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। डिप्टी मेयर नाजिया हसन का भी एक वीडियो वायरल हुआ है. जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

### सरकार के 100 दिनों की उपलब्धियों पर आधारित कार्यक्रम का अलीनगर में हुआ सीधा प्रसारण



**अलीनगर(एनएसबी)।** बिहार सरकार के सेवा, संकल्प और समर्पण के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का शनिवार को प्रखंड कार्यालय स्थित विश्वासन रूम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम को प्रखंड के पदाधिकारियों, कर्मियों तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े लोगों ने उत्साहपूर्वक देखा और सुना।कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रसारित राष्ट्रगान के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने खड़े होकर सम्मान प्रकट किया।इस अवसर पर सरकार के 100 दिनों के कार्यों एवं उपलब्धियों पर आधारित टेलीफिल्म का प्रदर्शन किया गया। साथ ही इन उपलब्धियों पर केंद्रित पत्रिका एवं कॉफी टेबल बुक का मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा कार्यक्रम में मौजूद अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया।प्रसारण कार्यक्रम में बीडीओ ललित कुमार मिश्रा, प्रमुख प्रतिनिधि राजीव कुमार यादव, उप प्रमुख प्रतिनिधि मो. कमाल, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद मुस्लिम आजाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष लाल मुखिया, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष राम साफी, प्रखंड स्वच्छता समन्वयक हरेंद्र कुमार, नेटवर्क सपोर्ट कर्मी शंकर कुमार मिश्रा, कार्यपालक सहायक विनय कुमार चौरसिया, सरपंच रामनाथ सहनी, रिजवान आलम, जीविका के बीपीएम राजेश कुमार सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मनीगाछी में लूट कांड का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर किया खुलासा



**मनीगाछी (एनएसबी)।** बीते 24 जुलाई की रात्रि में 10:46 बजे मनीगाछी पुलिस को सूचना मिली थी कि मनीगाछी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चक राजे बलिया बांध के संत मेरी इन्टरनेशनल स्कूल के समीप एक राहगीर बैजनाथ साह पिता स्व रोजेंद्र साह ग्राम राजे लीला बाबू टोल थाना मनीगाछी जिला दरभंगा से एक लाल रंग के कार पर सवार अज्ञात युवकों द्वारा उसका मोबाइल एवं 3 हजार रुपया मारपीट कर बल पूर्वक छीन लिया गया है। जिस सूचना के आशय का तत्काल सनहा दर्ज करते हुए तत्क्षण थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, साथ साध्वी कुमारी, सुनील कुमार मनीष कुमार हरिशंकर कुमार एवं राजेश कुमार सिंह, पुलिस वाहन से सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रस्थान किए। सत्यापनोपरांत उक्त मामला सही पाया गया तथा विभिन्न स्रोतो से आसूचना संकलन करते हुए विभिन्न स्थानों पर छापामारी की गयी। जिस क्रम में घटना में प्रयुक्त गाड़ी कार के संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर कार स्वामी सूरज कुमार पिता रामदयाल यादव उर्फ मुना यादव ग्राम चकराजे थाना मनीगाछी जिला दरभंगा को आवश्यक पूछताछ हेतु थाना लाया गया। उक्त घटना के संबंध में पीड़ित राहगीर बैजनाथ साह पिता स्व राजेंद्र साह ग्राम राजे लीला बाबू टोल थाना मनीगाछी जिला दरभंगा से प्राप्त आवेदन के आधार पर मनीगाछी थाना कांड संख्या 201/26 अंतर्गत अज्ञात अपराधकर्मियों के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। कांड के त्वरित उदभेदन हेतु वरीय पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेनीपुर के नेतृत्व में एस आई टी टीम का गठन किया गया जिस टीम द्वारा त्वरित अनुसंधान करते हुए इस घटना को अंजाम देने वाले कार स्वामी सूरज कुमार पिता रामदयाल यादव उर्फ मुना यादव ग्राम चकराजे थाना मनीगाछी जिला दरभंगा को गिरफ्तार किया गया। जिनके द्वारा उक्त घटना को अपने कार चालक रौशन कुमार यादव पिता रामप्रसाद यादव ग्राम देवहत थाना पंडौल जिला मधुबनी एवं चालक के दोस्त शीतल कुमार यादव के साथ मिलकर कांड करने की बात स्वीकार की गयी तथा इनके लिए गए स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर एवं इनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त किये गए कार को चकराजे स्थित उतम लाल ठाकुर पिता शिवशंकर ठाकुर के मकान के सामने से एवं बादी का लूटा गया एंड्राइड मोबाईल कार चालक रौशन कुमार यादव के घर से बरामद किया गया जिसे विधिवत जप्त किया गया है। शेष अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है।

# नई बिहार सरकार के सफल एवं ऐतिहासिक 100 दिन पूर्ण होने पर दरभंगा प्रेक्षागृह में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**किलकारी के बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं का दिया गया संदेश**

**दरभंगा(एनएसबी)।** मुख्यमंत्री बिहार सम्राट चौधरी जी के नेतृत्व में बिहार सरकार के सफल एवं ऐतिहासिक 100 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज दरभंगा प्रेक्षागृह में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को सांस्कृतिक माध्यमों से आमजन तक पहुँचाना तथा स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना।

कार्यक्रम में किलकारी के बच्चों ने अपनी आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं प्रेरणादायी कविता-पाठ से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों में शिक्षा, संस्कृति, राष्ट्रप्रेम तथा



कार्यक्रम में भाग लेते पदाधिकारी एवं अन्य

सामाजिक जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया,जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा।कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रस्तुति देने वाले किलकारी के बच्चों एवं कलाकारों को उनके उत्साहवर्धन के लिए अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन सलीम अख्तर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी दरभंगा आशीष अमन तथा जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी चंदन कुमार द्वारा मोमेंटो एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# जब सदन के बीच पहुंचे एक वृद्ध ने कहा बीडीओ साहब हम जिंदा हैं

**सिंहवाड़ा मे उठा पेयजल संकट एवं अनियमित विद्युत आपूर्ति का मामला**

**सिंहवाड़ा(एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय के सद्भाव मंडप मे पंचायत समिति की बैठक शनिवार को आयोजित हुई।बैठक की अध्यक्षता प्रमुख पुष्पा झा संचालन कार्यपालक पदाधिकारी सह बीडीओ विक्रम भास्कर ने किया। गहमा-गहमी के बीच हुई बैठक मे सदस्यो ने सवालो की झडी लगा दी। बैठक शुरू होते ही राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के कारण हो हल्ला शुरू हो गया। हंगामा बढ़ता देख बीडीओ एवं सीओ अंकुर राय ने सदस्यों को समझा बूझकर मामला शांत कराया। बैठक में पेयजल संकट एवं और अनियमित विद्युत आपूर्ति का मामला जोर शोर से उठाया गया। पंचायत में





पंस की बैठक में प्रमुख, बीडीओ, सीओ एवं अन्य

अधिकांश खराब पड़े जलनल योजना की व्यवस्था ठीक नहीं करने एवं सरकारी चापाकल खराब रहने के कारण पीएचएचडी के खिलाफ सदस्यों ने आक्रोश व्यक्त किया। सदन के बीच में पहुंचे मिजार्पुर जगनी के वृद्ध देवेंद्र झा ने बीडीओ से हाथ जोड़कर कहा कि बीडीओ साहब हम जिंदा है। जीवन प्रमाण पत्र देने के बावजूद पेंशन बंद कर दिया गया है। पता चला है कि विभाग ने मृत घोषित कर दिया है। बीडीओ ने वृद्ध से कहा कि आपकी समस्या का जल्द निदान होगा। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सदस्यों ने चर्चा की। कटका के पंस सदस्य राजा पासवान ने पंचायत में टीकाकरण, मेडिकल जांच कैंप का आयोजन करने की मांग रखी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा प्रेमचंद प्रसाद ने हेल्थ मैनेजर जमील अहमद को हेल्थ कैंप का आयोजन कराये जाने को लेकर सूची बनाने का निर्देश दिया। सनहपुर के पंस सदस्य इंद्रजीत भगत एवं अन्य सदस्यों ने आंगनबाड़ी केंद्र का मुद्दा उठाया। सिमरी पंसस बैद्यनाथ यादव गुड्डू ने सदन को बताया कि सिमरी के वार्ड छह, नौ और 12 में आंगनबाड़ी सेविका का पद लंबे समय से रिक्त है। भीषण गर्मी में अनियमित बिजली आपूर्ति से उपभोक्ता की परेशानी का मुद्दा सदस्यों ने उठाया। सनहपुर एवं सिंहवाड़ा पावर हाउस में कार्यरत जेई की खोज की गई। हरिहरपुर के मुखिया अजय झा, इंद्रजीत भगत आदि ने मनरेगा के जेई की कार्यशैली के खिलाफ आक्रोश जताया।हरिहरपुर पूर्वी में पशु चिकित्सालय निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाबजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर सदस्यों ने चिंता जताई। बंद पड़ी नल जल योजना के संबंध में पीएचईडी के जेई के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया गया। कटका मुखिया कुमार किसलय ने कहा कि बंद जलनल योजना को भी एई द्वारा चालू बताया जाता है। जिन वार्डो में अतिरिक्त बोरिंग का काम किया गया है वहां भी अबतक जलापूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। सदस्यों ने मांग रखी के प्रखंड की प्रत्येक पंचायत के वार्ड की सूची बनाकर नल जल योजना की वर्तमान स्थिति पर रिपोर्ट बनाई जाए ताकि लोगों को सही आंकड़ा उपलब्ध हो। रामपुरा की पंसस रीता देवी ने बंदरो के आतंक को अवगत कराते हुए इसके निदान की मांग रखी।बैठक में उप प्रमुख साजिद मुजफ्फर, बीएओ विमलेश कुमार मिश्रा, पीओ रमेंद्र कुमार,पूर्व प्रमुख मंजू देवी, नगीना देवी, मुखिया रमेश कुमार, अमृत चौरसिया, पंसस शकील खान, तमन्ना अंसारी, मनोज यादव, पूनम देवी, हसरत परवीन, उषा देवी, शंकर पासवान आदि मौजूद थे।

# दरभंगा से निकला संदेश, सरकार निशुल्क लगाए आयकर रिटर्न फाइलिंग शिविर

**फाइनेंशियल कंसलटेंट आशुतोष कुमार द्विवेदी के द्वारा ऐतिहासिक निशुल्क आइटीआर फाइलिंग शिविर**

**दरभंगा।(एनएसबी)।** पहली बार ऐतिहासिक निःशुल्क आइटीआर फाइलिंग एवं वित्तीय स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन शनिवार को सीएम कॉलेज दरभंगा के



कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि साथ में आशुतोष


सभागार में आयोजित किया गया। फाइनेंशियल कंसलटेंट आशुतोष कुमार द्विवेदी के द्वारा सीएम कॉलेज के वाणिज्य विभाग एवं बीसीए के सहयोग से इसका आयोजन किया गया। शिविर मे लगभग 100 लोगों का निशुल्क इनकम टैक्स रिटर्न फाइलिंग किया गया साथ ही टैक्स सेविंग एंड प्लानिंग के संबंध में विषय विशेषज्ञों ने विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर फाइनेंशियल कंसलटेंट आशुतोष कुमार द्विवेदी ने बताया की कुछ वर्ष पूर्व मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर यह अनुरोध किया था कि अगर इनकम टैक्स रिटर्न फाइलिंग की सुविधा देश भर मे निशुल्क उपलब्ध कराया जाए तो इससे इनकम टैक्स रिटर्न भरने वाले लोगों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी इनकम टैक्स रिटर्न भरने की इच्छा लोगों में बढ़ेगी। रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। आयकर दिवस के उपलक्ष में मैंने इसकी शुरूआत दरभंगा से किया है। जहां 100 से अधिक लोगों को निशुल्क इनकम टैक्स रिटर्न फाइलिंग करवाई गई है। अगर सरकार एवं अन्य कंसल्टेंसी भी निशुल्क सेवा उपलब्ध कराए तो निश्चित रूप से देश में इनकम टैक्स रिटर्न भरने वालों की संख्या में एक बड़ा इजाफा दर्ज होगा। इस मौके पर उपस्थित अतिथियों ने फाइनेंशियल कंसलटेंट आशुतोष कुमार द्विवेदी के इस पहल की सराहना की और कहा की राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी निशुल्क सुविधा मिलने पर निश्चित रूप से सरकार अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ेगी। सीएम कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. मुस्ताक अहमद ने कहा कि हमें अधिकार के साथ-साथ कर्तव्य भी करना चाहिए। जो भी लोग इनकम टैक्स के दायरे में आते हैं उन्हें निश्चित रूप से इनकम टैक्स फाइल करना चाहिए। वहीं चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष पवन कुमार सुरेका ने कहा कि इनकम टैक्स रिटर्न भरने का निशुल्क आयोजन निजी स्तर पर पहली बार दरभंगा में आयोजित हुआ है। इनकम टैक्स रिटर्न भरने के अनेकों फायदे भी होते हैं। डायरेक्ट ओर इनडायरेक्ट दोनों रूप से हम लोग टैक्स देकर अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। वहीं प्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंट अशोक प्रसाद ने कहा कि वर्ष 2026 से टैक्स रिटर्न भरने में बहुत कुछ बदलाव हुआ है। पहले टैक्स एसेसमेंट ईयर होता था लेकिन सरकार ने बीते 1 अप्रैल से इसे टैक्स ईयर कर दिया है। सरकार ने सैलरी प्राप्त करने वालों के लिए जुलाई और अन्य के लिए अगस्त तक टैक्स रिटर्न भरने की तिथि निर्धारित की है। वहीं सी एम कॉलेज वाणिज्य विभाग के हेड डॉ. ललित शर्मा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में टैक्स पेयर्स की भूमिका अहम होती है। जो भी व्यक्ति आयकर के दायरे में आते हैं उन्हें आयकर रिटर्न भरना कानूनन जिम्मेवारी है। देश मे करीब 9 करोड लोग डायरेक्ट रूप से इनकम टैक्स रिटर्न भरते हैं जिससे सरकार को तैस हजार करोड रुपए प्राप्त होता है। यह राशि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाती है। इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत मिथिला परंपरा से चादर, पाग और मोमेंटो प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन दीपक कुमार ने की। इस मौके पर टैक्स कंसल्टेंट, चार्टड अकाउंटेंट, वकील के साथ ही कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयकर रिटर्न भरने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

# मिल्लत कॉलेज के शिक्षकों ने दो दिनों तक काली पट्टी लगा कर किया सांकेतिक प्रदर्शन

**दरभंगा(एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के आह्वान पर बिहार सरकार द्वारा प्रस्तावित 'उच्च शिक्षा विधेयक 2026' के विरोध में मिल्लत कॉलेज के शिक्षकों ने 23 एवं 24 जुलाई, 2026 को काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। इस दौरान सभी शिक्षकों ने अपने शैक्षणिक कार्यो के साथ-साथ विश्वविद्यालय द्वारा सेमेस्टर दो की परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से किया। मिल्लत कॉलेज शिक्षक संघ के सचिव डॉ. जमशेद आलम ने कहा कि बिहार सरकार विश्वविद्यालय से महाविद्यालयों की संबद्धता को समाप्त कर उनकी स्वायत्तता पर प्रहार करना चाहती है। कॉलेज शिक्षकों का प्रमोशन नहीं चाहती तथा यूजीसी के नियमों के विरुद्ध यह विधेयक लाना चाहती है। मिल्लत कॉलेज परिवार इसका पुरजोर विरोध करता है तथा यह मांग करता है कि इस प्रकार का शिक्षकों में असमानता पैदा करने वाली विधेयक को वापस लिया जाए। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. मुस्तफा कमाल अंसारी, उपाध्यक्ष डॉ. सियाराम प्रसाद चौरसिया, कोषाध्यक्ष डॉ. सुनीता झा, डॉ. अब्दुर राफे, डॉ. कीर्ति चौरसिया, डॉ. सोनी शर्मा, डॉ. मुदस्सिर हसन भट्ट, डॉ. मुन्ना साह, डॉ. शाहनवाज आलम, डॉ. जिलानी, डॉ. अमृता प्रियदर्शिनी, डॉ. संजील, डॉ. सुभाष कुमार, डॉ. विजय शंकर पंडित, डॉ. जावेद अख्तर, डॉ. वीरेंद्र कुमार मिश्रा, डॉ. निशा कुमारी, सुश्री बासरा बरकाब, डॉ. पूजा कुमारी मौजूद थे।

# कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी के निर्देश पर छात्रहित में एआई- सहायित फॉरेंसिक एवं साइबर कौशल विकास पाठ्यक्रम की आवेदन- तिथि विस्तारित

**दरभंगा(एनएसबी)।** युवाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता फॉरेंसिक विज्ञान एवं साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में रोजगारोन्मुखी एवं आधुनिक कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा द्वारा "एआई-सहायित फॉरेंसिक एवं साइबर कौशल विकास" नामक एक वर्षीय प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के नोडल विभाग, स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग के माध्यम से किया जाएगा।कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप तैयार किया गया यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल फॉरेंसिक के क्षेत्र में उद्योगोन्मुखी ज्ञान एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को और सुदृढ़ करेगी तथा विद्यार्थियों को नैतिक, कुशल एवं उत्तरदायी पेशेवर के रूप में विकसित कर भारत के डिजिटल भविष्य में सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित करेगी।कुलपति ने छात्रहित को सर्वोच्च



कुलपति संजय कुमार चौधरी एवं अन्य

प्राथमिकता देते हुए अधिकाधिक विद्यार्थियों को आवेदन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से "एआई- सहायित फॉरेंसिक एवं साइबर कौशल विकास" एक वर्षीय प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 24 जुलाई से बढ़ाकर 30 जुलाई, 2026 करने का निर्देश दिया है। विश्वविद्यालय भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो नौशाद आलम ने कहा कि "मैं सभी पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आग्रह करता हूँ कि वे इस अतिरिक्त अवसर का लाभ उठाते हुए समय रहते आवेदन करें और भविष्य की उभरती प्रौद्योगिकियों पर आधारित इस अभिनव पाठ्यक्रम का हिस्सा बने। प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया के लिए अभ्यर्थी नोडल विभाग, स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा से संपर्क कर सकते हैं।ह्वपाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता वरिष्ठ माध्यमिक (10+2/इंटरमीडिएट) उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी इस पाठ्यक्रम में आवेदन करने के पात्र हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय भौतिकी विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो अरुण कुमार सिंह ने कहा कि "कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित फॉरेंसिक विज्ञान और कौशल विकास का यह पाठ्यक्रम, जिसका एक वर्षीय प्रमाण पत्र कोर्स विश्वविद्यालय भौतिकी विभाग में इस सत्र से संचालित है। इस नई शुरूआत से नामांकित छात्र निश्चित रूप से लाभान्वित होंगे और अपने कौशल का विकास कर स्वरोजगार तथा अन्य क्षेत्रों में भी अपनी उपस्थिति का एहसास कराएंगे। यह कोर्स भविष्य में विश्वविद्यालय के लिए मील का पत्थर साबित होगा।"

कार्यक्रम की नोडल पदाधिकारी डॉ पूजा अग्रवाल ने कहा कि आज जब साइबर अपराध और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी समाज के समक्ष गंभीर चुनौती बनकर उभर रहे हैं, तब फॉरेंसिक विज्ञान एवं साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में प्रशिक्षित विशेषज्ञों की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित फॉरेंसिक तकनीकों, साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल जांच के आधुनिक कौशल से सुसज्जित करेगा, जिससे वे न केवल उत्कृष्ट करियर के अवसर प्राप्त कर सकेंगे, बल्कि राष्ट्र की डिजिटल सुरक्षा एवं साइबर अपराध नियंत्रण में भी सार्थक योगदान देने के लिए सक्षम बनेंगे।फॉरेंसिक एवं साइबर कौशल विकास पाठ्यक्रम की सह-समन्वयक डॉ पारुल बनर्जी ने कहा कि मुझे ह्यएआई-सहायित फॉरेंसिक एवं साइबर कौशल विकासह्व पाठ्यक्रम की सफलता को लेकर पूरा विश्वास है और मुझे उम्मीद है कि यह पाठ्यक्रम अत्यंत सफल होगा। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को फॉरेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में आवश्यक कौशल प्राप्त करने की दिशा में एक मजबूत आधार और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेगा। पाठ्यक्रम की सह-समन्वयक डॉ मोनी शर्मा ने कहा कि मैं सभी विद्यार्थियों को इस पाठ्यक्रम में नामांकन लेकर एक सफल और उज्ज्वल करियर की दिशा में पहला कदम बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करती हूँ। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थी प्रौद्योगिकी की सहायता से जटिल वैश्विक चुनौतियों का समाधान करना सीखेंगे। यह पाठ्यक्रम उन्हें व्यावहारिक कौशल, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित फॉरेंसिक तकनीकों तथा उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप ज्ञान प्रदान करेगा, जिससे वे शोध एवं फॉरेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट अवसरों के लिए तैयार हो सकेंगे।

# नई सरकार के गठन के 100 दिनों की उपलब्धियों पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का समस्तीपुर में हुआ सीधा प्रसारण, 12 भूमिहीन परिवारों को मिला बासगीत पर्चा

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** नई सरकार के गठन के 100 दिनों के पूर्ण होने के पर मुख्यमंत्री बिहार सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का शनिवार को समाहरणालय सभागार, समस्तीपुर सहित जिले के सभी प्रखंड, अंचल एवं पंचायत स्तर पर सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा विगत 100 दिनों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई। इसी क्रम में समाहरणालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक अश्वमेघ देवी, जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा, उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष दुर्गेश राय एवं उपेंद्र कुमार कुशवाहा सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी,



पर्चा देते पदाधिकारी व अन्य

जनप्रतिनिधिगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत जिलाधिकारी श्री रोशन कुशवाहा तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं वरीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों, पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सम्मानित सभी लोगों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी कार्यनिष्ठा एवं समर्पण अन्य कर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत है तथा बेहतर कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने में ऐसे सम्मान महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इसके अतिरिक्त श्री कुशवाहा ने सामाजिक न्याय एवं समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बसेरा 2 के तहत 12 भूमिहीन परिवारों को बासगीत पर्चा का वितरण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि भूमिहीन परिवारों को भूमि संबंधी अधिकार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, जिससे वे सम्मानपूर्वक एवं सुरक्षित जीवन व्यतीत कर सकें।

उधर, जिले के सभी प्रखंडों, अंचलों एवं पंचायतों में भी कार्यक्रम का सफलतापूर्वक सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कर्मियों के अलावा बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद थे। राष्ट्र निर्माण एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा छात्रों के संघर्ष और लोकतंत्र की जीत : अबू तनवीर

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक अबू तनवीर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को देशभर के छात्रों के संघर्ष, एकजुटता और लोकतांत्रिक आवाज की जीत बताया है।उन्होंने कहा कि लंबे समय से छात्र पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था में अव्यवस्था और युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ आंदोलन कर रहे थे। छात्रों की आवाज को दबाने के लिए कई जगह लाठीचार्ज, गिरफ्तारियां और दमनात्मक कार्रवाई भी की गई, लेकिन छात्रों ने अपने हौसले को कमजोर नहीं होने दिया। अंततः सरकार को जवाबदेही स्वीकार करनी पड़ी।अबू तनवीर ने कहा कि यह केवल एक मंत्री का इस्तीफा नहीं, बल्कि उन लाखों छात्रों की जीत है जिन्होंने अपने अधिकारों और बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि अब सरकार की जिम्मेदारी है कि पेपर लीक की घटनाओं पर कठोर कार्रवाई करे, दोषियों को कड़ी सजा दिलाए और ऐसी पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करे जिससे युवाओं का भविष्य सुरक्षित रहे।उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस छात्रों और युवाओं के अधिकारों की लड़ाई आगे भी पूरी मजबूती से लड़ती रहेगी तथा शिक्षा और रोजगार के मुद्दों पर सरकार को लगातार जवाबदेह बनाती रहेगी।

### शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर जिला कांग्रेस कमिटी (शहरी) ने निकाला विजय जुलूस

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** पेपर लीक कांड में आखिरकार छात्रों का संघर्ष निर्णायक रहा और शिक्षामंत्री शनिवार को इस्तीफा दे ही दिया। इस उपलक्ष्य में जिला कांग्रेस कमिटी, समस्तीपुर (शहरी) की जिलाध्यक्ष अनिता राम के नेतृत्व में विजय जुलूस निकाला गया।



यह जुलूस जिला कांग्रेस कार्यालय (काशीपुर आवास सह कार्यालय) से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए डॉ बाबा साहब भीमराव के प्रतिमा पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रीमती राम ने कहा कि छात्रों, युवाओं एवं अभिभावकों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। लगातार उठे जनदबाव, छात्र-युवा आंदोलनों और कांग्रेस पार्टी के संघर्ष के परिणामस्वरूप शिक्षा मंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। यह लोकतंत्र की जीत है तथा भारत के छात्रों एवं युवाओं के संघर्ष की सफलता का प्रतीक है। शिक्षा जगत में बहुत बड़ी बदलाव की जीत है।इस दौरान बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव -सह प्रवक्ता एखलाकुर रहमान सिद्दीकी ने कहा कि जंतर मंतर पर छात्रों पर हुए कांग्रेस पार्टी शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए आगे भी संघर्ष करती रहेगी। विद्यार्थियों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी तथा शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार और छात्रों एवं युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। मौके पर भूपनेश्वर राम, डोमन राय, सनातन कुमार, शिवराम ठाकुर, आदि उपस्थित थे।

### जनता दरबार में पहुंचे 11 भूमि विवाद के मामले, एक का हुआ निष्पादन

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** भूमि संबंधी विवादों के त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान के उद्देश्य से शनिवार को विद्यापतिनगर अंचल कार्यालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में अंचल अधिकारी अरुण कुमार शर्मा एवं एएसआई तरुण कुमार की संयुक्त उपस्थिति में भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान दोनों पदाधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित



पक्षों से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर मामलों के समाधान की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए। जनता दरबार में विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र से कुल 8 मामले तथा घटहो थाना क्षेत्र से 3 मामले प्रस्तुत किए गए। इनमें से 9 मामले का मौके पर ही निष्पादन कर संबंधित पक्षों को राहत प्रदान की गई, जबकि शेष मामलों में आवश्यक अभिलेखों एवं साक्ष्यों की जांच के बाद अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की गई। संबंधित पक्षों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ अगली तिथि पर उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। अंचल अधिकारी अरुण कुमार शर्मा ने कहा कि भूमि विवादों का समयबद्ध एवं पारदर्शी निष्पादन सरकार की प्राथमिकता है। जनता दरबार के माध्यम से लोगों को न्याय दिलाने और आपसी विवादों का शांतिपूर्ण समाधान कराने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि भूमि संबंधी किसी भी विवाद में कानून का पालन करें तथा न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग करें। जनता दरबार के दौरान राजस्व कर्मचारी वीरेंद्र कुमार तथा दोनों थाना क्षेत्रों से आए दर्जनों फरियादी उपस्थित रहे।

### अयान स्टूडेंट आफ द मंथ एवं हलीमा खातून बनी पैरेंट आफ द मंथ, अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी संपन्न

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत सोठगामा पंचायत स्थित राजकीय प्राथमिक मकतब कबई नयाटोल में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी प्रधान शिक्षक मो० मेराज की अध्यक्षता में आयोजित हुई। संचालन विद्यालय की वरीय शिक्षिका नकहत सबा ने किया। "समावेशी शिक्षा- हमारा हर बच्चा महत्वपूर्ण" थीम से आयोजित की गई । संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रधान शिक्षक मो० मेराज ने कहा- प्रत्येक बच्चा अपनी क्षमता, रूचि एवं सीखने की गति के अनुसार विशिष्ट है तथा सभी बच्चों -विशेष आवश्यकता वाले बच्चों सहित, को समान अवसर, सहयोग एवं सीखने का अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दौरान वर्ग पांच के अयान राजा को नियमित उपस्थिति, अनुशासन, साफ-सफाई एवं बेहतर व्यवहार को देखते हुए 'स्टूडेंट आफ द मंथ' चुना गया वहीं बेहतर पालन-पोषण, देखभाल, पढ़ाई में सहयोग देने हेतु हलीमा खातून को 'पैरेंट आफ द मंथ' चुना गया। शिक्षकों ने कहा कि बच्चों को नियमित रूप से, साफ-सुथरा ड्रेस में प्रतिदिन विद्यालय भेजें।मौके पर नकहत सबा, अरविंद कुमार, सुषमा कुमारी, मृत्युंजय कुमार, मंजूर आलम, सुमैया अहमदी, मो० इकराम हुसैन, विजय कुमार, असगरी खातुन, मनोज कुमार एवं बहुत सारे अभिभावकगण मौजूद थे।




### फेक न्यूज पर सख्ती, मीडिया मॉनिटरिंग सह-प्रबंधन कोषांग का गठन,

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिला प्रशासन ने सोशल मीडिया और अन्य संचार माध्यमों पर प्रसारित हो रही खबरों की निगरानी को लेकर बड़ा कदम उठाया है। समाहरणालय, समस्तीपुर द्वारा जारी आदेश के तहत जिला स्तर पर ह्लमीडिया मॉनिटरिंग सह- मीडिया प्रबंधन कोषांगह्व का गठन किया गया है। यह निर्णय मुख्य सचिव, बिहार के निर्देश के आलोक में लिया गया है।जारी आदेश के अनुसार, इस कोषांग का उद्देश्य विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म—सोशल मीडिया, डिजिटल मीडिया, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया—पर प्रसारित सरकारी योजनाओं, सूचनाओं और जनप्रतिक्रियाओं की निगरानी करना है। साथ ही, भ्रामक एवं तथ्यहीन खबरों की समयबद्ध जांच और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करना भी इसकी जिम्मेदारी होगी। कोषांग में उप विकास आयुक्त, समस्तीपुर -अध्यक्ष, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), पुलिस उपाधीक्षक (साइबर), एवं वरिष्ठ उप समाहर्ता - सदस्य होंगे। जबकि, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी -नोडल पदाधिकारी होंगे।

**मुख्य कार्य एवं दायित्व:**

- कोषांग विभिन्न विभागों की योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार, मीडिया समन्वय, समाचार संकलन और प्रेस विज्ञप्तियों के प्रबंधन का कार्य करेगा। इसके अलावा, जिले में प्रसारित खबरों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी।

## बसेरा-2 योजना के तहत 14 भूमिहीन परिवारों को मिला बंदोबस्ती पर्चा

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी बसेरा-2 योजना के तहत शनिवार को विद्यापतिनगर प्रखंड के 14 भूमिहीन परिवारों के बीच बंदोबस्ती पर्चा का वितरण किया गया। अंचल कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अंचल अधिकारी कुमार हर्ष व राजस्व अधिकारी अरुण कुमार शर्मा ने लाभुकों को पर्चा सौंपते हुए कहा कि, बसेरा-2 योजना समाज के कमजोर एवं भूमिहीन वर्गों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। सरकार का उद्देश्य प्रत्येक भूमिहीन परिवार को आवास के लिए भूमि उपलब्ध कराना है। ताकि उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि, इस योजना के माध्यम से पात्र परिवारों को भूमि का कानूनी अधिकार प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने लाभार्थियों से प्राप्त भूमि का सदुपयोग करने तथा सरकारी नियमों का पालन करने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान 14 चयनित भूमिहीन परिवारों को बंदोबस्ती पर्चा प्रदान किया गया। वहीं आरओ श्री शर्मा ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में पात्र भूमिहीन परिवारों की पहचान कर उन्हें योजना से जोड़ने की प्रक्रिया लगातार जारी है। इसके लिए राजस्व कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। मौके पर अंचल कार्यालय के प्रधान लिपिक, कर्मी, राजस्व कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा लाभार्थियों के परिजन उपस्थित रहे।



लाभुक को पर्चा सौंपते पदाधिकारी।

## पुण्यतिथि पर सिद्दत से याद किए गए प्रिंस ऑफ पार्लियामेंट

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के गौरव प्रिंस ऑफ पार्लियामेंट कहे जाने वाले स्वतंत्रता सेनानी सह पुर्व केन्द्रीय मंत्री एवं राज्यपाल स्मृति शेष सत्यनारायण सिंह की पुण्य तिथी शहर के नगर भवन में समारोह पूर्वक मनायी गयी। लोजपा (आर) जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार उर्फ हीरा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय सत्यनारायण सिंह के कीर्तित्व एंव व्यक्तित्व को याद कर उन्हें सादर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पूर्व उपस्थित गणमान्य लोगों ने नगर भवन परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। समारोह को संबोधित करते हुए श्री हीरा ने कहा कि स्वर्गीय सिन्हा भारत के एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ और पूर्व केंद्रीय मंत्री थे। वे देश के तत्कालीन राजनीति में एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। उन्हें लोग प्रिंस ऑफ पार्लियामेंट कहते थे। जिले के 'शम्भूपट्टी' गांव से दिल्ली की राजनीति में मजबूत पकड़ रखने वाले सत्यनारायण बाबू आजादी के बाद, बिहार से भारत की संविधान सभा के सदस्य चुने गए। जिसने हमारे देश के संविधान का निर्माण किया। उन्होंने केंद्र सरकार में संसदीय कार्य मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, स्वास्थ्य, परिवार नियोजन तथा संचार मंत्री जैसे कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों का कार्यभार संभाला। लोजपा रा अध्यक्ष ने कहा कि, सक्रिय राजनीति से सेवानिवृत्ति के बाद, उन्होंने मध्य प्रदेश के राज्यपाल के रूप में भी देश की सेवा की। इतना ही नहीं वर्तमान समस्तीपुर की रूपरेखा भी उन्होंने तय कर दी थी। समस्तीपुर मे अपने कार्यकाल मे विकास के अनेको ऐतिहासिक कार्य किये। मौके पर जिला प्रधान महासचिव राजकिशोर हजारी, जिला मिडिया प्रभारी श्याम पासवान, जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह, जिला महासचिव रीना सहनी, व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जय किशोर पोद्दार, लोजपा नेता नीरज भारद्वाज, नगर अध्यक्ष सुधांशु चौधरी, यश राज जदयू नेता बनारसी ठाकुर, भाजपा जिला प्रवक्ता कृष्ण गोपाल शर्मा, मनोज पासवान आदि मौजूद थे।



माल्यार्पण करते लोजपा रा जिलाध्यक्ष।

## सुमन हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** पुलिस की विशेष जांच टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वैनी थाना क्षेत्र में हुई छात्रा हत्याकांड के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी पर ₹25,000 का इनाम घोषित था। इस बाबत संवाददाताओं को जानकारी देते हुए आरक्षी अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि, 20 जुलाई 2026 की सुबह करीब 9 बजे वैनी थाना क्षेत्र के कैजिया विष्णुपुर गांव के पास स्कूल जा रही छात्रा सुमन कुमारी पिता झ्र उमेश ठाकुर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतका के पिता के आवेदन पर वैनी थाना कांड संख्या 93/2026 के तहत मामला दर्ज किया गया था। श्री सिंह ने बताया कि, घटना की गंभीरता को देखते हुए सदर-1 अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी एवं मानवीय सूचनाओं के आधार पर छापेमारी करते हुए नामजद आरोपी बबलू कुमार पिता झ्र लालबाबू साह, निवासी झ्र चंदौली वार्ड संख्या 13, थाना वैनी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि वह मृतका से प्रेम करता था और उस पर शादी का दबाव बना रहा था। मृतका द्वारा शादी से इनकार करने पर उसने इस घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद आरोपी मोबाइल घर पर छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, एक मोबाइल फोन, घटनास्थल से 4 खोखा और मृतका के शव से 2 पिलेट बरामद किए। हत्या में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी के लिए प्रयास जारी है। पुलिस कप्तान ने इस मामले में सहयोग करने और जानकारी देने वाले लोगों तथा कार्रवाई में शामिल पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत करने की बात कही। साथ ही पुलिस ने आश्वासन दिया है कि आरोपी को शीघ्र सजा दिलाकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाएगा।



संवाददाताओं से बात करते एसपी व अन्य

## निर्वाचन साक्षरता क्लब महिला कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में जिले में सभी निर्वाचन साक्षरता क्लब में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस क्रम में आज महिला कॉलेज, समस्तीपुर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया ।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने उपस्थित छात्राओं को निर्वाचन के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया उन्होने कहा कि निर्वाचक सूची में 17 वर्ष की आयु में भी नाम जोड़ने का आवेदन दिया जा सकता है। 18 वर्ष पूरे होने पर आपका नाम निर्वाचक सूची में दर्ज हो जाएगा।इस अवसर पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 133 समस्तीपुर-सह-उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस विधान सभा में सभी बी०एल०ओ० कार्यरत है किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है। उप निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन साक्षरता क्लब के कार्यों एवं उसके उद्देश्यों को विस्तारपूर्वक बताया। मंच का संचालन अवर निर्वाचन पदाधिकारी, दलसिंहसराय, रवि रंजन कुमार ने की। इससे पूर्व जिला पदाधिकारी/उप विकास आयुक्त एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी का स्वागत एवं सम्मान प्राचार्य महिला कॉलेज द्वारा पुष्पगुच्छ, पौधा एवं शॉल देकर किया गया। निर्वाचन साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम के तहत छात्राओं के बीच "क्विज प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 35 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें सभी विजेताओं को उप विकास आयुक्त सुर्य प्रताप सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित एवं उत्साहवर्द्धन किया गया ।




कार्यक्रम में शामिल डीएम व अन्य

## निर्वाचन साक्षरता क्लब का उद्घाटन, मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का लिया संकल्प

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय), राजकीयकृत विद्यापति प्लस टू उच्च विद्यालय, मऊ-बाजिदपुर (दक्षिण) के प्रांगण में शनिवार को निर्वाचन साक्षरता क्लब का विधिवत उद्घाटन किया गया। प्राचार्य अमित भूषण की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम का शिक्षक राजीव कुमार ने संचालन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने लोकतंत्र की मजबूती में मतदाता जागरूकता की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी महताब अंसारी ने कहा कि, लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदान करना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं मतदान के महत्व को समझें और अपने परिवार तथा समाज के लोगों को भी निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान के लिए प्रेरित करें। वहीं विशिष्ट अतिथि सीओ कुमार हर्ष, राजस्व पदाधिकारी अरुण कुमार शर्मा, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. प्रभात रंजन तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित भूषण ने निर्वाचन साक्षरता क्लब के उद्देश्य एवं महत्व पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि युवा वर्ग लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और विद्यालय स्तर से ही निर्वाचन संबंधी जागरूकता विकसित करना समय की आवश्यकता है। उक्त कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगोली, पेंटिंग, निबंध, क्विज, वादझ्रविवाद आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जिसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्रझ्रछात्राओं को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि निर्वाचन साक्षरता क्लब की स्थापना 21 जुलाई 2026 को की गई थी। इस क्लब में विद्यालय के प्रधानाचार्य, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं सदस्य हैं। यह क्लब केवल इंटर स्तरीय उच्च विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में गठित किया गया है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना, मतदाता अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी देना तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करना है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शत-प्रतिशत मतदान के प्रति जनजागरण चलाने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए इस पहल को लोकतांत्रिक चेतना की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर कुमार रंजन, दिनेश कुमार दास सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




पेंटिंग दिखाती छात्रा।

## संक्षिप्त खबरें

### लदनिया में जीविका दीदियों ने सुनी मुख्यमंत्री का संबोधनः डा० धनंजय कुमार

**लदनियाः (एनएसबी)।** लदनिया के प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में सैकड़ो जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री के सेवा, संकल्प और समर्पण के सौ दिन पूरे होने के उपलक्ष में उनका संबोधन सुनी। प्रखंड विकास पदाधिकारी लदनिया सतीश कुमार की अध्यक्षता में तथा प्रखंड परियोजना प्रबंधन डॉ० धनंजय कुमार के नेतृत्व में जीविका दीदियों ने उक्त कार्यक्रम में भाग ली। मुख्यमंत्री द्वारा जीविका के बारे में किए गए संबोधन को लेकर जीविका दीदियों में काफी उत्साह देखा गया। उन्होंने मुख्यमंत्री को साधुवाद दिया है। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश कुमार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक डॉ० धनंजय कुमार, क्लस्टर फैसिलिटेटर शिव कुमार, बुक कीपर हरिओम साह, जीविका मित्र किरण कुमारी एवं मंजू कुमारी, जीविका दीदी आशा देवी, कंचन देवी, ज्योति देवी, वेवी गुप्ता, सोनी कुमारी, बबीता देवी, सावित्री देवी, सीता देवी, नीरू मिश्रा, बबीता देवी, विभा देवी, ममता देवी, हजारी देवी, अमृता देवी, चंदा कुमारी सहित सैकड़ों जीविका दीदी उपस्थित थी।



### गणेश पूजा समिति सदस्यों की हुई बैठक

**खजौली (एनएसबी)।** खजौली बाजार स्थित गणेश मंदिर परिसर में गणेश पूजनोत्सव एवं मेला आयोजन को लेकर शुक्रवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रामकुमार सिंह एवं संचालन भोला सिंह ने की। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की आगामी 15 सितंबर को भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ गणेश पूजनोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। इस दौरान सर्वसमिति से पुराने कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। जहां अध्यक्ष रामकुमार सिंह, उपाध्यक्ष उमेश कुमार सिंह, सचिव भोला कुमार सिंह, उप सचिव जयप्रकाश सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह उर्फ बाबा, मेला प्रभारी महेश्वर प्रसाद सिंह, विनोद पासवान, व्यवस्थापक झोली साफी को मनोनीत किया गया। वहीं रामकुमार सिंह ने बताया कि आगामी 15 से 20 सितंबर तक आयोजित होने वाले छह दिवसीय गणेश पूजनोत्सव की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस मौके मुरारी चौधरी, धर्मेंद्र कुमार सिंह, रमेश सिंह, रमेश चौधरी, भरत साफी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



### बाबा विश्वनाथ महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर को 501 कन्याओं द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली

**खजौली (एनएसबी)।** प्रखंड के स्थानीय बेला कोठी गांव स्थित बाबा विश्वनाथ महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को 501 कन्याओं द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ समाजसेवी संतोष झा, राजद नेता अरुण कुशवाहा, मुखिया अर्जुन सिंह द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। कलश यात्री कन्हौली गांव स्थित कमला नदी से जल भरकर गांव का परिक्रमा करते हुए मंदिर परिसर पहुंचा। जहां आचार्य हृदयनाथ शास्त्री ने मंत्र उच्चारण के साथ विधिवत कलश स्थापित करवाया। वहीं पुजारी सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि 29 जुलाई को बेला कोठी गांव स्थित विश्वनाथ महादेव मंदिर में बाबा विश्वनाथ की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसको ले आगामी एक अगस्त 26 तक यहां शिव पुराण कथा का आयोजन होगा। इस मौके पर रविंद्र सिंह, श्याम लाल सिंह, वरुण कुमार सिंह, महेंद्र चौधरी, नरेश कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



### पक्षों ने एक-दूसरे के विरुद्ध थाना में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई

फुलपरास(एनएसबी)।थाना क्षेत्र के धर्मडीहा एवं खोपा गांव से जुड़े एक मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के विरुद्ध थाना में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।पहले पक्ष के धर्मडीहा निवासी नारायण कामत ने प्राथमिकी दर्ज कराए आवेदन में आरोप लगाया है कि उनका 27 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार 20 जुलाई की रात खोपा चौक स्थित होटल से मांस लाने गया था, लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। उन्होंने आरोप लगाया है कि अगले दिन जानकारी मिली कि खोपा निवासी कुछ लोगों ने उनके पुत्र का अपहरण कर लिया है। जब वे परिजनों के साथ आरोपितों के घर पहुंचे तो उनके साथ गाली-गलौज की गई तथा मारपीट करने की कोशिश की गई। आवेदन में यह भी आशंका जताई गई है कि उनके पुत्र की हत्या कर शव को गायब कर दिया गया है।वहीं, दूसरे पक्ष की खोपा निवासी उषा देवी ने दर्ज कराए आवेदन में आरोप लगाया है कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री को धर्मडीहा निवासी सौरभ कामत शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया। आवेदन के अनुसार ग्रामीणों ने दोनों को संदिग्ध अवस्था में पकड़ लिया था। बाद में मौका पाकर युवक वहां से फरार हो गया। उषा देवी ने यह भी आरोप लगाया है कि जब वे शिकायत लेकर आरोपित के घर गईं तो वहां मौजूद लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज,मारपीट तथा जान से मारने की धमकी दी।थानाध्यक्ष विक्रम आचार्य ने बताया कि दोनों पक्षों के आवेदन के आधार पर अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस सभी आरोपों की गंभीरता से जांच कर रही है तथा जांच के बाद आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### ताजपुर में देखा गया 'सेवा, संकल्प, समर्पण'कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

**ताजपुर (एनएसबी)।** राज्य सरकार के 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में "सेवा, संकल्प, समर्पण" कार्यक्रम का लाइव प्रसारण पूरे बिहार के साथ-साथ ताजपुर प्रखंड के सभागार में भी देखा और सुना गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने प्रदेश के सभी विकास कार्यों की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय गृह मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार चहुं ओर विकास कर रही है और इसे निरंतर जारी रखा जाएगा। पेंडिंग कार्यों के त्वरित निष्पादन के लिए "सहयोग शिविर" की पहल की गई। 100 दिनों की प्रमुख उपलब्धियां: - पुनौरा धाम का विकास , 211 नए डिग्री कॉलेज का शिलान्यास/उद्घाटन , सहयोग शिविर के माध्यम से जन समस्याओं का समाधान, हेली टूरिज्म एवं टूरिज्म सेवा की शुरूआत, हर प्रखंड में आदर्श विद्यालय ,12 सैटलाइट टाउनशिप एवं 11 औद्योगिक पार्क , एआई आधारित स्मार्ट गवर्नेंस , ₹11,464 करोड़ की लागत से 2476 योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया है।उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं विजेंद्र प्रसाद यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए "समृद्ध बिहार" के विजन पर विस्तार से चर्चा की।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री रवि भूषण, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष डॉ. कुमार समर्पण, उपाध्यक्ष दिलीप सिंह, बीस सूत्री सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि ताजपुर सुशील चौबे, प्रमुख पूनम देवी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अंचल कार्यालय में लगा जनता दरबार

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** भूमि विवाद से संबंधित समस्याओं को लेकर आज शनिवार को अंचल कार्यालय पर जनता दरबार आयोजित की गयी जनता दरबार में दलसिंहसराय थाना क्षेत्र पुराने पांच एवं तीन नया मामले आये बिवाद से जुड़े कुल आठ मामले में दो मामले की सुनवाई की गयी जमीन संबंधी दस्तावेजों की गहन छानबीन के बाद आपसी समन्वय के आधार पर दो मामले का निष्पादन किया गया जनता दरबार में अंचलाधिकारी मो जमशेद, कार्यालय सहायक राम कुमार कर्ण,पुलिस पदाधिकारी मनीष कुमार के अलावे भूमि बिवाद से जुड़े लोग मौजूद थे इसके अलावे घटहो थाना क्षेत्र के पूर्व से तीन एवं नया एक समेत कुल चार मामले में दो मामले निष्पादित किया गया शेष सभी मामलों में अगली तिथि निर्धारित की गयी।

# उच्चैठ भगवती स्थान को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में पहल तेज, डीपीआर की शीघ्र स्वीकृति की मांग : घनश्याम ठाकुर

बिहार विधान परिषद के सदस्य घनश्याम ठाकुर ने पर्यटन विभाग, बिहार सरकार से मधुबनी जिले के बेनीपट्टी प्रखंड स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के मां उच्चैठ भगवती स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु तैयार विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन की शीघ्र प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति देने की मांग की है। पर्यटन विभाग को भेजे गए पत्र में एमएलसी घनश्याम ठाकुर ने कहा है कि पूर्व में उनके अनुरोध पर पर्यटन विभाग ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए माधव भारद्वाज कंसल्टेंट के माध्यम से डीपीआर तैयार कराया है और इसे स्वीकृति के लिए विभाग के समक्ष प्रस्तुत भी कर दिया गया है। अब जनहित एवं क्षेत्रहित को देखते हुए इस परियोजना को जल्द मंजूरी देकर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए। पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि मां उग्रतारा भगवती स्थान मिथिला की आस्था, संस्कृति और धार्मिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है, जहां बिहार सहित देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। यदि इस परियोजना को शीघ्र स्वीकृति देकर क्रियान्वित किया जाता है तो धार्मिक पर्यटन को नई पहचान मिलेगी, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। एमएलसी घनश्याम ठाकुर ने पर्यटन विभाग से आग्रह किया है कि डीपीआर को शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर मां उग्रतारा स्थान को एक भव्य एवं आधुनिक धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इस संबंध में सकारात्मक पहल की अपेक्षा जताई है।



एमएलसी घनश्याम ठाकुर

### स्कूल छोड़ चुके छात्रों का पुनः होगा नामांकन संगोष्ठी में लिए गए निर्णय.

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में शनिवार को अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. इस मौके पर अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच कई विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई. संगोष्ठी में समावेशी शिक्षा हमारा हर बच्चा महत्वपूर्ण थीम के साथ बच्चों की नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित बनाए रखने और पढ़ाई के लिए घर पर अनुकूल माहौल बनाने को लेकर अभिभावक से आग्रह की गई. वही अभिभावको एवं समुदाय में समावेशी शिक्षा के प्रति जागरूक करने विशेष कर आवश्यकता वाले बच्चों के साथ-साथ प्रत्येक बच्चे का विद्यालय में नामांकन पर चर्चा की गई. प्रधानाध्यापक शत्रुघ्न राय, राजेश कुमार झा, अशोक साफी, विनोद कुमार झा, जियाउद्दीन, मीनाक्षी कुमारी, विभा कुमारी, ललिता कुमारी, महेश कुमार शाह, जयंत कुमार,कमोद साफी ने कहा कि हम सभी मिलकर यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक बच्चा आत्मविश्वास के साथ नियमित रूप से विद्यालय आए. और सीखने की प्रक्रिया से जुड़े रहे. बीपीआरओ सह बीईओ शेखर कुमार ने बताया कि पीटीएम के माध्यम से अभिभावक को बच्चों की नियमित विद्यालय उपस्थित, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सर्वांगीण विकास में उनकी भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है इसकी जानकारी दी गई. वही छात्रवृत्ति, मध्याह्न भोजन, पाठ्य पुस्तक, पोशाक विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का जानकारी दिया गया.

## अंचल कार्यालय में थाना दिवस का किया गया आयोजन



मौके पर उपस्थित पदाधिकारी

**बिस्फी (एनएसबी)।** अंचल कार्यालय के सभागार में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया. अध्यक्षता अंचलाधिकारी संतोष कुमार सिंह ने किया.आयोजित जनता दरबार में विभिन्न प्रकार के एक दर्जन से अधिक मामलों की सुनवाई की गई. जनता दरबार में पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिए.इस अवसर पर अंचलाधिकारी ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण समाधान करना है। उन्होंने लोगों से कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी विवाद की स्थिति में प्रशासन का सहयोग लेने की अपील की जनता दरबार में आए सभी मामलों के शीघ्र निष्पादन का भरोसा भी दिया गया. इस मौके पर राजस्व पदाधिकारी सविता कुमारी, थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार, पतौना थाना अध्यक्ष अनुराग कुमार सहित कई कर्मी उपस्थित थे.

## बेला पंचायत के 10 भूमिहीन लाभुकों के बीच जमीन का बासगीत पर्चा वितरित

**जयनगर (एनएसबी)।** सम्राट सरकार के 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार को जयनगर सामुदायिक प्रशिक्षण भवन सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीओ दीपक कुमार ने की। इस दौरान बरही, बैरा एवं बेला पंचायत के 10 भूमिहीन लाभुकों के बीच जमीन का बासगीत पर्चा वितरित किया गया। बासगीत पर्चा मिलने के बाद लाभुकों के चेहरे पर खुशी नजर आई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओ दीपक कुमार ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। भूमिहीन परिवारों को बासगीत पर्चा मिलने से उन्हें आवास निर्माण के लिए भूमि का अधिकार प्राप्त होगा और वे अपने परिवार के लिए स्थायी आशियाना बना सकेंगे। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को पात्र लाभुकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।इस अवसर पर बीडीओ राजीव रंजन कुमार, अंचलाधिकारी अखिलेश चौधरी सहित कई पदाधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अधिकारियों ने लाभुकों को पर्चा सौंपते हुए सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। लाभुकों ने बासगीत पर्चा मिलने पर प्रशासन के प्रति आभार जताया।




प्रमाण पत्र लेते

## पेपर लीक के खिलाफ छात्रों का कुबार्नी लाया रंग आंदोलन छात्रों के संघर्ष की जीतः धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा : मयंक कुमार

**मधुबनी (एनएसबी)।** आरवाईए नेता मयंक कुमार ने कहा कि पेपर लीक और छात्रों के भविष्य के साथ लगातार हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ देशभर में छात्रों और युवाओं ने जिस दृढ़ता और साहस के साथ आंदोलन किया, वह अंततः रंग लाया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा छात्रों के लंबे संघर्ष और आंदोलन की एक बड़ी जीत है।

यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार की कथित लापरवाही और पेपर लीक जैसी गंभीर घटनाओं के कारण देश के लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ। जिसने दर्जनों छात्रों की जान लेली ए निकम्मी सरकार को थोड़ा भी शर्म नहीं है अनेक छात्र मानसिक तनाव, निराशा और अन्य कठिन परिस्थितियों से जूझ रहे। छात्रों और युवाओं के इस संघर्ष ने सरकार की जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़ा कर दी है हैं।मयंक ने कहा कि हम स्पष्ट रूप से कहना चाहते हैं कि छात्रों का भविष्य किसी भी के साथ किसी भी के साथ किसी भी हाल में खिलबाड़ नहीं होना चाहिए और बिहार या दिल्ली में जितने भी छात्र को गिरफ्तार किया गया है या उनके ऊपर F१ दर्ज किया गया है उसे अविलंब खत्म किया जाना चाहिए और सभी छात्र को रिहा करना चाहिए पेपर लीक के मामलों की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।



# विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों का हुआ भव्य प्रदर्शन

**मधुबनी (एनएसबी)।** "सेवा, संकल्प, समर्पण 100 दिन" कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को नगर भवन, मधुबनी में माननीय मुख्यमंत्री, बिहार, श्री सम्राट चौधरी द्वारा पटना में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सुना गया। तत्पश्चात जिले में जिलाधिकारी के नेतृत्व में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की विगत सौ दिनों की उपलब्धियों को आमजन के समक्ष पीपीटी एवं वृत्तचित्र(डॉक्यूमेंट्री) के द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त, सुमन प्रसाद साह एवं अन्य पदाधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके साथ ही जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों एवं पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं आमजन शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान राज्य सरकार के 100 दिनों में किए गए विकास कार्यों, जनहितकारी निर्णयों तथा विभिन्न विभागों की प्रमुख उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, पंचायती राज, कृषि, उद्योग, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण, महिला एवं बाल विकास तथा अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति को प्रदर्शित किया गया। साथ ही लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिलने से हुए सकारात्मक बदलावों की जानकारी भी साझा की गई।



प्रमाण पत्र

इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मधुबनी एवं बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं विकास यात्रा को भी प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। जिसमें स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली खुटौना पंचायत की स्वच्छता कर्मी रंजू देवी एवं ब्रह्मदेव राय को प्रशस्ति पत्र देकर उप विकास आयुक्त एवं अपर समाहर्ता, आपदा के द्वारा सम्मानित किया गया।

मादक पदार्थों की रिकवरी के लिए बेहतर कार्य करनेवाले उत्पाद अधीक्षक कार्यालय, मधुबनी के एमटीएस प्रकाश कुमार साफी को डीडीसी एवं अपर समाहर्ता, आपदा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

ड्यूटी के दौरान जो सड़क दुर्घटना में घायल हो जाते है, उसे शीघ्र ही अस्पताल पहुँचाने तथा भीड़-भाड़ में सड़क पर मुस्तैदी से ड्यूटी एवं हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूकता फैलाने के लिए मंजू कुमारी, सिपाही नंबर-312989 को नगर आयुक्त एवं डीटीओ ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।प्रखंड स्तर पर सर्वश्रेष्ठ आशा के रूप में कार्य करने के लिए खजौली की आशा 123 रीना देवी को भी डीडीसी एवं एडीएम, आपदा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।अग्निकांड जैसी स्थिति में सूझ-बूझ से बेहतर कार्य करनेवाले फायरमैन-556, गुड्डू कुमार को नगर आयुक्त एवं अपर समाहर्ता, लोक शिकायत ने भी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।बाढ़ एवं आपदा जैसी स्थिति में बेहतर कार्य करने के लिए आपदा मित्र, ललन कुमार मंडल एवं वीरेंद्र महतो को डीसीसी एवं एडीएम, आपदा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मनित किया गया।

जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय प्रयास करने के लिए गंगा मित्र , अर्जुन कुमार को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समाहरणालय, मधुबनी के गृहरक्षक, ब्रह्मदेव यादव, गृहरक्षक को डीडीसी एवं अपर समाहर्ता, आपदा ने बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया।

तत्पश्चात रहिका अंचल के भूमिहीन परिवारों की लाभार्थियों आशा देवी, लक्ष्मीनियाँ देवी, सुनीता देवी, सीता देवी, रामपरी देवी, मंटुटिया देवी, निर्मला देवी, पूजा कुमारी, रीता देवी, रिंकू कुमारी तथा उर्मिला देवी के बीच सरकारी भूमि का बंदोबस्ती पर्चा का वितरण किया गया।वही कलुआही अंचल के भूमिहीन परिवार के लाभार्थी अनूप पासवान एवं झगड़ू पासवान को भी पर्चा वितरण किया गया।कार्यक्रम के दौरान सभी आगत-अतिथियों को वरीय उप समाहर्ता सह जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, ज्योति रानी के द्वारा पाग-दोपट्टा से सम्मानित किया गया।

तत्पश्चात कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कलाकारों शिवम मिश्रा, स्वाति झा सहित अन्य के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ अभिषेक कुमार ने किया।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता, मुकेश रंजन, नगर आयुक्त, उमेश भारती, अपर समाहर्ता, आपदा, संतोष कुमार, बंदोबस्त पदाधिकारी, चंद्रशेखर आजाद,अपर समाहर्ता, लोक शिकायत, राजेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी, रामबाबू, उत्पाद अधीक्षक, विजयकांत ठाकुर, वरीय उप समाहर्ता सह जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, ज्योति रानी, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, रजनीश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मुजफ्फरपुर में 12,147 से अधिक स्थानों पर हुआ भव्य कार्यकमों का आयोजन, लाखों लोगों ने लिया हिस्सा

# नई सरकार के 100 दिन पूरे होने पर विकास कार्य उपलब्धियों से रूबरू हुए लोग

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** बिहार में नई सरकार के गठन के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर शनिवार को मुजफ्फरपुर जिले में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला प्रशासन के अनुसार पूरे जिले में 12,147 से अधिक स्थानों पर समारोह आयोजित किए गए, जहां राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। इसमें लाखों लोगों ने भाग लेकर सरकार के 100 दिनों की उपलब्धियों को देखा और सुना। वही शाम पांच बजे नगर भवन में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी कुमार गौरव ने बताया कि जिले के सभी 373 पंचायतों, 16 प्रखंडों, 2,751 महादलित बहुल टोलों, 5,363 आंगनबाड़ी केंद्रों, 3,642 जीविका ग्राम संगठनों, नगर निगम तथा समाहरणालय सहित विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन सभी स्थलों पर मुख्यमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण किया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आम लोगों ने देखा।

समाहरणालय सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मीनापुर विधायक अजय कुमार, बोचहां विधायक बेबी कुमारी, विधान पार्षद वंशीधर ब्रजवासी, जिलाधिकारी कुमार गौरव सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान खेल, समाज कल्याण, जीविका सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों और विभिन्न सरकारी कार्यालयों के परिचारियों को सम्मानित किया गया। कुछ लाभुकों को बासगीत पर्चा भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुजफ्फरपुर जिले के विकास पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। मौके पर


समाहरणालय सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में उत्कृष्ट सेवा के लिए परिचारी को सम्मानित करते डीएम।

जिलाधिकारी ने कहा कि नई सरकार के 100 दिनों में जिले में विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया कि 12 जुलाई को मुख्यमंत्री द्वारा 213 करोड़ रुपये की लागत से विकसित सिकंदरपुर लेक फ्रंट का उद्घाटन किया गया, जिससे शहर को नई पहचान मिली है। इसके अलावा जिले में तीन नए डिग्री कॉलेज और 17 सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय शुरू किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी पंचायतों और नगर निकायों में लगाए जा रहे सहयोग शिविरों में अब तक 26,919 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 25,120 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। पारू प्रखंड में लगभग 700 एकड़ भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना पर भी कार्य चल रहा है। जिले में एक नए केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति भी मिल चुकी है, जिससे अब मुजफ्फरपुर में तीन केंद्रीय विद्यालय हो जाएंगे।

स्वास्थ्य क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि अभियान के तहत अब तक 21,719 नए आयुष्मान भारत कार्ड बनाए गए हैं। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 9.32 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग, 38 हजार से अधिक एक्स-रे तथा करीब 9 हजार नाट जांच की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड निर्माण अभियान के तहत लगभग 86 हजार नए राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 10 जुलाई 2026 को 4,17,002 पेंशनधारियों के खातों में 64 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी गई। वहीं 14 पंचायत सरकार भवनों को पंचायतों को हस्तांतरित कर संचालित किया गया है, 41 नए पंचायत सरकार भवनों का निर्माण शुरू हुआ है तथा 29 कन्या विवाह मंडपों का शिलान्यास किया गया है। इसके अलावा जिले में करीब 40 सड़क, पुल-पुलिया और फ्लाईओवर परियोजनाओं पर तेजी से कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ जनहित के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार की विकास योजनाओं से जिले के लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आ रहा है और प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## संक्षिप्त खबरें

### नीट प्रदर्शन में प्रधानमंत्री के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी का मामला गरमाया, मुजफ्फरपुर पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर मुजफ्फरपुर में हुए छात्र प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी और गाली-गलौज के आरोपों ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के आधार पर मुजफ्फरपुर पुलिस ने कार्रवाई शुरू करते हुए आधा दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं की पहचान कर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली के जंतर-मंतर से शुरू हुआ ठएएळ पेपर लीक विरोधी आंदोलन बिहार के कई जिलों तक पहुंचा है। इसी क्रम में गुरुवार को मुजफ्फरपुर में भी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया।


सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से उपद्रवियों की पहचान करते एसएसपी।

इसी दौरान एक वीडियो सामने आया, जिसमें एक छात्रा द्वारा प्रधानमंत्री के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किए जाने का आरोप है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने इसकी जांच शुरू की। पुलिस ने वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर प्रदर्शन में शामिल कुछ छात्र-छात्राओं की पहचान की है और उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई तेज कर दी है। साथ ही आम लोगों से अपील की गई है कि यदि चिन्हित आरोपियों के संबंध में किसी के पास जानकारी हो तो वह पुलिस को उपलब्ध कराएं। पुलिस ने सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखने और उपयोगी सूचना देने पर 10 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है और पुलिस छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तैनात है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदर्शन की आड़ में सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना या किसी व्यक्ति के खिलाफ आपत्तिजनक एवं अमर्यादित टिप्पणी करना कानून के तहत अपराध है। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। NEET आंदोलन को देखते हुए शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में दंडाधिकारियों के साथ अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रदर्शनकारियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरों का भी उपयोग किया जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि शांतिपूर्ण विरोध की अनुमति है, लेकिन हिंसा, तोड़फोड़ या कानून-व्यवस्था भंग करने की किसी भी कोशिश पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

### टीआरई-4 के तहत बीसी-ईबीसी कन्या +2 आवासीय विद्यालयों में जल्द होगी 478 शिक्षकों की बहाली

**पटना (एनएसबी)।** पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से संचालित बीसी-ईबीसी कन्या +2 आवासीय विद्यालयों में शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाएगा। विभाग ने कुल 478 पदों पर नियुक्ति के लिए बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) को अधियाचना भेज दी है। इन पदों पर बहाली टीआरई-4 (शिक्षक भर्ती परीक्षा-4) के माध्यम से की जाएगी। विभाग की तरफ से भेजी गई अधियाचना के अनुसार उच्च माध्यमिक शिक्षक के 230 पद, माध्यमिक शिक्षक के 129 पद, प्रारंभिक शिक्षक (कक्षा 6 से 8) के 103 पद तथा प्रधानाध्यापक के 16 पद शामिल हैं। इस मामले में पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की मंत्री श्रीमती रमा निषाद का कहना है कि ह्यटीआरई-4 के तहत 478 शिक्षकों की नियुक्ति से आवासीय विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था और मजबूत होगी।

# मुजफ्फरपुर में बंद का दिखा मिलाजुला असर

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नीट पेपर लीक मामले और दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में शनिवार को विभिन्न दलों और संगठनों द्वारा आहूत बिहार बंद का मुजफ्फरपुर में मिलाजूला असर देखने को मिला। बंद के समर्थन में विभिन्न विपक्षी दलों माले, आइसा, राजद सहित अन्य छात्र संगठन के कार्यकताओं ने शहर में जुलूस और विरोध मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने डीएम कार्यालय के बाहर भी विरोध प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जताई।

सुबह से ही कलेक्ट्रेट गेट से लेकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों पर प्रदर्शनकारियों की आवाजाही


बिहार बंद के दौरान नगर के चौक चौराहे पर अलर्ट मोड में तैनात पुलिस बल।

बनी रही। हालांकि नगर के अधिसंख्य दुकाने और बाजार खुले रहें। साथ ही नगर की यातायात व्यवस्था भी सामान्य रही। इस बीच नगर के मुख्य सड़कों के दोनों किनारे की दुकानों के शटर प्रदर्शन जुलुस और बंद समर्थकों की आवाजाही के अनुसार खुलते और बंद होते रहें ' बंद के दौरान कई स्थानों पर नारेबाजी और विरोध मार्च निकाले गए, जिससे शहर में राजनीतिक गतिविधियां तेज रहीं। स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर भारी संख्या में

**समाहरणालय में प्रदर्शन और सड़कों पर जुलुस और नारेबाजी, चौक चौराहे पर रहें सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती की गई थी। एसएसपी स्वयं शहर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे और अधिकारियों व जवानों को पूरी सतर्कता एवं संयम के साथ ड्यूटी निभाने का निर्देश देते रहे। कंट्रोल रूम से शहर की गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही थी। वहीं ड्रोन कैमरों की मदद से भी संवेदनशील इलाकों की निगरानी की जा रही थी।

वही शीर्ष पुलिस अधिकारी वायरलेस नेटवर्क के जरिए प्रत्येक घंटे शहर की स्थिति की रिपोर्ट लेते रहे, ताकि किसी भी अप्रिय घटना पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। संभावित तोड़फोड़ या कानून-व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। हालांकि पूरे दिन पुलिस की सक्रिय निगरानी के बीच शहर में स्थिति नियंत्रण में रही। तिरहुत प्रमंडल के अन्य जिले की तुलना में मुजफ्फरपुर में बिहार बंद शांतिपूर्ण रहा।

## आइसा-आरवाईए ने निकाला प्रतिरोध मार्च




**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** आंदोलनकारी छात्र-युवाओं पर पुलिस कार्रवाई और विभिन्न छात्र नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में शनिवार को आहूत बिहार बंद का असर मुजफ्फरपुर में देखने को मिला। आइसा, आरवाईए और भाकपा-माले के नेतृत्व में कार्यकताओं ने शहर में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया और छात्र आंदोलन से जुड़े मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

हरिसभा चौक स्थित माले कार्यालय से निकला जुलूस कल्याणी चौक, मोतीझील, स्टेशन रोड, कंपनीबाग रोड, सरैयागंज, टावर चौक, जवाहरलाल रोड, हाथी चौक, पानीटंकी चौक और मिठनपुरा सहित विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। प्रदर्शनकारियों ने आंदोलनकारी छात्र-युवाओं पर पुलिस कार्रवाई रोकने, गिरफ्तार नेताओं और छात्रों की रिहाई, पेपर लीक से प्रभावित छात्रों के परिवारों को मुआवजा देने, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को भंग करने, नई शिक्षा नीति वापस लेने तथा पेपर लीक के लिए जिम्मेदार केंद्रीय शिक्षा मंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। आइसा और आरवाईए ने दावा किया कि बिहार बंद प्रभावी रहा और कई स्थानों पर बाजारों व प्रमुख चौक-चौराहों पर सन्नाटा देखने को मिला। प्रदर्शन का नेतृत्व आइसा नेता नीरज कुमार गुप्ता, मनीष कुमार, आरवाईए जिला अध्यक्ष विवेक कुमार, विकास कुमार, भाकपा-माले जिला सचिव जितेंद्र यादव, खेग्रामस के शत्रुघ्न सहनी, ऐपवा की रानी प्रसाद तथा एक्टू के मनोज यादव सहित अन्य नेताओं ने किया।

## दिल्ली-पटना में छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन

# डीएम कार्यालय के समक्ष जताया आक्रोश

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** दिल्ली में संसद मार्च के दौरान छात्रों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज तथा पटना में छात्र आंदोलन पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में शनिवार को ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑगेनाईजेशन और ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑगेनाईजेशन के संयुक्त तत्वावधान में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने शहीद खुदीराम बोस स्मारक स्थल से प्रतिरोध मार्च निकालकर जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष सभा आयोजित की।

जुलूस सरैयागंज टॉवर होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा, जहां कार्यकताओं ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान "इंकलाब जिंदाबाद", "एनटीए को समाप्त करो", "लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बंद करो", "छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद करो", "घायल छात्र छात्राओं के समुचित इलाज की व्यवस्था करो" तथा "धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो" जैसे नारे लगाए गए। सभा को संबोधित करते हुए अक्ळड के जिला अध्यक्ष शिव कुमार ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकारें छात्रों की लोकतांत्रिक आवाज को दबाने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में संसद मार्च के दौरान छात्रों पर लाठीचार्ज, आंसू गैस का प्रयोग और छात्राओं के साथ अमर्यादित व्यवहार किया गया। साथ ही आंदोलन में भागीदारी रोकने के लिए मेट्रो और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं पर भी प्रतिबंध लगाए गए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पटना में शांतिपूर्ण छात्र आंदोलन पर भी पुलिस ने बल प्रयोग किया, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध



समाहरणालय में प्रदर्शन करते माले सहित अन्य संगठन के सदस्य।

है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा छात्र आंदोलन की शुरूआती जीत है और सार्वजनिक शिक्षा की रक्षा तथा एनटीए को समाप्त करने की मांग को लेकर आंदोलन जारी रहेगा। अक्ळड के अखिल भारतीय कमिटी सदस्य अरविंद कुमार ने कहा कि छात्र और युवा दमन से डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जितना अधिक दमन होगा, छात्र-युवा आंदोलन उतना ही व्यापक और मजबूत होगा। उन्होंने शिक्षा, रोजगार और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए सभी छात्रों और युवाओं से संगठित होकर आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला कमिटी सदस्य अभिषेक कुमार, कोमल कुमारी, अली अख्तर, बबली, रजत कुमार, डॉली, सत्यम कुमार, करण कुमार, आयुष सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, युवा और संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मध्य विद्यालय हरपुर की शिक्षिका संगीता कुमारी का निधन, बंदरा में शोक

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बंदरा प्रखंड के मध्य विद्यालय हरपुर की प्रखंड शिक्षिका संगीता कुमारी का असामयिक निधन हो गया। जानकारी के अनुसार, उनकी तबीयत अचानक अधिक बिगड़ जाने के बाद उनका निधन हो गया। उनके निधन की खबर से शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। संगीता कुमारी के निधन पर बंदरा प्रखंड के शिक्षकों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शिक्षकों ने कहा कि उनके निधन से शिक्षा जगत ने एक समर्पित



और कर्तव्यनिष्ठ शिक्षिका को खो दिया है। उनके कार्यों और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण को हमेशा याद रखा जाएगा। शोक संदेश में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा गया कि वे उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति और संबल प्रदान करें। बंदरा प्रखंड के शिक्षकों ने दिवंगत शिक्षिका को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है।

# SKMCH : नाक में फंसे मोती के साथ दो दिन से तड़पता रहा मासूम इलाज के लिए भटकती रही मां

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** एसकेएमसीएच में डॉक्टरों की कथित संवेदनहीनता और लापरवाही का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो वर्षीय मासूम के नाक में फंसे मोती को निकालने के लिए उसकी मां को लगातार


अस्पताल की लापरवाही की कहानी सुनाती एसकेएमसीएच में भर्ती बच्चे की मां।


दो दिनों तक अस्पताल में भटकना पड़ा। इस दौरान बच्चा दर्द से तड़पता रहा और उसे सांस लेने में भी परेशानी होती रही, लेकिन समय पर उपचार नहीं मिलने से परिजन परेशान रहे।

मिली जानकारी के अनुसार, बच्चे की नाक में मोती फंस जाने के बाद उसकी मां उसे इलाज के लिए एसकेएमसीएच लेकर पहुंची थी। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में उन्हें एक विभाग से दूसरे विभाग भेजा जाता रहा, लेकिन किसी भी चिकित्सक ने तत्काल उपचार शुरू नहीं किया। इस बीच मासूम लगातार दर्द से परेशान रहा और उसकी तकलीफ बढ़ती गई। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि समय पर इलाज मिल जाता तो बच्चे को इतनी परेशानी नहीं झेलनी पड़ती। उनका कहना है कि दो दिनों तक अस्पताल के चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें उचित चिकित्सीय सुविधा नहीं मिली। यह मामला सामने आने के बाद एसकेएमसीएच की स्वास्थ्य व्यवस्था और मरीजों को मिलने वाली आपातकालीन सेवाओं पर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि, अस्पताल प्रशासन की ओर से इस मामले में तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यदि परिजनों के आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह अस्पताल की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। मामले की जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि इलाज में देरी किन परिस्थितियों में हुई और इसके लिए जिम्मेदार कौन है।

# बैंककर्मी दंपति हत्याकांड में बड़ा खुलासा, सुपारी किलर ने ली जान

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** शहर के चर्चित रिटायर्ड बैंक अधिकारी अशोक कुंवर और उनकी पत्नी नीलम कुंवर की दोहरी हत्या मामले की जांच में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जांच में खुलासा हुआ है कि सुपारी किलर ने वारदात को अंजाम देने के लिए महीनों पहले ही सुनियोजित तरीके से तैयारी की थी। हत्या में इस्तेमाल किया गया मोबाइल सिम कार्ड एक गरीब रिक्शा चालक के आधार कार्ड पर जारी कराया गया था। इस मामले में पुलिस ने रिक्शा चालक और सिम बेचने वाले रिटेलर को गिरफ्तार कर लिया है।

मिठनपुरा थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि जांच के दौरान संदिग्ध मोबाइल नंबर की पड़ताल की गई तो उसका लिंक सकरा थाना क्षेत्र के लेयौतन चपड़िया निवासी रिक्शा चालक रणधीर कुमार से जुड़ा मिला। पुलिस ने रणधीर


मृतक बैंककर्मी दंपति के घर पर लगी लोगों की भीड़।

कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें पूरे मामले की परतें खुलती चली गईं। पूछताछ में रणधीर कुमार ने बताया कि करीब दो से तीन महीने पहले मोतीझील फ्लाईओवर के पास वकील की पोशाक पहने और चेहरे पर मास्क लगाए एक व्यक्ति ने उसका रिक्शा किराये पर लिया था। स्टेशन रोड स्थित एक मोबाइल दुकान पर पहुंचने के बाद उस व्यक्ति ने पैसों का लालच देकर उसके आधार कार्ड का इस्तेमाल करते हुए नया आइडिया कंपनी का सिम कार्ड निकलवाया और अपने साथ ले गया। पैसों के लालच में उसने सिम उस अज्ञात व्यक्ति को सौंप दिया। जांच के दौरान पुलिस ने स्टेशन रोड स्थित सिम स्टॉल संचालक कांटी थाना क्षेत्र के दामोदरपुर निवासी राकेश कुमार गुप्ता से भी पूछताछ की। नगर थानाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह ने बताया कि पूछताछ में रिटेलर ने स्वीकार किया कि उसने नियमों की अनदेखी करते हुए पैसों के लालच में नया सिम सक्रिय कर अज्ञात व्यक्ति को उपलब्ध करा दिया था। इसके बाद मिठनपुरा थानाध्यक्ष के बयान पर नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर रणधीर कुमार और राकेश कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि सुपारी किलर ने घटना से करीब तीन महीने पहले ही फर्जी तरीके से सिम कार्ड हासिल कर लिया था। इससे यह आशंका और मजबूत हुई है कि दोहरे हत्याकांड की साजिश काफी पहले से रची जा रही थी। पुलिस को संदेह है कि इस पूरे षड्यंत्र के पीछे

**रिक्शा चालक के नाम पर लिया गया था फर्जी सिम, दो गिरफ्तार**

कोई करीबी व्यक्ति भी शामिल हो सकता है। हालांकि हत्या की मुख्य वजह का अब तक खुलासा नहीं हो सका है और तकनीकी तथा मानवीय साक्ष्यों के आधार पर जांच जारी है। इस बीच मुख्य आरोपी सुपारी किलर अब भी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए जिला पुलिस ने 10 हजार का इनाम घोषित किया है। सीसीटीवी फुटेज और पुलिस द्वारा जारी स्केच के आधार पर उसकी तलाश तेज कर दी गई है। पुलिस की विशेष टीमें सीतामढ़ी, समस्तीपुर, वैशाली, दरभंगा और पूर्वी चंपारण सहित कई जिलों में लगातार छापेमारी कर रही हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के बाद इस चर्चित दोहरे हत्याकांड के सभी पहलुओं से पर्दा उठ जाएगा।

# बया नदी में नहाने गए चार किशोर डूबे तीन की दर्दनाक मौत, एक ने बचाई जान

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** साहेबगंज थाना क्षेत्र के बैद्यनाथपुर शिवालय मंदिर के सामने बया नदी में शनिवार दोपहर नहाने गए तीन किशोरों की डूबने से मौत हो गई। वहीं उनके साथ नदी में नहाने गया चौथा किशोर किसी तरह तैरकर बाहर निकल आया और उसकी जान बच गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है तथा मृतकों के घर में कोहराम मच गया है। मृतकों की पहचान साहेबगंज नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-8 निवासी अमृत कुमार (14), साहिल उर्फ झुन्नू (12) और मोहम्मद रेहान (13) के रूप में हुई है. वहीं, उनके साथ नदी में नहाने गया 13 वर्षीय गुड्डू किसी तरह तैरकर बाहर निकल आया

### घंटों बाद बरामद हुआ मृतकों का शव, परिजनों में मचा कोहराम


घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर चारों किशोर बया नदी में नहाने के लिए गए थे। इसी दौरान सभी गहरे पानी में चले गए। पानी की गहराई अधिक होने के कारण तीन किशोर डूबने लगे, जबकि गुड्डू किसी तरह तैरकर नदी से बाहर निकल आया।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए। स्थानीय लोगों ने नदी में उतरकर तीनों किशोरों की तलाश शुरू की। लगभग तीन घंटे तक लगातार खोजबीन के बाद तीनों मृतकों का शव नदी से बाहर निकाला गया। लोग आनन फानन में तीनो किशोर को साहेबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद सभी को मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही साहेबगंज थानाध्यक्ष सुनील कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एनडीआरएफ को सूचना देने के बावजूद टीम काफी देर तक घटनास्थल पर नहीं पहुंची। इसके बाद ग्रामीणों ने खुद ही नदी में उतरकर किशोरों की तलाश कर बाहर निकाला। पुलिस ने तीनो मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

## अतिक्रमण पर निगम का बुलडोजर बेला-मिठनपुरा समेत कई इलाकों में 12 अस्थायी दुकानें हटाई

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** शहर में सड़क अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने व्यापक अभियान चलाते हुए बेला, मिठनपुरा और अन्य इलाकों में सड़क पर कब्जा कर बनाई गई 12 अस्थायी दुकानों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान फुटपाथी दुकानदारों, होटल संचालकों और चिकेन दुकानदारों में अफरातफरी का माहौल रहा। अभियान की शुरूआत बेला स्थित श्यामनंदन सहाय कॉलेज के समीप सड़क पर संचालित चाय-नाश्ते और चिकेन की दुकानों को हटाने से हुई। इसके बाद टीम मिठनपुरा चौक पहुंची, जहां सड़क अतिक्रमण कर संचालित तीन चिकेन दुकानों को हटाया गया। इस दौरान दुकानों में रखी चौकी समेत अन्य सामान भी जब्त किया गया।

नगर निगम की टीम ने इसके बाद मिठनपुरा रोड स्थित एमडीडीएम कॉलेज के पास कृषि भवन के आसपास सड़क का अतिक्रमण कर कचरा फैला रहे दो ठेला-गुमटी संचालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की और बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया। पानी टंकी चौक के समीप सड़क किनारे फल बेच रहे पांच अस्थायी दुकानदारों को भी हटाया गया। अधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त निर्देश दिया कि वे नाले की सीमा के भीतर ही दुकान लगाएं और दोबारा सड़क पर अतिक्रमण न करें। अतिक्रमण हटाओ अभियान के प्रभारी मनोज कुमार और अवधेश सिंह ने देवी मंदिर रोड, छोटी कल्याणी और पीएंडटी चौक क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को एक दिन की मोहलत देते हुए स्वयं अतिक्रमित स्थान खाली करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि निर्धारित समय सीमा के बाद नगर निगम की ओर से बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### नई सरकार की सेवा, संकल्प एवं समर्पण के 100 दिन पूर्ण होने पर जिला स्तरीय कार्यक्रम

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित परिचर्चा सभागार,में नई सरकार की "सेवा, संकल्प एवं समर्पण के 100 दिन" पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिनांक 25.07.2026 को जिला स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सूचना एवं जन संपर्क विभाग बिहार पटना द्वारा आयोजित किया गया जिसका लाइव टेलीकास्ट सभी जिलों में किया गया।




कार्यक्रम में सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, विधायक सुरसंड प्रोफेसर नागेंद्र राउत, एमएलसी श्रीमती रेखा कुमारी, जिलाधिकारी रिची पांडे, अपर समाहर्ता, राजस्व संजीव कुमार, उप विकास आयुक्त सुश्री श्वेता भारती, अपर समाहर्ता विभागीय जांच राहुल कुमार के साथ अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर सांसद देवेश चंद ठाकुर ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी जी द्वारा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बीते 100 दिनों में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए, जिन्होंने सुशासन, विकास और जनकल्याण को नई गति दी है। उन्होंने कहा कि यह केवल 100 दिनों की उपलब्धियों का सफर नहीं बल्कि विकसित समृद्ध और आत्मनिर्भर बिहार के संकल्प को साकार करने की मजबूत शुरूआत है। वही कार्यक्रम में जिलाधिकारी रिची पांडेय ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बीते दिनों में शिक्षा ,स्वास्थ्य, पर्यटन, सुशासन और जन कल्याण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लेकर बिहार के विकास को नई गति और नई दिशा दी गई है। उन्होंने कहा कि सेवा ,संकल्प और समर्पण के 100 दिन केवल उपलब्धियों का लेखा-जोखा नहीं बल्कि विकसित ,समृद्ध और आत्मनिर्भर बिहार की मजबूत नींव है।

कार्यक्रम के दौरान कार्तिक कुमार को राज्य स्तरीय मॉडर्न पेंटाथलॉन (अंडर -13) प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने को लेकर उन्हें सम्मानित किया गया।

अतुल कुमार, वरीय लिपिक अनुमंडलीय अस्पताल ,पुपरी को सामाजिक सेवा, रक्तदान एवं मानवीय सेवा में सराहनीय कार्य एवं खेल जगत में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि को लेकर सम्मानित किया गया। वही ज्ञान भारतम् के अंतर्गत पांडुलिपियों के संरक्षण में सराहनीय कार्य करने के लिए राम शरण अग्रवाल को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान राज्यस्तरीय समारोह का सीधा लाइव टेलीकास्ट भी प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा "सेवा, संकल्प एवं समर्पण " की परिकल्पना, सरकार के प्रथम 100 दिनों में किए गए जनकल्याणकारी कार्यों, उपलब्धियों तथा भविष्य की विकास रणनीति पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। जिला स्तर पर लगभग पाँच मिनट की एक विशेष डॉक्यूमेंट्री का भी प्रदर्शन किया गया, जिसमें विगत 100 दिनों में सीतामढ़ी जिले में हुए उल्लेखनीय कार्यों एवं उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में जीविका दीदियों की उपस्थिति भी थी। इसके अतिरिक्त प्रखंड कार्यालयों एवं पंचायत भवन/पंचायत सरकार भवनों में भी लाइव प्रसारण से माननीय मुख्यमंत्री महोदय का संदेश आमजनों ने सामूहिक रूप से सुना।

### रतवारा में महिला की संदिग्ध मौत, घर से मिला शव; जांच में जुटी पुलिस

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले के हत्था थाना क्षेत्र के रतवारा गांव में शनिवार सुबह एक 40 वर्षीय महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके घर से बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलने पर हत्था थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना से संबंधित जानकारी जुटाई। प्रारंभिक जांच में महिला की मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच की जा रही है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही महिला की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुटी हुई है।


मृतक महिला के घर पर लगी पड़ोस की महिलाओ की भीड़।

## सीतामढ़ी में फूटा छात्रों का गुस्सा, उग्र प्रदर्शन में एसपी अमित रंजन समेत कई पुलिसकर्मी घायल

# पुलिस ने भीड़ पर दागे आंसू गैस के गोले

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार हो रही धांधली और नीट पेपर लीक मामले को लेकर शनिवार को सीतामढ़ी में छात्रों का आक्रोश चरम पर पहुँच गया। शांतिपूर्ण प्रदर्शन का आह्वान उस समय हिंसक झड़प में बदल गया जब उग्र भीड़ और उपद्रवियों ने पुलिस बल पर भारी पथराव शुरू कर दिया। इस अचानक हुए हमले में सीतामढ़ी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित रंजन और कई महिला-पुरुष पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। बिगड़ते हालात को देखते हुए जिला प्रशासन ने पूरे जिले में बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 लागू कर दी है तथा सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) और जिले के सभी थानों की पुलिस को मौके पर तैनात कर दिया गया है।

### समाहरणालय घेराव के दौरान भारी पथराव; वाहनों में लगाई आग

### पूरे जिले में बीएनएसएस की धारा 163 लागू







घटनाक्रम की शुरूआत शनिवार दोपहर उस वक्त हुई जब विभिन्न छात्र संगठनों और युवाओं ने नीट परीक्षा पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली की अनियमितताओं के विरोध में आक्रोश मार्च निकाला। छात्र हाथों में तख्तियाँ लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री के खिलाफ 'धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो' और 'पेपर लीक बंद करो' के जोरदार नारे लगा रहे थे।

प्रदर्शनकारी छात्र शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए जिला मुख्यालय डुमरा स्थित समाहरणालय (कलेक्ट्रेट) परिसर का घेराव करने के लिए आगे बढ़ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब पुलिस बल ने प्रदर्शनकारियों को समाहरणालय में प्रवेश करने से रोका, तो भीड़ में मौजूद कुछ असामाजिक व उपद्रवी तत्वों ने हंगामा शुरू कर दिया। देखते ही देखते स्थिति बेकाबू हो गई और भीड़ की तरफ से पुलिस पर पत्थरों की बौछार शुरू हो गई।

**हमले की चपेट में आए एसपी अमित रंजन :** पथराव इतना तीव्र था कि सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे सीतामढ़ी के एसपी अमित रंजन भी इसकी चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके साथ कई अन्य पुलिसकर्मियों को भी चोटें आईं। रढ के घायल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। जवानों ने मुस्तैदी दिखाते हुए तुरंत घायल रढ और अन्य कर्मियों को सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया और प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस लाइन से अतिरिक्त पुलिस बल और विशेष दंगा नियंत्रण दस्ते को मौके पर रवाना किया गया।

**वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी, भाजपा नेता की स्कॉर्पियो क्षतिग्रस्त :** प्रदर्शन के दौरान उग्र भीड़ ने सरकारी और निजी संपत्ति को भी निशाना बनाया। उपद्रवियों ने पुलिस के वाहनों समेत कई गाड़ियों में जमकर तोड़फोड़ की। इस दौरान एक भाजपा नेता की झंडा लगी स्कॉर्पियो गाड़ी को उग्र भीड़ ने पूरी तरह चकनाचूर कर दिया और तीन वाहनों को आग के हवाले कर दिया। आगजनी और तोड़फोड़ की घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

**आंसू गैस के दर्जनों गोले दागे गए, ड्रोन से रखी नजर :** उग्र होती भीड़ को नियंत्रित करने और समाहरणालय को सुरक्षा देने के लिए पुलिस और जिला प्रशासन को कड़े कदम उठाने पड़े। पुलिस ने कई चरणों में प्रदर्शनकारियों को समझाने और खदेड़ने का प्रयास किया। जब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण से बाहर होने लगी, तो भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस की ओर से लगातार दर्जनों टीयर गैस (आंसू गैस) के गोले छोड़े गए। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए सदर डीएसपी राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल और दंगा नियंत्रण दल ने मोर्चा संभाला। पूरे मार्च और संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरों की मदद से उपद्रवियों पर निगरानी रखी गयी है।

हालात की संवेदनशीलता को देखते हुए देर शाम जिला प्रशासन ने स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में लेने के लिए कड़े कदम उठाए। जिले के सभी थानों के थानाध्यक्षों और पुलिस बल को तत्काल जिला मुख्यालय डुमरा बुला लिया गया। इसके अलावा, भारत-नेपाल सीमा पर तैनात भारत-तिब्बत सीमा पुलिस/एसएसबी के जवानों को भी कानून-व्यवस्था बहाल करने के लिए मौके पर तैनात किया गया है।

### धारा144 लागू, एक दर्जन हिरासत में

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** घटना के तुरंत बाद जिला प्रशासन ने त्वरित निर्णय लेते हुए पूरे सीतामढ़ी जिले में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 1 (निषेधाज्ञा) लागू कर दी है। इसके तहत किसी भी स्थान पर 5 या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने, हथियार या लाठी-डंडा लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घटनास्थल से लगभग एक दर्जन उपद्रवियों को हिरासत में लिया है, जिनसे कड़ाई से पूछताछ की जा रही है।

अधिकारियों का कहना है कि ड्रोन कैमरों और मीडिया वीडियो फुटेज के आधार पर पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी में शामिल अन्य उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। कानून हाथ में लेने वाले किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने आम नागरिकों, अभिभावकों और छात्रों से शांति एवं धैर्य बनाए रखने की अपील की है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने का अधिकार सभी को है, लेकिन हिंसा और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुँचाना पूरी तरह गैर-कानूनी है। साथ ही, सोशल मीडिया पर फैलने वाली किसी भी प्रकार की भ्रामक खबर या अफवाह पर ध्यान न देने की हिदायत दी गई है।

**सीतामढ़ी सदर अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू :** नीट प्रश्नपत्र लीक के विरोध में विभिन्न छात्र संगठनों एवं अन्य समूहों द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन, जुलूस एवं विरोध कार्यक्रम आयोजित किए जाने तथा कई जगह तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न होने की आशंका को देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी, सीतामढ़ी सदर आनंद कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 के तहत सीतामढ़ी सदर अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दी है।

### महिला को जबरन कार में बैठाने से रोका तो अपराधियों ने पान दुकानदार को मार दी गोली

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मोतीपुर थाना क्षेत्र के जगजीवन चौक के समीप देर शाम कार सवार बदमाशों ने एक पान दुकानदार को गोली मारकर इलाके में दहशत फैला दी। बताया जा रहा है कि बदमाश एक महिला को जबरन कार में बैठाने की कोशिश कर रहे थे, जिसका विरोध करना दुकानदार को भारी पड़ गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सड़क से गुजर रही एक महिला को कुछ कार सवार युवक जबरन अपनी गाड़ी में बैठाने का प्रयास कर रहे थे।

महिला उनके साथ जाने को तैयार नहीं थी। इसी दौरान वहां मौजूद पान दुकानदार राजेश शाह ने कार सवार युवकों द्वारा की जा रही हरकत का विरोध किया। राजेश शाह ने यूवकों से कहा कि जब महिला कार में बैठना नहीं चाह रही है तो उसके साथ जबरदस्ती क्यों की जा रही है। दुकानदार की यह बात सुनकर कार सवार युवक भड़क गए। आरोप है कि गुस्से में युवकों ने राजेश शाह पर गोली चला दी। गोली राजेश शाह के कंधे में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी युवक कार से फरार हो गए। गोली चलने की आवाज के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए।

घटना की सूचना मिलते ही मोतीपुर थाना पुलिस हरकत में आई। थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल पान दुकानदार को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल राजेश शाह का इलाज जारी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि कार सवार अपराधियों की पहचान की जा सके। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि आखिर वह महिला कौन थी, जिसे बदमाश जबरन कार में बैठाने की कोशिश कर रहे थे। डीएसपी वेस्ट-1 सुचित्रा कुमारी ने बताया कि देर रात मोतीपुर थाना क्षेत्र के जगजीवन चौक के पास पान दुकानदार राजेश शाह को गोली मारे जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घायल को अस्पताल पहुंचाया। सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस का दावा है कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## छात्रों के मुद्दे पर बिहार बंद के बीच मुजफ्फरपुर रहा शांत, डीएम-एसएसपी ने किया फ्लैग मार्च

# ड्रोन और साइबर टीम से होती रही विधि व्यवस्था की निगरानी

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** नीट पेपर लीक और छात्र आंदोलन के समर्थन में शनिवार को आयोजित बिहार बंद के दौरान राज्य के कई जिलों से हिंसा और उपद्रव की खबरें सामने आईं, लेकिन मुजफ्फरपुर में स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण और नियंत्रण में रही। बंद समर्थकों ने जिले में शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन किया, जबकि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। बंद को देखते हुए शहर के सभी प्रमुख एवं संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारियों के साथ अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने और आम लोगों में विश्वास कायम करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी कुमार गौरव और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा स्वयं सड़कों पर उतरे। दोनों अधिकारियों ने कल्याणी चौक से पानी टंकी चौक तक भारी पुलिस बल के साथ पैदल फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च में सिटी एसपी मोहिबुल्ला अंसारी, एसडीएम (पूर्वी) आनंद उत्सव, नगर आयुक्त सहित जिले के कई वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी भी शामिल रहे। अधिकारियों ने शहर के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी कुमार गौरव ने बताया कि पूरे जिले में स्थिति सामान्य और शांतिपूर्ण बनी हुई है।


बंद के दौरान स्थिति का जायजा लेते हुए फ्लैग मार्च करते डीएम और एसएसपी।।

किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए शहर की निगरानी सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से लगातार की जा रही है। साथ ही अफवाहों और शांति भंग करने की किसी भी कोशिश को रोकने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विशेष साइबर टीम की ओर से लगातार निगरानी रखी जा रही है। वहीं एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने जिलेवासियों और प्रदर्शनकारी छात्रों से शांति एवं संयम बनाए रखने की अपील की।

उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखना सभी का अधिकार है, लेकिन कानून हाथ में लेने, उपद्रव या तोड़फोड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस की आईटी सेल डिजिटल गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए है, ताकि जिले में विधि-व्यवस्था पूरी तरह सुचारू बनी रहे।

## सम्पादकीय

### नीट विवाद : शिक्षा व्यवस्था में विश्वास बनाए रखने की राष्ट्रीय चुनौती

देश की सबसे बड़ी चिकित्सा प्रवेश परीक्षा नीट को लेकर समय-समय पर उठने वाले विवादों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत जैसे विशाल देश में केवल परीक्षा आयोजित कर देना पर्याप्त नहीं है। परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता ही वह आधार है जिस पर करोड़ों युवाओं का भविष्य और देश की स्वास्थ्य व्यवस्था टिकी हुई है। यह विषय किसी राजनीतिक दल की जीत या हार का नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के विश्वास का प्रश्न है।

भारत में लाखों छात्र वर्षों तक कठिन परिश्रम, आर्थिक कठिनाइयों और मानसिक दबाव का सामना करते हुए डॉक्टर बनने का सपना देखते हैं। ऐसे में यदि परीक्षा प्रणाली को लेकर किसी भी प्रकार का संदेह उत्पन्न होता है, तो उसका प्रभाव केवल परिणामों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर पड़ता है। इसलिए हर शिकायत, हर आशंका और हर अनियमितता की निष्पक्ष तथा समयबद्ध जांच होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की अनिवार्य जिम्मेदारी है।

लोकतंत्र में सरकार से जवाब मांगना विपक्ष का अधिकार है और अपनी बात रखना छात्रों का संवैधानिक अधिकार। वहीं सरकार का दायित्व है कि वह पारदर्शी जांच, आवश्यक सुधार और स्पष्ट संवाद के माध्यम से युवाओं का विश्वास बनाए रखे। शिक्षा जैसे संवेदनशील विषय पर सभी पक्षों का दृष्टिकोण तथ्यों, कानून और संस्थागत प्रक्रियाओं पर आधारित होना चाहिए।

साथ ही यह भी उतना ही आवश्यक है कि छात्रों के आंदोलन शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के भीतर रहें। हिंसा, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान, अफवाहें या कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गतिविधियां किसी भी न्यायसंगत मांग को कमजोर करती हैं। लोकतंत्र में संवाद और संवैधानिक प्रक्रिया ही स्थायी समाधान का मार्ग हैं।

आज सोशल मीडिया सूचना का सबसे तेज माध्यम बन चुका है। इसके सकारात्मक पक्ष के साथ यह चुनौती भी जुड़ी है कि अपुष्ट दावे, फर्जी दस्तावेज, भ्रामक सूचनाएं या संगठित दुष्प्रचार समाज में भ्रम और अविश्वास पैदा कर सकते हैं। यदि किसी मामले में ऐसे तत्वों की आशंका हो, तो उसकी निष्पक्ष जांच और कानून के अनुसार कार्रवाई आवश्यक है। साथ ही नागरिकों और छात्रों की भी जिम्मेदारी है कि वे केवल प्रमाणित और विश्वसनीय जानकारी पर भरोसा करें।

देश की शिक्षा व्यवस्था को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक मजबूत बनाने के लिए परीक्षा सुरक्षा, डिजिटल निगरानी, प्रश्नपत्र प्रबंधन, जवाबदेही और पारदर्शिता जैसे क्षेत्रों में निरंतर सुधार आवश्यक हैं। इससे न केवल विवादों की संभावना कम होगी, बल्कि योग्य विद्यार्थियों का विश्वास भी सुदृढ़ होगा।

अंततः, नीट से जुड़े प्रश्न केवल एक परीक्षा तक सीमित नहीं हैं। यह भारत की शिक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक क्षमता, लोकतांत्रिक संस्थाओं और युवाओं के भविष्य पर जनता के विश्वास की भी परीक्षा है। सरकार, विपक्ष, न्यायपालिका, परीक्षा एजेंसियां, शिक्षण संस्थान और समाजसभी की साझा जिम्मेदारी है कि शिक्षा को राजनीति से ऊपर रखकर समाधान की दिशा में कार्य करें।

भारत का भविष्य उन युवाओं के हाथों में है जो अपनी मेहनत, प्रतिभा और ईमानदारी के बल पर आगे बढ़ना चाहते हैं। इसलिए हर ऐसी व्यवस्था को मजबूत करना समय की मांग है जो उन्हें निष्पक्ष अवसर, पारदर्शी प्रक्रिया और न्यायपूर्ण परिणाम सुनिश्चित कर सके। यही राष्ट्रहित है, यही छात्रहित है और यही विकसित भारत की सबसे मजबूत नींव भी।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा देशभर के छात्रों, युवाओं और अभिभावकों के लंबे संघर्ष तथा जनदबाव की जीत है। लोकतंत्र की जीत है। यह केवल शिक्षा मंत्री का इस्तीफा नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही की मांग की स्वीकारोक्ति है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे मात्र से बात खत्म नहीं हो गई है। केंद्र सरकार को अब शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा प्रणाली को चुस्त दुरुस्त करना होगा। नीट पेपर लीक उपरांत डिप्रेशन में आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिजनों को मुआवजा राशि देना होगा। प्रभावित छात्रों को न्याय और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पारदर्शी एवं जवाबदेह व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। आंदोलन के दौरान छात्र, युवाओं पर हुए दर्ज मुकदमा वापस लेना होगा। आंदोलनरत छात्र, युवाओं की सभी मांगों को पूरा करना होगा।

# स्क्रीन से सड़क तक की लड़ाई



राहुल कुमार
(शोधार्थी, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय)

कल्पना कीजिए कि आप पटना की किसी व्यस्त सड़क पर शाम के समय पैदल चल रहे हैं। चारों ओर वाहनों का शोर है। तभी पीछे से लगातार बजते हॉर्न के साथ एक तेज रफ्तार एसयूवी बस को ओवरटेक करने की कोशिश करती हुई आपकी ओर बढ़ती है। स्वाभाविक रूप से आप फुटपाथ की ओर हटना चाहते हैं, क्योंकि वह पैदल यात्रियों की सुरक्षित जगह होनी चाहिए। लेकिन वहां फुटपाथ है ही नहीं। वह कपड़ों की दुकानों के स्टैंड, दुकानों के बढ़े हुए हिस्सों, खड़ी मोटरसाइकिलों, अस्थायी ठेलों और बड़े-बड़े विज्ञापन बोर्डों से पूरी तरह घिर चुका है। अब आपके सामने केवल एक ही विकल्प बचता है तेज रफ्तार वाहनों के बीच सड़क पर चलना।

यह केवल पटना की कहानी नहीं है। भारत के लगभग हर छोटे-बड़े शहर में पैदल चलना धीरे-धीरे साहस का काम बनता जा रहा है। जिस फुटपाथ का निर्माण पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए किया गया था, वह आज पार्किंग, अतिक्रमण और व्यावसायिक विस्तार का माध्यम बन चुका है। हमारे शहरों की विकास नीति में गाड़ियों को प्राथमिकता मिली, जबकि पैदल चलने वाले नागरिक हाशिये पर चले गए।

स्थिति की गंभीरता आंकड़ों से भी स्पष्ट होती है। पिछले एक दशक में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में वृद्धि हुई है, लेकिन सबसे अधिक वृद्धि पैदल यात्रियों की मौतों में दर्ज की गई है। स्कूल, बाजार, कार्यालय या बस स्टॉप तक पैदल जाने वाले लोग हर दिन अपनी जान जोखिम में डालते हैं, क्योंकि उनके लिए सुरक्षित बुनियादी ढांचा या तो मौजूद नहीं है या अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुका है। सबसे अधिक प्रभावित बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और दिव्यांगजन हैं।

इसी पृष्ठभूमि में 19 जून को दिए गए अपने महत्वपूर्ण निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि सुरक्षित और सुव्यवस्थित फुटपाथ पर चलना केवल एक नागरिक सुविधा नहीं, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क) और अनुच्छेद 21 के तहत प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है। यह निर्णय उस दर्दनाक घटना के संदर्भ में आया, जिसमें स्कूल जाते समय अपने पिता के साथ चल रहे पांच वर्षीय बच्चे की ट्रक से कुचलकर मृत्यु हो गई थी। न्यायालय ने कहा कि जीवन का अधिकार तभी सार्थक है, जब नागरिक सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षित ढंग से चल सकें।

यह निर्णय केवल न्यायिक व्याख्या नहीं है, बल्कि यह बताता है कि पैदल चलने का अधिकार भी संविधान द्वारा संरक्षित गरिमा और जीवन के अधिकार का अभिन्न हिस्सा है। लेकिन इस फैसले की एक और महत्वपूर्ण कहानी अदालत के बाहर लिखी गई सोशल मीडिया पर।

कुछ दशक पहले तक फुटपाथों पर अतिक्रमण या पैदल यात्रियों की सुरक्षा जैसे विषय अखबारों के संपादकीय पन्नों या नीति-निर्माताओं की बैठकों तक ही सीमित रहते थे। आज यूट्यूब, इंस्टाग्राम और एक्स (पूर्व में ट्विटर) जैसे मंच डिजिटल जनचौपाल बन चुके हैं, जहां आम नागरिक संविधान, अधिकार और शासन से जुड़े मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखते हैं। सोशल मीडिया अब केवल सूचना देने का माध्यम नहीं रहा, बल्कि यह जनमत निर्माण और नीति विमर्श का प्रभावशाली मंच बन गया है।

सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय को भी सोशल मीडिया पर व्यापक प्रतिक्रिया मिली। यह प्रतिक्रिया केवल क्षणिक भावनात्मक उबाल नहीं थी, बल्कि नागरिकों की गंभीर भागीदारी का उदाहरण थी।

उदाहरण के लिए, द लल्लनटॉप ने इस निर्णय और फुटपाथों पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर एक वीडियो प्रकाशित किया। वीडियो पर आए अधिकांश कमेंट सीधे इस मुद्दे से जुड़े थे। लोगों ने केवल घटना पर दुख व्यक्त नहीं किया, बल्कि शहरों की योजना, प्रशासन की निष्क्रियता और पैदल यात्रियों की उपेक्षा पर गंभीर सवाल उठाए।

इन टिप्पणियों से यह भी स्पष्ट हुआ कि सोशल मीडिया आज लोकतांत्रिक संवाद का प्रभावी मंच बन चुका है। कई लोगों ने सुझाव दिया कि यदि भारत स्वच्छ और टिकाऊपरिवहन व्यवस्था विकसित करना चाहता है तथा वर्ष 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करना चाहता है, तो शहरों में फुटपाथों के साथ सुरक्षित साइकिल ट्रैक भी विकसित किए जाने चाहिए।

एक टिप्पणी विशेष रूप से ध्यान खींचती है-हमारे शहरों में फुटपाथ हर काम के लिए हैं, केवल पैदल चलने के लिए नहीं। यह व्यंग्य मात्र नहीं, बल्कि हमारी शहरी व्यवस्था पर तीखी टिप्पणी है। फुटपाथों पर कहीं दुकानें फैल गई हैं, कहीं वाहन खड़े हैं, कहीं

**कुछ दशक पहले तक फुटपाथों पर अतिक्रमण या पैदल यात्रियों की सुरक्षा जैसे विषय अखबारों के संपादकीय पन्नों या नीति-निर्माताओं की बैठकों तक ही सीमित रहते थे। आज यूट्यूब, इंस्टाग्राम और एक्स (पूर्व में ट्विटर) जैसे मंच डिजिटल जनचौपाल बन चुके हैं, जहां आम नागरिक संविधान, अधिकार और शासन से जुड़े मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखते हैं। सोशल मीडिया अब केवल सूचना देने का माध्यम नहीं रहा, बल्कि यह जनमत निर्माण और नीति विमर्श का प्रभावशाली मंच बन गया है।**

सार्वजनिक शौचालय बना दिए गए हैं, तो कहीं अस्थायी आश्रय। पैदल चलने वाला नागरिक सबसे अंत में दिखाई देता है।

इसी प्रकार द क्विंट ने भी इस विषय पर विस्तृत वीडियो प्रकाशित किया, जिस पर हजारों लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया दी। अनेक लोगों ने लिखा कि सुरक्षित फुटपाथों के अभाव में उन्होंने सुबह या शाम की सैर करना लगभग छोड़ दिया है। कुछ लोगों ने चिंता जताई कि बच्चे अब सुरक्षित ढंग से स्कूल तक पैदल नहीं जा सकते। कई लोगों ने सवाल उठाया कि शहरी विकास परियोजनाओं में चौड़ी सड़कों के लिए तो पर्याप्त जगह होती है, लेकिन पैदल यात्रियों के लिए पर्याप्त फुटपाथ क्यों नहीं बनाए जाते।

सोशल मीडिया की इन प्रतिक्रियाओं का महत्व इसलिए भी है क्योंकि टिप्पणियां केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति नहीं होतीं, वे समाज की सोच, अनुभव और अपेक्षाओं का प्रतिबिंब होती हैं। संचार अध्ययन की भाषा में कहें तो सोशल मीडिया ने नागरिकों को निष्क्रिय दर्शक से सक्रिय भागीदार बना दिया है। यहां हर टिप्पणी लोकतांत्रिक विमर्श का हिस्सा बन जाती है।

यह भी सच है कि सोशल मीडिया पर अक्सर भ्रामक सूचनाएं, ध्रुवीकरण और सतही सक्रियता देखने को मिलती है। अनेक अभियान कुछ दिनों तक चर्चा में रहते हैं और फिर किसी नए ट्रेंड के साथ गायब हो जाते हैं। इसलिए केवल डिजिटल बहस को परिवर्तन का पर्याय नहीं माना जा सकता।

फिर भी पैदल चलने के अधिकार का मुद्दा बताता है कि सोशल मीडिया की लोकतांत्रिक क्षमता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह ऐसा विषय है जो शायद ही कभी चुनावी मुद्दा बनता हो या टीवी चैनलों की प्राइम टाइम बहस में जगह पाता हो। लेकिन सोशल मीडिया ने इसे राष्ट्रीय चर्चा का विषय बना दिया। नागरिक फुटपाथों पर अतिक्रमण की तस्वीरें साझा कर रहे हैं, वीडियो अपलोड कर रहे हैं, नगर निकायों से जवाब मांग रहे हैं और स्थानीय समुदायों को संगठित कर रहे हैं। कई बार एक मोबाइल कैमरा वह काम कर देता है, जो वर्षों की शिकायतें नहीं कर पातीं।

डिजिटल माध्यमों ने जवाबदेही का स्वरूप भी बदल दिया है। अब किसी शहर का टूटा हुआ या अतिक्रमित फुटपाथ कुछ ही घंटों में राष्ट्रीय चर्चा का विषय बन सकता है। यह सार्वजनिक दृश्यता स्थानीय प्रशासन पर कार्रवाई का नैतिक और राजनीतिक दबाव बनाती है।

लेकिन यह भी याद रखना होगा कि सोशल मीडिया पर वायरल होना और जमीन पर बदलाव आना, दोनों अलग बातें हैं। न तो हैशटैग फुटपाथ बना सकते हैं और न ही वायरल वीडियो अतिक्रमण हटा सकते हैं। वास्तविक परिवर्तन के लिए प्रभावी शहरी नियोजन, कानूनों का निष्पक्ष पालन और राजनीतिक इच्छाशक्ति आवश्यक है।

यदि सर्वोच्च न्यायालय के इस ऐतिहासिक निर्णय को वास्तविक अर्थ देना है, तो नगर निकायों को फुटपाथों से अतिक्रमण हटाने के लिए नियमित और निष्पक्ष अभियान चलाने होंगे। शहरों की योजना में पैदल यात्री पहले की सोच अपनानी होगी। दिव्यांगजनों के लिए सुगम फुटपाथ, बेहतर डिजाइन, नियमित रखरखाव और अवैध अतिक्रमण पर कठोर कार्रवाई को अपवाद नहीं, बल्कि सामान्य प्रशासनिक व्यवस्था बनाना होगा।

नागरिकों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। दुकानदारों को समझना होगा कि व्यापार का विस्तार किसी दूसरे नागरिक के मौलिक अधिकार की कीमत पर नहीं हो सकता। वाहन मालिकों को यह स्वीकार करना होगा कि फुटपाथ पर पार्किंग केवल यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि किसी दूसरे नागरिक के संवैधानिक अधिकार का हनन है। वहीं नागरिकों को भी अतिक्रमण और अव्यवस्था के खिलाफ अपनी आवाज लगातार उठानी होगी।

आज किसी शहर की पहचान केवल उसकी चौड़ी सड़कों, ऊंचे फ्लाईओवर या एक्सप्रेस-वे से नहीं होनी चाहिए। असली कसौटी यह होनी चाहिए कि क्या एक पांच साल का बच्चा सुरक्षित ढंग से स्कूल तक पैदल जा सकता है । क्या कोई बुजुर्ग बिना भय के सड़क पार कर सकता है। क्या कोई महिला शाम के समय फुटपाथ पर सुरक्षित घर लौट सकती है।

इन सवालों के उत्तर केवल शहरी विकास की गुणवत्ता नहीं, बल्कि हमारे लोकतंत्र की संवेदनशीलता भी तय करते हैं।

सर्वोच्च न्यायालय ने पैदल चलने को मौलिक अधिकार घोषित कर दिया है। सोशल मीडिया ने इस संदेश को लाखों लोगों तक पहुंचाकर इसे राष्ट्रीय विमर्श का विषय भी बना दिया। अब सबसे बड़ी चुनौती यह है कि यह बहस मोबाइल स्क्रीन से निकलकर शहरों की सड़कों तक पहुंचे।

क्योंकि मौलिक अधिकार केवल तब सुरक्षित नहीं होते, जब वे सोशल मीडिया पर ट्रेंड करें, वे तभी सुरक्षित होते हैं, जब हर नागरिक बिना भय के अपने शहर में पैदल चल सके।

# तीन दिन तक शव के पास बैठी रही पत्नी क्या हमारी संवेदनाएं भी मर चुकी हैं ?



प्रमोद कुमार सिंह
शिक्षाविद

**बिहार के खगड़िया** से सामने आई एक घटना ने केवल एक परिवार की पीड़ा नहीं दिखाई, बल्कि हमारे सामाजिक और मानवीय चरित्र पर भी गंभीर प्रश्नचि खड़े कर दिए हैं।

बताया गया कि आर्थिक तंगी से जूझ रही एक महिला अपने पति का अंतिम संस्कार तक नहीं कर सकी और तीन दिनों तक शव के पास बैठकर सहायता की प्रतीक्षा करती रही। यह दृश्य केवल गरीबी की कहानी नहीं, बल्कि उस असहायता का प्रतीक है जिसमें इंसान अपने सबसे कठिन समय में भी अकेला पड़ जाता है।

किसी भी सभ्य समाज की पहचान केवल ऊंची इमारतों, चौड़ी सड़कों और विकास की घोषणाओं से नहीं होती। उसकी असली पहचान इस बात से होती है कि वह अपने सबसे कमजोर और सबसे जरूरतमंद नागरिक के साथ कैसा व्यवहार करता है। जब कोई परिवार अपने प्रियजन को सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई देने तक में असमर्थ हो जाए, तो यह केवल एक निजी त्रासदी नहीं रहती, बल्कि पूरे समाज के लिए आत्ममंथन का विषय बन जाती है।

मृत्यु जीवन का सबसे बड़ा सत्य है। जन्म और मृत्यु के बीच का सफर चाहे जैसा हो, लेकिन अंतिम विदाई हर व्यक्ति का मानवीय अधिकार मानी जाती है। हर संस्कृति और हर समाज में अंतिम संस्कार को सम्मान, संवेदना और सामाजिक सहभागिता से जोड़ा गया है। यदि कोई परिवार केवल आर्थिक अभाव के कारण अपने मृत परिजन का अंतिम संस्कार भी न कर सके, तो यह केवल गरीबी नहीं, बल्कि सामाजिक विफलता का संकेत भी है।



**गरीबी** की सबसे भयावह तस्वीर : जब अंतिम विदाई भी बन जाए मजबूरी, तब केवल व्यवस्था नहीं, समाज को भी आईना देखने की जरूरत है ।

यह प्रश्न केवल प्रशासन से नहीं, हम सब से भी है। क्या हमारे आसपास ऐसा कोई व्यक्ति था जिसने उस परिवार की पीड़ा को देखा क्या पड़ोस, पंचायत, स्थानीय सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधि या स्वयंसेवी संस्थाएं समय रहते मदद के लिए आगे नहीं आ सकती थीं।

भारतीय समाज की सबसे बड़ी ताकत उसकी सामुदायिक संस्कृति रही है। गांवों में किसी के घर शोक होने पर पूरा गांव साथ खड़ा होता था। आज वही सामाजिक ताना-बाना कमजोर पड़ता दिखाई देता है।

सरकारी स्तर पर गरीब और असहाय परिवारों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। कई स्थानों पर अंतिम संस्कार सहायता जैसी व्यवस्थाएं भी उपलब्ध हैं। लेकिन यदि जानकारी का अभाव, प्रक्रियात्मक कठिनाइयां, समय पर सहायता न मिलना या स्थानीय स्तर पर समन्वय की कमी के कारण जरूरतमंद व्यक्ति तक मदद नहीं पहुंच पाती, तो ऐसी योजनाओं का उद्देश्य अधूरा रह जाता है। किसी भी सहायता व्यवस्था की वास्तविक सफलता तभी है जब वह सबसे कठिन समय में सबसे कमजोर व्यक्ति तक समय पर पहुंचे।

गरीबी केवल भोजन, वस्त्र और आवास का अभाव नहीं होती। गरीबी का सबसे दर्दनाक रूप वह है जब इंसान सम्मान खोने लगे, रिश्तों से कट जाए और संकट की घड़ी में खुद को पूरी तरह अकेला महसूस करे। आर्थिक अभाव यदि किसी व्यक्ति को अपने प्रियजन का अंतिम संस्कार करने से भी रोक दे, तो यह केवल उसकी नहीं, पूरे समाज की असफलता है।

आज तकनीक का युग है। सोशल मीडिया पर हर दिन हजारों तस्वीरें और वीडियो वायरल होते हैं। लेकिन असली जरूरत इस बात की है कि वायरल होने से पहले मदद पहुंच जाए। यदि समाज केवल दुखद घटनाओं को साझा करने तक सीमित रह जाए और सहायता के लिए हाथ न बढ़ाए, तो हमारी संवेदनाएं केवल शब्द बनकर रह जाएंगी।

यह भी सच है कि हर घटना के सभी तथ्य सामने आने के बाद ही निष्कर्ष निकाले जाने चाहिए। किसी भी मामले की परिस्थितियां, स्थानीय प्रशासन की भूमिका और उपलब्ध तथ्यों की निष्पक्ष जांच आवश्यक होती है।

लेकिन इतना निर्विवाद है कि यदि किसी परिवार को अपने प्रियजन के अंतिम संस्कार के लिए भी संघर्ष करना पड़े, तो यह स्थिति चिंता का विषय अवश्य है और इससे भविष्य के लिए बेहतर व्यवस्था बनाने की सीख लेनी चाहिए।

समाज में ऐसे अनेक लोग हैं जो बिना किसी प्रचार के जरूरतमंदों की सहायता करते हैं। कई स्वयंसेवी संगठन, धार्मिक संस्थाएं, युवा समूह और सामाजिक कार्यकर्ता अंतिम संस्कार से लेकर भोजन और चिकित्सा तक में सहयोग करते हैं। आवश्यकता इस बात की है कि ऐसी पहलें अधिक संगठित हों और स्थानीय प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय बनाकर काम करें, ताकि किसी जरूरतमंद परिवार को अकेला न छोड़ा जाए।

विद्यालयों, महाविद्यालयों और सामाजिक मंचों पर केवल नैतिक शिक्षा पढ़ाना पर्याप्त नहीं है। संवेदनशीलता को व्यवहार में उतारना होगा। यदि किसी मोहल्ले, गांव या वार्ड में कोई परिवार संकट में है, तो सबसे पहले उसका पड़ोसी उसके साथ खड़ा हो। यही भारतीय संसति का मूल संदेश हैष्साझा दुख, साझा जिम्मेदारी।

यह घटना हमें यह सोचने के लिए भी विवश करती है कि विकास का वास्तविक अर्थ क्या है। यदि विकास के बावजूद कोई परिवार सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार जैसी मूल मानवीय आवश्यकता भी पूरी नहीं कर पाता, तो हमें अपनी प्राथमिकताओं की समीक्षा करनी होगी। आर्थिक प्रगति के साथ मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक सहयोग की संस्कृति को भी उतना ही मजबूत बनाना होगा।

आज आवश्यकता किसी पर दोषारोपण करने से अधिक समाधान खोजने की है। स्थानीय स्तर पर त्वरित राहत व्यवस्था, जरूरतमंद परिवारों की समय पर पहचान, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के बीच समन्वय तथा नागरिकों की सक्रिय भागीदारी ऐसी परिस्थितियों को काफी हद तक रोक सकती है।

यह घटना केवल खगड़िया की नहीं है। यह हर उस समाज के लिए चेतावनी है जहां कोई व्यक्ति अपने सबसे कठिन समय में अकेला पड़ जाता है। यदि इस पीड़ा ने हमारे भीतर करुणा, जिम्मेदारी और सहयोग की भावना जगा दी, तो शायद उस परिवार का दर्द व्यर्थ नहीं जाएगा। क्योंकि किसी समाज की महानता इस बात से नहीं मापी जाती कि उसके पास कितना धन है, बल्कि इस बात से मापी जाती है कि वह अपने सबसे असहाय व्यक्ति के आंसू कितनी जल्दी पोंछता है।

आज आवश्यकता केवल शोक व्यक्त करने की नहीं, बल्कि यह संकल्प लेने की है कि हमारे आसपास कोई भी परिवार गरीबी, लाचारी और अकेलेपन के कारण अपने प्रियजन को सम्मानजनक अंतिम विदाई देने से वंचित न रहे। यही सच्ची इंसानियत है, यही सभ्यता की पहचान है।

## 'आजाद' एक ऐसे युवा की कहानी है, जो डर के बीच अपना हौसला तलाशता है और आजादी का असली मतलब समझता है

**जी सिनेमा** इस रविवार, 26 जुलाई रात 9 बजे फिल्म 'आजाद' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर लेकर आ रहा है। 1920 के दशक के भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित यह एक्शन-ड्रामा फिल्म गोविंद की कहानी है, जो एक युवा अस्तबल कर्मचारी है। आजाद नाम के एक जोशीले घोड़े के साथ उसका अनोखा रिश्ता उसकी जिंदगी की दिशा बदल देता है। आजादी से घुड़सवारी करने का उसका सपना धीरे-धीरे एक बड़े मकसद में बदल जाता है, जब ब्रिटिश शासन के बढ़ते अत्याचार और विद्रोह की लहर उसे अपने से कहीं बड़ी लड़ाई का हिस्सा बना देती है।

अजय देवगन ने विक्रम सिंह के किरदार में गंभीरता और दमदार व्यक्तित्व का शानदार प्रदर्शन किया है। एक निडर क्रांतिकारी नेता के रूप में उनका साहस और आजाद के साथ उनका गहरा जुड़ाव फिल्म की भावनात्मक नींव को मजबूत बनाता है। उनकी प्रभावशाली मौजूदगी विक्रम सिंह को गोविंद के जीवन में एक सशक्त मार्गदर्शक और प्रेरणादायक शक्ति




के रूप में स्थापित करती है।

अभिषेक कपूर के निर्देशन में बनी 'आजाद' से अमन देवगन और राशा थडानी ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में अमन देवगन ने गोविंद और राशा थडानी ने जानकी का किरदार निभाया है। वहीं, डायना पेंटी भी अहम् भूमिका में नजर आती हैं। नए और अनुभवी कलाकारों का यह शानदार मेल फिल्म को और भी खास बनाता है। फिल्म को रोनी स्क्रूवाला और प्रज्ञा कपूर ने आरएसवीपी मूवीज और गाय इन द स्काई पिक्चर्स के बैनर तले निर्मित किया गया है।

फिल्म का संगीत भी दर्शकों के बीच खूब पसंद किया गया। खास तौर पर 'उई अम्मा' गाना जबरदस्त हिट साबित हुआ। इस गाने पर सोशल मीडिया के अलग अलग प्लेटफर्म्स पर बड़ी संख्या में रील्स बनीं और यह फिल्म के थिएटर से उतरने के बाद भी लंबे समय तक चर्चा में बनी रही।

अपने मूल में 'आजाद' एक ऐसे युवा की कहानी है, जो डर के बीच अपना हौसला तलाशता है और आजादी का असली मतलब समझता है। यह सिर्फ देश की आजादी की कहानी नहीं, बल्कि एक ऐसे इंसान की भी कहानी है, जो अपनी पहचान और अपनी आवाज खोजता है। दोस्ती, त्याग और असाधारण हालात में आम लोगों के साहस को दिखाती यह फिल्म एक लड़के और उसके घोड़े के अनोखे रिश्ते के जरिए भारत के स्वतंत्रता संग्राम की भावना को खूबसूरती से सामने लाती है।

देखना न भूलें 'आजाद' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर, इस रविवार 26 जुलाई, रात 9 बजे, सिर्फ जी सिनेमा पर।

## प्रवचन

## मानव जीवन में ही समस्याओं का समाधान : जीयर स्वामी

**कुमार्गी अपना इहलोक और परलोक दोना बिगाड़ लेता है**

**मर्यादित जीवन जीने वाले का समाज भी करता सहयोग**

**अठाईस प्रकार के होते हैं नरक**



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

मानव जीवन समस्याओं के समाधान के लिए ही होता है। जो अपने जीवन को मर्यादित रखकर सांसारिकता से ऊपर उठने का प्रयास करता है, उसके अभियान में समाज भी सहयोगी साबित होता है। फलतः उसके लिए मुक्ति का मार्ग पर प्रशस्त हो जाता है। इसके विपरीत कुमार्गी और मलिन मन वालों की स्थिति गंदगी से चिपके वैसे वस्त्रों के समान होती है, जिनकी सफाई सामान्य साबून-सर्फ से नहीं हो सकती। उनकी सफाई किसी निपुण हाथों द्वारा रासायनिक के प्रयोग द्वारा पाट पर पटक-पटक कर की जाती है। मैला मन वालों की संसार में उपेक्षा, तिरस्कार और दंड भोगने के बाद भी नरक में भयंकर यातनायें झेलनी पड़ती हैं।

चौरासी लाख योनियों में मानव योनि की श्रेष्ठता इस बात में निहित है कि वह बुद्धिमान और विवेकी है। जीवन से जुड़ी समस्याओं का वह बुद्धि के द्वारा समाधान कर सकता है और अपने जीवन को शक्तिमय बना सकता है। ऐसे व्यक्ति समाज के लिए भी आदर्श होते हैं। उपेराक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

श्री स्वामी जी ने कहा कि सूर्य की शादी विश्वकर्मा की पुत्री संज्ञा के साथ हुई थी। संज्ञा सूर्य की तेज सहन नहीं कर सकीं और अपनी शक्ति से छाया उत्पन्न कर स्वयं जंगल में चली गयीं। एक दिन छाया ने संज्ञा पुत्र यम को नरक लोक का प्रधान बनने का श्राप दे दिया। उसी समय से वे यमराज बनकर मृतकों के कर्म भोग सुनिश्चित कराते हैं।

स्वामी जी ने कहा कि नरक पृथ्वी से नीचे 99 हजार योजन की दूरी पर है। वहां कर्मो के अनुसार अठाईस प्रकार की व्यवस्था है।

तामिस्त्र नरक-परायी स्त्री या पुरूष और पराये धन का हरण करने वाले इस नरक में जाते हैं। अंधतामिस्त्र नरक- किसी बहन, शिष्या और स्त्री को प्रलोभन देकर उपभोग करने वाला इस नरक में जाता है। रौरव नरक-अहंकार और ममतावश प्राणियों से द्रोह करने वाला इस नरक का अधिकारी होता है।

महारौरव-अहंकारी और ममतावश द्रोह करने वाले को टुकड़े-टुकड़े कर यहां ग्रास बना लिया जाता हैं। कुम्भीपाक नरक-पेट के लिए जीवित पशुओं की हत्या करने वाले यहां जाते है। कालसूत्र नरक-माता-पिता एवं ब्राह्मणों से द्रोह तथा वेद की निंदा करने वालों को यहां जगह मिलती है। अस्सीपत्रवन नरक-यह धर्म का त्याग कर पाखंड का आश्रय लेने वाले के निमित्त है। सूकरमुख नरक-निरपराध प्राणी को दंड देने वाला राजा यहां जाता है। अंधकूप नरक-खटमल और मच्छर आदि जीवों को मारने वाले की यहां जगह मिलती है। कृमिभोजन नरक-बिना किसी को खिलाये खाने वाला यहां जाता है।

संदंस नरक-चोरी या बलात् ब्राह्मणों का धन हरण करने वाला यहां जाता है। तप्तसुरमि नरक-परस्त्री या परपुरूष से संभोग करने वाले नर-नारी इसके अधिकारी हैं। बज्रकंटकषाल्मली नरक-सभी जातियों की स्त्रियॉ एवं पुरूषों के साथ व्यभिचार करने वाले स्त्री-पुरूष इसके अधिकारी होते हैं। वैतरणी नरक-राजा और वरिष्ट जनों के घर जन्म लेकर धर्म मर्यादा को नष्ट करने वाला व्यक्ति इस नरक में जाता है।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

# अनुमंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक में पीडीएस वितरण व राशन कार्ड अभियान की समीक्षा

**अरेराज(एनएसबी)।** अरेराज अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री अंजली कुमारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को अनुमंडलीय सभागार में अनुमंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति (खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण) की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, टीपीडीएस गोदाम के सहायक प्रबंधक तथा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से खाद्यान्न वितरण की समीक्षा की गई। बताया गया कि जुलाई माह के खाद्यान्न का लगभग 88 प्रतिशत वितरण किया जा चुका है तथा शेष वितरण 31 जुलाई तक पूरा किया जाएगा। समिति सदस्यों से लाभुकों को अंतिम तिथि की जानकारी देकर समय पर खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए जागरूक करने का आग्रह किया गया।


बैठक में उपस्थित लोग।

अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को नियमित क्षेत्र भ्रमण कर वितरण कार्य की निगरानी करने तथा शेष पात्र लाभार्थियों तक समय पर खाद्यान्न पहुंचाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में 26 जुलाई तक एवं 27 जुलाई से 5 अगस्त तक चलाए जा रहे विशेष राशन कार्ड अभियान की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि छूटे हुए पात्र परिवारों से आवेदन प्राप्त कर ैड।त्ज च्वै पोर्टल पर अनलाइन प्रविष्टि, सत्यापन तथा पात्र पाए जाने पर राशन कार्ड निर्गत किए जाएंगे। आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग करना अनिवार्य होगा। पोर्टल पर आ रही तकनीकी समस्याओं के शीघ्र समाधान की जानकारी भी दी गई।

अनुमंडल पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि पात्रता मानकों के अनुरूप निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच सुनिश्चित करते हुए केवल पात्र परिवारों के आवेदन ही अनुशंसित किए जाएं तथा अपात्र लाभार्थियों के राशन कार्ड निरस्तीकरण की कार्रवाई भी नियमानुसार की जाए।

बैठक के अंत में राशन कार्डधारियों के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य होने की जानकारी देते हुए समिति सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्रों में लाभुकों को ई-केवाईसी कराने के लिए जागरूक करने का अनुरोध किया गया।

## शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर कांग्रेस ने निकाला विजय मार्च

**मोतिहारी(एनएसबी)।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी, पूर्वी चम्पारण के अध्यक्ष ई शशि भूषण राय (गप्पू राय) के नेतृत्व में डाकबंगला चौराहे से मीना बाजार चौक तक विजय मार्च निकाला। मार्च में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए ई शशि भूषण राय ने कहा कि यह देश के करोड़ों छात्रों, युवाओं, अभिभावकों और लोकतंत्र की जीत है। उन्होंने कहा कि छम्म्ज पेपर लीक प्रकरण के पहले दिन से ही कांग्रेस पार्टी ने राहुल गांधी के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री के इस्तीफे, जवाबदेही और शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की मांग को लेकर संसद से लेकर सड़क तक संघर्ष कियास उन्होंने कहा कि यह सत्य की जीत और सरकार के अहंकार की हार है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री से देश के युवाओं से माफी मांगने, छात्रों पर लाठीचार्ज एवं पेलेट गन चलाने के जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने तथा शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार सुनिश्चित करने की मांग की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस छात्रों और युवाओं के साथ मजबूती से खड़ी है तथा लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने के किसी भी प्रयास का पुरजोर विरोध करती रहेगी।कार्यक्रम में संगठन प्रभारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, प्रो विजय शंकर पाण्डेय, अहमद अली, राज कुमार यादव, हरि किशोर पटेल, महेन्द्र पाठक, खलीलुर्रहमान, मदन प्रसाद, अजय कुमार झा, नेयाज अहमद, अनील कुमार सिंह, अजहर हुसैन अंसारी, विश्वनाथ कुमार श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, विश्वनाथ चौरसिया, राजकुमार अंजुमन, सुमन सिंह, शुभम कुमार, अवनीश कुमार, अफरोज आलम, मन्नू मिश्रा, कैलाश यादव, प्रिंस मिश्रा, रोमा खान, अवध किशोर सिंह, नवल किशोर शुक्ल, ललन कुमार, गणेश केसरी, मोख्तार आलम, रामप्रवेश तिवारी, ब्रजेश तिवारी, पप्पू रंजन मिश्रा, रंजन उपाध्याय, रंजन सहनी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



विजय जुलुस निकालते कांग्रेसी।

## स्वस्थ सिविल कोर्ट से ही होगा स्वस्थ भारत का निर्माण : सचिव

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी द्वारा आज व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित एडीआर भवन में न्यायिक पदाधिकारियों, न्यायालय कर्मियों एवं अधिवक्ताओं के लिए एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया।शिविर का उद्घाटन प्रातः 10रू25 बजे माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाले सभी चिकित्सकों को स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उद्घाटन समारोह में न्यायमंडल के सभी माननीय न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहेस स्वास्थ्य शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ ड़ हेमंत मिश्रा, त्वचा रोग विशेषज्ञ ड़ मनीषा सिंह, दंत रोग विशेषज्ञ ड़ एम्ड़ी शादाब अनवर तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से उपस्थित दो चिकित्सकों द्वारा मधुमेह, रक्तचाप एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में न्यायिक पदाधिकारियों, न्यायालय कर्मियों एवं अधिवक्ताओं की व्यापक रूप से स्वास्थ्य जांच की गई तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सचिव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता भी उपस्थित रहे और उन्होंने इस पहल की सराहना कीस जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री नितिन त्रिपाठी ने पूरे दिन शिविर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा आयोजन के सफल संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि स्वस्थ सिविल कोर्ट ही स्वस्थ भारत अभियान को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। न्यायिक व्यवस्था से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति का स्वस्थ रहना न्याय के प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक हैस स्वास्थ्य शिविर का समापन सफलतापूर्वक हुआ तथा उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार की इस जनहितकारी पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की।


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

## एसपी स्वर्ण प्रभात ने चकिया पहुंच सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**चकिया(एनएसबी)।** नीट पेपर लीक को लेकर छात्रों पर हुए बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज के विरोध में शनिवार को बिहार का बंद का आह्वान किया गया था। बंद को लेकर शहर में सड़कों पर लोगों का आवागमन अन्य दिनों के अपेक्षा कम रहा।बाजार, सरकारी कार्यालय सामान्य दिनों की तरह संचालित होते रहे। बंद के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिस पदाधिकारी लगातार गश्त करते रहे और स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। एसपी स्वर्ण प्रभात स्वयं चकिया पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न चौक-चौराहों का निरीक्षण कर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी स्थिति से तत्परता के साथ निपटने का निर्देश दिया। प्रशासन की सतर्कता और पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के कारण पूरे दिन चकिया में बिहार बंद शांतिपूर्ण रहा। कहीं से भी तोड़फोड़, आगजनी या हिंसक घटना की सूचना नहीं मिली। शाम तक स्थिति पूरी तरह सामान्य बनी रही।



चकिया थाना का निरीक्षण करते एसपी।

## शिक्षित बिहार, विकसित बिहार के लक्ष्य को साकार करना है : बीईओ

**चकिया(एनएसबी)।** बीआरसी परिसर स्थित कक्ष में सीआरसी संचालकों एवं समन्वयकों की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जयश्री ने की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना तथा विद्यालय शिक्षा समिति एवं विद्यालय प्रबंधन समिति को अधिक सक्रिय और सुदृ बनाना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी शिक्षकों एवं शिक्षा कर्मियों को आपसी समन्वय और सहयोग के साथ कार्य करना होगा। साथ ही कहा कि शिक्षा समाज के विकास का मूल आधार है और इसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी शिक्षकों पर है। उन्होंने सभी सीआरसी संचालकों एवं समन्वयकों से अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करते हुए षशिक्षित बिहार, विकसित बिहारष के लक्ष्य को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। बीईओ ने बताया कि सरकार द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं के लिए प्रखंड के सभी विद्यालयों से खिलाड़ियों का चयन कर लिया गया है। चयनित खिलाड़ी बाबूलाल साह प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि खेलकूद से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और उन्हें आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलता है। मौके पर पर मोहम्मद इमरान आलम, मोहम्मद गुफरान आलम, रजनी कुमारी, राजीव नयन सिंह, मनीष कुमार, शशि शेखर, रंजू कुमारी, राम भरोस सहनी, रंजन कुमार एवं मोहम्मद साजिद हुसैन सहित अन्य मौजूद थे।


बैठक में मौजूद बीईओ व अन्य।

# बिहार सरकार के 100 दिन पूरे होने पर विकास कार्यों की उपलब्धियां गिनाई

**मोतिहारी (एनएसबी)।** बिहार सरकार के ष्सेवा, संकल्प एवं समर्पणष के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर पूर्वी चंपारण जिला प्रशासन की ओर से शनिवार को ड़ राजेंद्र प्रसाद भवन के सभागार में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में प्रभारी जिला पदाधिकारी मुकेश कुमार सिंहा, उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।इस अवसर पर प्रभारी जिला पदाधिकारी मुकेश कुमार सिंहा ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने समर्पित भाव से कार्य करते हुए कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 100 दिनों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, सामाजिक सुरक्षा, षि, रोजगार, ऊर्जा, ग्रामीण विकास, पंचायत सशक्तीकरण तथा महिला एवं बाल विकास समेत विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई है।उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में आधारभूत संरचनाओं के विकास के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने के लिए विशेष पहल की गई। सहयोग शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी सेवाओं की पहुंच बढ़ाई गई। आयुष्मान भारत योजना, राशन कार्ड निर्माण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व एवं भूमि संबंधी सेवाएं, पंचायत सरकार भवन, जल-जीवन-हरियाली, सौर ऊर्जा, उद्यमिता एवं रोजगार सृजन तथा शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं।उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन भविष्य में भी जनसेवा और विकास कार्यों को इसी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाता रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के समन्वित प्रयास, जनप्रतिनिधियों के सहयोग और आम नागरिकों की सहभागिता से विकास कार्यों को गति मिली है, जिसका लाभ जिले के लाखों लोगों को प्राप्त हो रहा है।कार्यक्रम में एडीएम (पीजीआरओ) शैलेंद्र कुमार भारती, एडीएम (विभागीय जांच) मो सिबगतुल्लाह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।


कार्यक्रम का उद्घाटन करते एडीएम, डीडीसी व अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा से मिले उप महापौर

**मोतिहारी(एनएसबी)।** नगर निगम के उप महापौर ड़ लालबाबू गुप्ता ने बताया कि 21 जुलाई को उन्होंने नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा से मुलाकात कर नगर निगम से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में आग्रह किया था। समयाभाव के कारण विस्तृत चर्चा नहीं हो सकी, जिसके बाद उन्होंने अपनी मांगों से संबंधित पत्र मुख्यमंत्री को भी प्रेषित किया था।उप महापौर ने कहा कि उनकी मांग पर संज्ञान लेते हुए अब नगर निगम को 15 लाख रुपये तक के विभागीय विकास कार्यों की स्वीति प्रदान कर दी गई है। इससे छोटे-छोटे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा किया जा सकेगा तथा विकास कार्यों में तेजी आएगी। इस निर्णय पर उप महापौर ड़ लालबाबू गुप्ता ने नगर निगम क्षेत्र के लगभग पांच लाख नागरिकों तथा सभी 46 नगर निगम पार्षदों की ओर से मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी एवं नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय नगर निगम क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

### एक गिरफ्तार

**कल्याणपुर(एन एस बी )।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कल्याणपुर थाना के आर्म्स एक्ट के 7000 के इनामी अभियुक्त चकिया थाना के वनझुला निवासी मिथुन कुमार को कचहरी चौक से गिरफ्तार किया। मिथुन पर चकिया थाना में भी आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष विनित कुमार, एसटीएफ मोतिहारी, सिपाही रोहन कुमार देव, शिवशंकर कुमार, गौरीशंकर कुमार, गजेन्द्र कुमार शामिल थे। थानाध्यक्ष विनित कुमार ने बताया कि की आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पूर्वी चम्पारण में बंद का असर रहा बेअसर, जनजीवन सामान्य

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पूर्वी चम्पारण जिले में शनिवार को आहूत बंद का असर शांतिपूर्ण ढंग से रहा। जिले के अधिकांश बाजारों में दुकानें सामान्य दिनों की तरह खुली रहीं और कारोबार भी नियमित रूप से चलता रहा। जिले के किसी भी हिस्से से सड़क जाम, आवागमन बाधित होने या किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। सार्वजनिक एवं निजी वाहनों का परिचालन सामान्य रहा, जिससे लोगों को आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।प्रशासन की सतर्कता और शांतिपूर्ण माहौल के बीच बंद का जनजीवन पर कोई खास प्रभाव नहीं दिखा। पूरे जिले में स्थिति पूरी तरह सामान्य और शांतिपूर्ण बनी रही।

### पलनवा पुलिस की बड़ी कार्रवाई रू 26 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**रक्सौल(एनएसबी)** पलनवा थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए डिबी टोला स्थित छठ घाट के पास से एक युवक को 26 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया युवक नेपाल का रहने वाला बताया जा रहा हैस थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल सवार को रोका। तलाशी के क्रम में मोटरसाइकिल की टंकी और सीट के नीचे से प्लास्टिक के पैकेट में छिपाकर रखा गया गांजा बरामद हुआ। तौल करने पर कुल वजन 26 किलोग्राम निकला। गिरफ्तार युवक की पहचान बीरबहादुर महतो, पिता चनर महतो, साकिन भथौड़ा, नेपाल के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने गांजा तस्करी में शामिल होने की बात स्वीकार की है। पुलिस को आशंका है कि यह गांजा नेपाल से भारत लाया जा रहा था और आगे इसकी खेप कहीं और सप्लाई की जानी थीस पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है और तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही हैस पुलिस ने बताया कि सीमा क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए लगातार जांच अभियान चलाया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### विवाहिता की हत्या में ससुर गिरफ्तार

**पानापुर (सारण )**लगभग तीन माह पहले थाना क्षेत्र के बिजौली गांव में एक विवाहिता की हुई हत्या मामले में मृतका के ससुर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त बिजौली गांव निवासी पारस महतो बताया जाता है। बताते चलें कि गत 12 अप्रैल की रात पुलिस ने बिजौली गांव निवासी बबलू महतो की पत्नी अनिता देवी का पंखे से लटकता शव बरामद किया था।इस मामले में मृतका के पिता बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के खोभारीपुर गांव निवासी अच्छेलाल महतो ने स्थानीय थाने में अपाची बाइक के लिए अपनी पुत्री की हत्या किये जाने की प्राथमिकी दर्ज करायी थी जिसमें मृतका के पति, सास, ससुर सहित आधे दर्जन लोगों को नामजद किया था।दर्ज प्राथमिकी में उसने कहा था कि 25 नवंबर 2024 को मैंने अपनी पुत्री का विवाह पारस महतो के पुत्र बबलू महतो के साथ किया था।शादी के कुछ दिनों बाद से ही अपाची बाइक के लिए परेशान किया जाता था। थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेजा जा रहा है।

### आज मढ़ौरा में पहली बार निकली जाएगी जगन्नाथ रथ यात्रा

**मढ़ौरा।** इस्कन के द्वारा पहली बार भव्य जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन होने जा रहा है। इस रथ यात्रा का शुभारंभ रविवार की दोपहर 1रू30 बजे से मढ़ौरा गढ़देवी मंदिर से आरंभ होकर सोनर पट्टी मेन रोड के रास्ते स्टेशन रोड की ओर जाएगी इसके बाद गोला मंडी से वापस महावीर भवन परिसर में जाकर संपन्न होगी। इस रथ यात्रा के दौरान जगह-जगह ठहराव के लिए रूट चार्ट भी बनाए गए हैं। आयोजक संत धीर दशरथ दास के अनुसार रथ यात्रा से पहले विधिवत पूजा होगी और 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया जाएगा इसके बाद दोपहर 12 बजे से वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना आरंभ हो जाएगी । उसके बाद 1रू30 बजे से जगन्नाथ रथ यात्रा गढ़ देवी मंदिर परिसर से रवाना हो जाएगी।

### सड़क हादसे में जख्मी छात्र की मौत

**भेल्दी।**स्थानीय थाने के खरीदाहा-रसुलपुर सड़क के बीच जलालपुर पुल के समीप दो बाइकों की टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए जहां शनिवार को इलाज के दौरान इंटर के एक छात्र की मौत हो गई।मृतक सत्यम कुमार(17) भेल्दी थाने के चांदपुरा गांव का बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के चांदपुरा गांव के जितेंद्र राय के पुत्र सत्यम कुमार एक अन्य रिश्तेदार के साथ भेल्दी की ओर जा रहे थे तभी दूसरे बाइक से सीधी टक्कर हो गई जिसमें गंभीर रूप से घायल सत्यम कुमार की मौत शनिवार को हो गई।दूसरे घायल सौरभ कुमार का इलाज अमनौर सीएचसी में करने के बाद छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृत सत्यम कुमार का शव पोस्टमार्टम के बाद चांदपुरा गांव में पहुंचते ही परिजनो में चीख-पुकार मच गई।

### दरियापुर के राजमिस्त्री की रांची में मौत

**दरियापुर।**स्थानीय थाना क्षेत्र के महम्मदपुर गांव के एक राजमिस्त्री की रांची में सेंट्रिंग से गिर कर मौत हो गई।मृतक शौकत मियां का 35 वर्षीय पुत्र नुरैन बताया गया है।बता दें कि नुरैन रांची में राजमिस्त्री का कार्य करता था।परिजनों ने बताया कि वह एक निर्माणाधीन मकान की सेंट्रिंग कर रहा था।सेंट्रिंग अचानक टूट गया।इसके बाद वह जमीन पर गिर गया।जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।शनिवार की सुबह में उसका शव घर पहुंचा।इसके बाद घर में रुदन क्रंदन मच गया।पूर्व जिला पार्षद राजनाथ राय,मुखिया प्रतिनिधि अजय राम,समाजसेवी लालू खान आदि पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी।मृतक दो भाइयों में सबसे बड़ा था।उसे तीन पुत्र है।सभी काफी छोटे हैं।माता पिता,पत्नी व बच्चों का नुरैन ही मजदूरी कर परवरिश करता था।उसकी मौत के बाद अब उसका पूरा परिवार बेसहारा हो गया है।परिजनों के करुण चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया है।गांव वाले भी इस घटना से काफी मर्माहत हैं।सभी का यही कहना है कि अब इस परिवार को कौन देखेगा।बूढ़े माता पिता,पत्नी व बच्चे सभी को इसकी कमाई से आस थी।

### जनता दरबार में चार लंबित मामलों का हुआ निपटारा, तीन नए आवेदन आए

**एकमा (सारण)।** अंचल कार्यालय में शनिवार को आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में भूमि एवं राजस्व से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। अंचलाधिकारी रवि शेखर ने फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित कर्मियों को मामलों का त्वरित एवं निष्पक्ष निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में विभिन्न मामलों से जुड़े तीन नए आवेदन प्राप्त हुए, जबकि सुनवाई के बाद चार लंबित मामलों का निस्तारण कर दिया गया। अंचलाधिकारी ने शेष लंबित मामलों का भी समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भूमि एवं राजस्व संबंधी मामलों में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि मामलों का शीघ्र निष्पादन किया जा सके। जनता दरबार में राजस्व पदाधिकारी रामप्रवेश साहू, कार्यालय कर्मी रजत कुमार एवं संजीत कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

### प्रथम प्रयास में अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण कर आमडाढी-कर्णपुरा गांव के आदित्य कुमार सिंह ने बढ़ाया एकमा का मान

**एकमा।** प्रखंड क्षेत्र के आमडाढ़ी-कर्णपुरा गांव निवासी एवं सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर संजय कुमार सिंह के पुत्र आदित्य कुमार सिंह ने प्रथम प्रयास में ही अखिल भारतीय बार परीक्षा (एआईबीई) उत्तीर्ण कर अपने गांव, प्रखंड तथा जिले का नाम गौरवान्वित किया है। समाजसेवी विजय कुमार सिंह ने बताया कि आदित्य कुमार सिंह ने आर्मी ल कलेज, पुणे (सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय से संबद्ध) से पाँच वर्षीय बीबीए-एलएलबी की डिग्री प्राप्त की है। अपनी पांच वर्षीय विधि शिक्षा के दौरान उन्होंने बार काउंसिल अफ इंडिया के अध्यक्ष सहित देश के अनेक प्रतिष्ठित विधि विशेषज्ञों एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं के मार्गदर्शन में विधिक प्रशिक्षण एवं व्यावहारिक अनुभव अर्जित किया। प्रथम प्रयास में अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अब वे बार काउंसिल अफ दिल्ली में अधिवक्ता के रूप में अपना नामांकन कराकर विधि व्यवसाय में अपने पेशेवर जीवन की शुरुआत करेंगे। वहीं अधिवक्ता आदित्य कुमार सिंह की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों, शिक्षकों, शुभचिंतकों एवं परिजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उनकी सफलता से क्षेत्र के युवाओं को भी कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रेरणा मिलेगी।

### 7.69 करोड़ की लागत से बने रेफरल अस्पताल के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

**तरैया, (सारण)।** प्रखण्ड मुख्यालय के बगल में स्थित रेफरल अस्पताल परिसर में घ्7.69 करोड़ की लागत से बनकर तैयार रेफरल अस्पताल के नवनिर्मित भवन का शनिवार को तरैया पैक्स अध्यक्ष सह जिला पार्षद प्रतिनिधि प्रत्यूष प्रकाश उर्फ राहुल सिंह व अस्पताल प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड आलोक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान पैक्स अध्यक्ष श्री राहुल सिंह ने कहा कि तरैया के विधायक जनक सिंह सदैव क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिए पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहे हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृ बनाने की दिशा में यह उनका एक और सराहनीय कदम है, जो आने वाले समय में हजारों लोगों के जीवन को बेहतर बनाएगा। वहीं विधायक जनक सिंह ने अपने फेसबुक वाल से आमजनों को संदेश दिया कि घ्7.69 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार रेफरल अस्पताल के नए भवन का उद्घाटन यह केवल एक अस्पताल का उद्घाटन नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग के पूर्ण होने का ऐतिहासिक अवसर है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के पीछे उन्होंने अथक प्रयास, मजबूत इच्छाशक्ति और क्षेत्र के प्रति अपनी समर्पित भावना बताया है। उन्होंने क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों की ओर से मिले विश्वास और सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। उद्घाटन के दौरान शिक्षक नेता रंजीत सिंह, तरैया भाजपा मंडल अध्यक्ष मेवालाल सहनी, राज रौशन, टूना सिंह, छोटू सिंह, गुड्डू कुशवाहा, शैलेन्द्र सिंह कुशवाहा, शत्रुघ सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पेपर लीक की घटना रोकने को लेकर छात्रों व युवाओं ने प्रधानमंत्री के नाम डीएम को सौपा ज्ञापन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिले के छात्र-युवा की समस्याओं को लेकर नगर उप महापौर गुड्डू हयात, आईआईपी जिलाध्यक्ष विद्यानंद शर्मा,ताबिश मेहर,माले नेता कुंदन यादव,जावेद अनवर चांद ,प्रदेश प्रवक्ता डा धनोज कुमार के नेतृत्व में शनिवार को प्रधानमंत्री के नाम जिलाधिकारी को मांग पत्र सौपा गया।दिये गए आवेदन में उन्होने कहा कि हाल के समय में प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक एवं परीक्षा व्यवस्था को लेकर उठ रहे प्रश्नों ने लाखों छात्रों के भविष्य को असमंजस में डाल दिया है। छात्रों में गहरा आक्रोश एवं निराशा का वातावरण है। जिला प्रशासन के माध्यम से बिहार सरकार तक निम्नलिखित मांगों को अविलंब पहुँचाने का आग्रह किया गया।जिसके अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने, परीक्षा प्रणाली को पूर्णतः पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाने की मांग की ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।यदि किसी परीक्षा में अनियमितता सिद्ध होती है, तो प्रभावित अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा हेतु उचित निर्णय लिया जाए।छात्रों के साथ हुए किसी भी कथित दुर्व्यवहार या बल प्रयोग की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रक्रिया को समयबद्ध एवं निष्पक्ष रूप से संचालित कर युवाओं के भविष्य को सुरक्षित किया जाए।छात्रों की समस्याओं के समाधान हेतु सरकार एवं प्रशासन द्वारा संवाद स्थापित किया जाए।



### टीकाकरण अभियान में अधिकारों की बहाली की मांग को लेकर पशु चिकित्सा पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर में एफएमडी टीकाकरण अभियान में अधिकारों की बहाली की मांग को लेकर पशु टीकाकर्मियों ने शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। हड़ताली कर्मियों ने अनुमंडल भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुशेश्वर चैधरी को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि एफएमडी राउंड-7 के तहत चल रहे अभियान में वर्षों से काम कर रहे अनुभवी और प्रशिक्षित स्थानीय पशु टीकाकर्मियों को नजरअंदाज कर बाहरी एजेंसियों को काम सौंपा जा रहा है। इससे न केवल उनके रोजगार पर असर पड़ा है, बल्कि कई परिवारों की आजीविका पर भी संकट खड़ा हो गया है। टीकाकर्मियों का कहना है कि यदि पंचायत स्तर पर स्थानीय प्रशिक्षित कर्मियों को ही जिम्मेदारी दी जाए, तो टीकाकरण अभियान अधिक प्रभावी, सुगम और पारदर्शी तरीके से पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कार्य आवंटन और पारिश्रमिक भुगतान में पारदर्शिता की भी मांग की। कर्मियों ने कहा कि बढ़ती महंगाई के बीच काम छिन जाने से वे आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, पूर्व व्यवस्था की बहाली और स्थानीय कर्मियों को प्राथमिकता देने की अपील की है। हड़ताली कर्मियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। वहीं, डॉ. चैधरी ने कर्मियों को आश्वस्त किया कि मामले पर नियमसंगत विचार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर टीका कर्मियों मौजूद थे।



### जंतर-मंतर लाठीचार्ज के विरोध में विपक्ष का प्रदर्शन, केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों और समर्थकों पर पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में शनिवार को बनमा ईटहरी प्रखंड में विपक्षी दलों ने विरोध-प्रदर्शन किया। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामकुमार पासवान के नेतृत्व में कार्यकताओं ने तेलियाहाट बाजार से जुलूस निकालकर प्रखंड कार्यालय तक मार्च किया। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन में कांग्रेस नेता रामकुमार पासवान जाप नेता अब्दुस सलाम, राजद प्रखंड अध्यक्ष अमरेन्द्र यादव, भाकपा नेता विजय यादव, भवेश यादव, उमेश पोद्दार, शाहीन आलम, संतोष यादव, गंगाचरण यादव, रोशन सदगोप समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों ने छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच कराने, दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने तथा लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा की मांग की। विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए पूरे क्षेत्र में पुलिस बल तैनात रहा और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही।




### मध्य विद्यालय नवटोलिया टेहरा में ह्लएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान के तहत पौधारोपण

फोटो कैप्शनः 5 पौधारोपण करते प्रधानाध्यापक डॉ. मिठू कुमार

सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत मध्य विद्यालय नवटोलिया टेहरा में शनिवार को पर्यावरण संरक्षण एवं मातृ सम्मान को समर्पित ह्लएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान के तहत फलदार पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. मिठू कुमार ने विद्यालाय परिसर में पांच फलदार पौधे लागाकर किया। इस कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने भी उत्सुकता के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक डॉ. मिठू कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। पौधारोपण केवल हरियाली बढ़ाने का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि ह्लएक पेड़ माँ के नामह्व अभियान मातृ सम्मान और प्रकृति संरक्षण का अनूठा संदेश देता है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने पौधों की नियमित देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति सदैव जागरूक रहने की शपथ ली। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। मौके पर शिक्षक शिव कुमार रजक, शंकर राम, नितेश कुमार, बिनोद कुमार मुर्मू, सत्यनारायण कुमार, रचना कुमारी, रूबी कुमारी, मधुमाला कुमारी एवं पूजा भारती सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ब्यूटी, नगमा, रूपा, निशा, सलौनी, अभिलाषा, नेहा, अंजली, पुष्पा, सविता, राजा, बादल, सचिन समेत सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिसर में हुए इस पौधारोपण अभियान ने हरियाली बढ़ाने के साथ-साथ मातृ सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी संदेश भी दिया।



# बिहार बंद के समर्थन में सहरसा रहा बंद, छात्र-युवाओं ने निकाला विशाल आक्रोश मार्च

**शिक्षा मंत्री के इस्तीफा की मांग, पेपर लिक छात्रों पर लाठीचार्ज**



आक्रोश मार्च में छात्र कम बबाली ज्यादा

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शनिवार को शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, पेपर लीक के विरोध में आंदोलनरत छात्र-छात्राओं पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज, फायरिंग, गिरफ्तारी और बर्बर दमन के खिलाफ बिहार बंद के समर्थन में सहरसा में हजारों छात्र-युवाओं ने विशाल आक्रोश मार्च निकाला और जमकर नारेबाजी किया। आइसा-आरवाईए के पूर्व घोषित बिहार बंद के समर्थन में एआईएसएफ, एसएफआई, डीवाईएफआई, आईआईपी, भीम आर्मी, छात्र राजद, भाकपा माले के कार्यकताओं के अलावा सहित हजारों की संख्या में छात्र-युवा शामिल हुए। आरवाइए, आइसा और भाकपा माले के कार्यकत्ता सड़क पर उतरकर सहरसा मधेपुरा बाईपास को एक घंटा तक चक्का जाम रखा। बिहार बंद का नेतृत्व आरवाईए के राष्ट्रीय परिषद सदस्य कुंदन यादव, डीवाईएफआई राज्य सचिव मंडल सदस्य कुलानंद यादव, एआईएसएफ राज्य नेता शंकर कुमार, आइसा जिलाध्यक्ष आशीष आनंद, कमलेश यादव, गौरव आजाद ने किया। बिहार बंद के समर्थन में राजद वरिष्ठ नेता रंजीत यादव, भाकपा माले जिला सचिव ललन यादव, सीपीएम जिला मंत्री रंधीर यादव, डिप्टी मेयर गुड्डू हयात, आईआईपी जिलाध्यक्ष विद्या शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि ताबिश मेहर, मुखिया प्रतिनिधि सरोज यादव, टुनटुन शर्मा, डॉ.धनोज कुमार भी शामिल हुए। छात्रों का हुजूम थाना चैक से समाहरणालय घेरने निकले लेकिन रास्ते में अम्बेडकर चैक के निकट पुलिस ने बेरीकेडिंग लगाकर छात्रों को रोक दिया। सहरसा जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने प्रदर्शनकारियों से मिलने अम्बेडकर चैक पर पहुंचें। आरवाईए राष्ट्रीय परिषद सदस्य कुंदन यादव ने कहा कि दिल्ली के जंतर मंतर और बिहार में राजभवन मार्च सहित विभिन्न जिलों में छात्र-युवाओं पर बर्बर पुलिसिया दमन, लाठीचार्ज कर आवाज को दबाना लोकतांत्रिक अधिकारों व लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। सरकार पेपर लिक रोकने, शिक्षा व्यवस्था में सुधार, मंत्री के इस्तीफा के बदले क्रूर तानाशाही पर उतर आई है। माले विधायक संदीप सौरव सहित कई छात्र नेताओं को गिरफ्तार कर लिया है जो कानून के शासन और नागरिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि छम्म्ज पेपर लीक जैसी गंभीर घटनाओं ने लाखों मेहनतकश और मध्यमवर्गीय परिवारों के छात्रों के भविष्य को अनिश्चितता में डाल दिया है। वर्षो की कठिन मेहनत, आर्थिक कठिनाइयों और मानसिक दबाव के बाद परीक्षा देने वाले छात्रों के साथ यह बहुत बड़ा अन्याय है। स्वाभाविक है कि छात्र अपने भविष्य की सुरक्षा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सड़कों पर उतर रहे है उनकी इस लोकतांत्रिक आवाज को लाठी और गोलियों से दबाने की कोशिश सरकार की असफलता को ही उजागर कर रही है परीक्षा प्रणाली में व्याप्त भ्रष्टाचार, लापरवाही और पेपर माफिया के गठजोड़ पर कठोर कार्रवाई किए बिना ऐसी घटनाओं पर रोक नहीं लग सकता। डीवाएफआई के कुलानंद यादव ने कहा कि सरकार दमन का रास्ता छोड़कर छात्रों की बात सुने, सभी गिरफ्तार आंदोलनकारियों को तत्काल रिहा करे, फर्जी मुकदमे वापस ले, पुलिस दमन की निष्पक्ष जांच कराए तथा पेपर लीक के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करे। सरकार धर्मेंद्र प्रधान को अविलंब हटाए। यही लोकतंत्र और छात्रों के भविष्य के हित में होगा। एआईएसएफ के राज्य नेता शंकर कुमार ने कहा कि मोदी सरकार पुलिस से सहारे छात्र-युवाओं के ऊपर दमन कर रही है उन्होंने शिक्षा मंत्री से तत्काल इस्तीफा देने और आंदोलनकारी छात्रों पर दर्ज झूठा मुकदमा वापस लेने की मांग की।

## दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न, मानसिक स्वास्थ्य और प्रजनन स्वास्थ्य पर 29 मास्टर रिसोर्स पर्सन को दी गई विशेष जानकारीमहिला स्वास्थ्य एवं खुशहाली पर



प्रशिक्षण में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** टीएलसी सुलिन्दाबाद सहरसा में महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य एवं खुशहाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की पांचवीं और अंतिम बैच आज संपन्न हुई। यह प्रशिक्षण 24 से 25 जुलाई तक आयोजित किया गया। जिसमें जिला परियोजना प्रबंधक श्लोक कुमार के निर्देशन में 29 मास्टर रिसोर्स पर्सन को शामिल किया गया। श्री कुमार स्वयं प्रशिक्षण में उपस्थित रहकर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण में तीन प्रमुख विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई 15 से 49 वर्ष की महिलाओं में होने वाली एनीमिया, प्रसवोत्तर एवं रजोनिवृत्ति के दौरान होने वाला अवसाद, तथा स्पर्श प्रजनन स्वास्थ्य सूत्र। प्रशिक्षकों ने बताया कि एनीमिया शरीर में आयरन की कमी से होने वाली व्यापक समस्या है, जिसके लिए नियमित हीमोग्लोबिन जांच, संतुलित आहार और आयरन-फोलिक एसिड की गोलियों का सेवन जरूरी है। हर महिला को वर्ष में कम से कम एक बार रक्त जांच कराने की सलाह दी गई। दूसरे सत्र में प्रसवोत्तर और रजोनिवृत्ति अवसाद को एक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य स्थिति बताते हुए समय पर पहचान और चिकित्सकीय सलाह पर बल दिया गया। परिवार के सहयोग और सकारात्मक वातावरण को इसके समाधान में सहायक बताया गया। तीसरे सत्र में स्पर्श सूत्र सफाई, पर्याप्त पानी, पेशाब न रोकना, व्यक्तिगत स्वच्छता, सुरक्षित यौन व्यवहार एवं नियमित जांच पर चर्चा हुई। प्रशिक्षण का उद्देश्य समुदाय स्तर पर महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाकर उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन की दिशा में प्रेरित करना रहा। प्रशिक्षण का संचालन जिला साधनसेवी अमित कुमार, पटना ने किया।

## संसद मार्च के दौरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की बर्बरता पर प्रदर्षन



प्रदर्शन एआईवायएफ एआईएसएफ एवं डीवाय

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शैक्षणिक संस्थानों के बंद के आन्दोलन का नेतृत्व, एआईवायएफ एआईएसएफ एवं डीवाय एफआई, एसएफआई के नेतृत्व में आन्दोलन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि 20जुलाई को संसद मार्च के दौरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की बर्बरता के साथ-साथ पुलिस वेश में और सिविल में आरएसएस के गुंडो ने जिस कायरता पूर्ण तरीके से छात्र-छात्राओं तथा अन्य प्रदर्शनकारियों को पीट-पीट कर घायल किया जो घिनौने पन के हद के साथ-साथ लोकतंत्र के लिए कलंक की बात है। आपने जिनको घायल किया बेरहमी से पिटा वह कौन थे सब के सब भारतीय थे। वह क्या मांग रहे थे, आप उनसे बात करते रास्ता निकालने की जगह दिल्ली पुलिस और आरएसएस के गुंडे के द्वारा जो कुकृत्य किए गए वह भारतीय इतिहास का सबसे काला व शर्मनाक दिन है। आतंकवादी संगठन आरएसएस के ऊपर प्रतिबंध लगाने एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस्तीफा मांग की। जुलूस थाना चैक, डीबीरोड, शंकर चैक, वीरकुंवर सिंह चैक से आंबेडकर चैक पर प्रदर्शनकारी को रोक दिया गया। एआईएसएफ नेता रवि सेंघल, रंजीत कुमार, रमेश कुमार, अमित कुमार, दिलखुश कुमार, सुभाष, एआईवायएफ शंकर कुमार ,अमर कुमार पप्पू, रोशन कुमार राजेश कुमार मंगेश कुमार, कृष्णा अनंत कुमार डीवाईएफआई के सहरसा जिला सचिव सह राज्य संयुक्त सचिव कुलानन्द यादव, मनोज शर्मा,रामप्रवेश यादव,मो मुर्शीद,दिलीप शर्मा, मो आबताफ आलम उर्फ आबरू,मो आमीर खां,सोनू कुमारी, एसएफआई नेता मो रेहान खां रिंकू, राहुल कुमार, नीतीश कुमार

## स्वच्छता मित्रों के स्वास्थ्य के प्रति नगर निगम की सार्थक पहल, नई सरकार के 100 दिनों की जनसेवा के उपलक्ष्य में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** बिहार सरकार की नई सरकार के 100 दिनों की जनसेवा पूर्ण होने के अवसर पर आज सहरसा नगर निगम परिसर में स्वच्छता मित्रों के लिए विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर, नगर आयुक्त, वार्ड पार्षदगण, पार्षद प्रतिनिधियों एवं नगर निगम के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में नगर निगम के सैकड़ों सफाई मित्रों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच, चिकित्सीय परामर्श एवं आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य शहर को स्वच्छ रखने वाले सफाई मित्रों के उत्तम स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा उनके अमूल्य योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करना रहा। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारी, कार्यालय कर्मी, वार्ड पार्षदगण एवं पार्षद प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने सफाई मित्रों के समर्पण की सराहना करते हुए उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## बसनही पुलिस पर अभद्र व्यवहार व धमकी का आरोप, पैक्स अध्यक्ष ने डीआईजी-एसपी से लगाई कार्रवाई की गुहार



डीआईजी, एसपी को आवेदन देते पीड़ित

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** बसनही थाना पुलिस पर अभद्र व्यवहार एवं धमकी देने का आरोप लगाते हुए पैक्स अध्यक्ष बाबूसाहेब मंडल ने डीआईजी और सहरसा एसपी को आवेदन देकर संबंधित पुलिस पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इससे पूर्व गुरुवार को उन्होंने एसडीपीओ सिमरी बख्तियारपुर को भी आवेदन देकर मामले की जांच कराने की गुहार लगाई थी। डीआईजी एवं एसपी को दिए आवेदन में बाबूसाहेब मंडल ने बताया कि 20 जुलाई की रात उनके भाई के घर का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी, सामान एवं अन्य कीमती वस्तुओं की चोरी कर ली। घटना की सूचना उन्होंने रात करीब 2रू19 बजे बसनही थाना के सरकारी मोबाइल नंबर पर दी थी। आवेदन के अनुसार, अगले दिन सुबह जब वे लिखित शिकायत लेकर थाना पहुंचे तो वहां मौजूद पुलिस पदाधिकारियों ने आवेदन लेने में टालमटोल की। आरोप है कि इस दौरान उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया तथा उन्हें धमकी भी दी गई। पैक्स अध्यक्ष ने पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने लाने के लिए थाना परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कराने और दोषी पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की मांग की है। आवेदन की प्रतिलिपि सहरसा एसपी, एसडीपीओ सिमरी बख्तियारपुर, अंचल पुलिस निरीक्षक तथा बसनही थानाध्यक्ष को भी भेजी गई है।

# पंचायत संवाद कार्यक्रम की हकीकत, कई पंचायतों में नहीं खुला पंचायत भवन, ग्रामीणों ने जताया विरोध



विरोध दर्ज करवाते ग्रामीण

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी पहल के तहत आयोजित मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी के ष्पंचायत संवाद कार्यक्रमष् का उद्देश्य पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की समीक्षा, जनप्रतिनिधियों से सीधा संवाद और ग्रामीण समस्याओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करना था। हालांकि सोनवर्षा प्रखंड की कुछ पंचायतों में यह कार्यक्रम अपने उद्देश्य पर खरा उतरता नहीं दिखा। जानकारी के अनुसार, प्रखंड की पड़रिया पंचायत में कार्यक्रम के दौरान पंचायत भवन में ताला लटका मिला। इसको लेकर मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए पंचायत व्यवस्था पर सवाल उठाए। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत भवन बंद रहने के कारण वे अपनी समस्याएं अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समक्ष नहीं रख सके। ग्रामीणों ने पंचायत की सरपंच सुलेखा देवी एवं पंचायत सचिव पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की महत्वपूर्ण पहल को गंभीरता से नहीं लिया गया। लोगों का कहना था कि जब सरकार स्वयं पंचायत स्तर पर संवाद और जनसुनवाई की व्यवस्था कर रही है, तब पंचायत भवन का बंद रहना लापरवाही को दशार्ता है। मुख्यमंत्री के पंचायत संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पंचायतों में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना, मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत सचिव एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से सीधा संवाद स्थापित करना तथा पेयजल, सड़क, आवास, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा कर ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश देना था। साथ ही पंचायतों में पारदर्शिता, जनभागीदारी और जवाबदेही बढ़ाने तथा सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पंचायत स्तर पर ही इस प्रकार की लापरवाही बरती जाएगी तो सरकार की मंशा और ग्रामीणों की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्यक्रम का लाभ नहीं मिल पाएगा। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

# सभी के सहयोग से पात्र लोगों को मिलेगा सरकारी योजना का लाभ

## सम्राट सरकार के सौ दिन पूरे होने पर विशेष कार्यक्रम

दैनिक नवसंदेश

खगड़िया। विकसित भारत-समृद्ध बिहार के संकल्प को साकार करने तथा सेवा, संकल्प एवं समर्पण के 100 दिन पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को जिलाधिकारी विक्रम वीरकर के नेतृत्व में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया। साथ ही विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों से संबंधित कार्यक्रम आयोजित कर पात्र लाभार्थियों को का लाभ प्रदान किया गया।

राजस्व विभाग ने पात्र लाभुकों के बीच भूमि स्वामित्व संबंधी पर्चा का वितरण किया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से यक्ष्मा (टीबी) रोगियों को पोषण सहायता के रूप में फूड बास्केट दिए गए। आईसीडीएस के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी सेविकाओं एवं पर्यवेक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। शिक्षा विभाग ने नीट में सफल होकर जिले का नाम गौरवान्वित करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र एवं शुभकामनाएं दी। इसके अतिरिक्त मूक-बधिर विद्यालय के अधीक्षक, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के अधीक्षक, जीविका दीदियों, उद्योग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों, स्वच्छता कर्मियों, स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों, संविदा कार्यालय परिचारियों, जिलाधिकारी वाहन चालक तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान करने वाले अन्य व्यक्तियों को भी जिलाधिकारी ने प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी विक्रम वीरकर ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य केवल योजनाओं को क्रियान्वयन ही नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक सरकार की सेवाओं को प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचाना है। उन्होंने सभी सम्मानित व्यक्तियों को शुभकामनाएं देते हुए जनहित एवं विकास के कार्यों में निरंतर योगदान देने का आह्वान किया। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा जिलेवासियों से यक्ष्मा (टीबी) रोगियों को गोद लेने एवं उन्हें पोषण सहायता के रूप में फूड बास्केट उपलब्ध कराने के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि सामुदायिक सहभागिता से टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने परवरिश योजना का भी उल्लेख करते हुए कहा कि जिले में ऐसे बच्चे, जो अनाथ हैं, एचआईवी से प्रभावित परिवारों से हैं अथवा जिनके माता-पिता किसी कारणवश न्यायिक हिरासत या कारावास में हैं और जिन्हें पर्याप्त पोषण एवं देखभाल उपलब्ध नहीं हो पा रही है, उन्हें चिन्हित कर योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं मीडिया से ऐसे बच्चों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मी, जनप्रतिनिधि, सम्मानित लाभार्थी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।



पौधरोपण करते जिलाधिकारी।

**समाज के प्रत्येक वर्ग तक सरकार की सेवाओं को पहुंचाना है : डीएम**

## बिहार सरकार की 100 दिनों की उपलब्धियों पर कार्यक्रम



गोगरी (दैनिक नवसंदेश)। बिहार सरकार के सेवा, संकल्प, समर्पण के 100 दिन कार्यक्रम के तहत नगर परिषद जमालपुर के वार्ड संख्या-20 स्थित गायत्री मंदिर विवाह भवन में शनिवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सरकार के पहले 100 दिनों में किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी आमजन को प्रोजेक्टर के माध्यम से दी गई। इस दौरान खगड़िया जिले और नगर परिषद जमालपुर द्वारा किए गए विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की भी विस्तार से जानकारी दी गई। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट भी प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री के संबोधन को उपस्थित लोगों ने सुना। कार्यक्रम के समापन पर बिहार गीत का सामूहिक प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लाभार्थियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं आवास योजना के लाभुकों के बीच चाबी का वितरण किया गया। नगर परिषद क्षेत्र में स्वच्छता कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सफाई कर्मियों को भी प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य पार्षद रंजीता कुमारी निषाद, उपमुख्य पार्षद राजेश पंडित, स्थायी समिति सदस्य अमन कुमार, वार्ड पार्षद, रुस्सम, वार्ड पार्षद किरण, नगर प्रबंधक रविकांत, सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी सुमन कुमार मंडल, प्रधान सहायक मनोरंजन कुमार द्विवेदी, सहायक चंद्रशेखर उपाध्याय सहित नगर परिषद के कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं फाउंडेशन के प्रोग्राम अफिसर श्रवण कुमार आदि मौजूद थे।

## सरकार की 100 दिनों की उपलब्धियों का किया उल्लेख

चौथम (दैनिक नवसंदेश)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय स्थित आईटी भवन के सभाकक्ष में लाइव वेबकास्टिंग का आयोजन किया गया। लाइव प्रसारण के दौरान मुख्यमंत्री ने अपने 100 दिनों के कार्यकाल में राज्य सरकार द्वारा जनकल्याण, विकास, आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा एवं विभिन्न लोकहितकारी योजनाओं के क्षेत्र में किए गए कार्यों और उपलब्धियों का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरकार जनता से किए गए वादों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा पारदर्शी, जवाबदेह और विकासोन्मुखी प्रशासन के माध्यम से बिहार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में विकास योजनाओं की प्रगति, ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, महिलाओं के सशक्तिकरण, किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं तथा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुढ़ बनाने की दिशा में उठाए गए कदमों की भी जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के बाद उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को जनहित एवं विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की। इस अवसर पर बीडीओ रंजीत कुमार, अंचल अधिकारी रविराज, पंचायती राज पदाधिकारी प्रमथ मयंक, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव, कल्याण पदाधिकारी नितेश कुमार सहित प्रखंड के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी आदि मौजूद थे।

## तीन शराबी सहित चार लोगों को पसराहा पुलिस ने किया गिरफ्तार

पसराहा (दैनिक नवसंदेश)। पसराहा थाने की पुलिस ने अलग-अलग मामलों में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार शराब के नशे में पसराहा स्टेशन चौक पर हंगामा कर रहे तीन युवकों को पुलिस ने मौके से ही धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान झांझरा गांव निवासी रंजीत कुमार और धर्मेंद्र कुमार के रूप में हुई, जबकि तीसरा आरोपी टीपू सिंह मेहंदीपुर गांव का रहने वाला है। ये सभी सार्वजनिक स्थान पर अवांछित हरकतें कर रहे थे और आसपास के लोगों को परेशान कर रहे थे, जिसके बाद पुलिस ने इन्हें हिरासत में लिया। एक अन्य मामले में पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे खोरालाव गांव निवासी दशरथ सिंह को गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी चारों आरोपियों से आवश्यक पूछताछ पूरी कर ली गई है। पुलिस ने सभी आरोपियों को संबंधित धाराओं के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र के असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया है और पुलिस की इस मुस्तैदी की सराहना की जा रही है। पसराहा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों और शराब पीने या बेचने वालों के खिलाफ आगे भी इस तरह की सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## टीबी मरीजों के बीच प्रोटीन युक्त फूड बास्केट का वितरण



**राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत 12 मरीजों को दिए गए फूड बास्केट**

गोगरी (दैनिक नवसंदेश)। अनुमंडलीय अस्पताल में शनिवार को राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत टीबी मरीजों के बीच प्रोटीन युक्त फूड बास्केट का वितरण किया गया। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में 12 टीबी मरीजों को उपचार के दौरान बेहतर पोषण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से फूड बास्केट उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित गोगरी प्रमुख अशोक पंत एवं ओबीसी मोर्चा के सहसंयोजक सुजीत राणा ने कहा कि टीबी से पूरी तरह स्वस्थ होने के लिए नियमित दवा के साथ संतुलित एवं पौष्टिक आहार बेहद आवश्यक है। मरीजों को उपचार बीच में नहीं छोड़ने तथा चिकित्सकों की सलाह का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही टीबी मुक्त समाज के निर्माण में जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड चंद्रप्रकाश बीएचएम, बीसीएम, एसटीएस आदि उपस्थित थे।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली पांच जीविका दीदियों को प्रशस्ति पत्र

खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार के 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में खगड़िया जिले के सभागार में सेवा, संकल्प और समर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जीविका के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली 5 जीविका उद्यमी दीदियों को जिलाधिकारी विक्रम विरकर के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जीविका की जूही कुमारी ने कहा कि जिलाधिकारी के द्वारा मानसी प्रखंड की मंजू देवी और कुन्नी देवी, बेलदौर प्रखंड की प्रभा देवी और खगड़िया सदर प्रखंड के अमृता देवी और पूनम देवी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने सभी सम्मानित दीदियों को बधाई देते हुए कहा कि जीविका दीदियां आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### धान के बिचड़े को रासायनिक पदार्थ छिड़ककर जलाया

बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)। सकरोहर राकी बहियार में पांच कट्ठा में लगे धान के बिचड़े को रासायनिक पदार्थ छिड़ककर जला दिया। सकरोहर गांव के वार्ड नंबर 11 निवासी राजीव कुमार रंजन ने इस संबंध में बेलदौर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। राजीव कुमार रंजन ने अपने आवेदन में गांव के ही संजय कुमार सिंह और भूपेंद्र सिंह पर आरोप लगाया है। उनके अनुसार, इन दोनों ने चोरी-छिपे उनकी पांच कट्ठा जमीन पर लगे हरे धान के बिचड़े को जहरीले रसायन से स्प्रे कर पूरी तरह नष्ट कर दिया। किसान राजीव कुमार रंजन ने बताया कि 22 जुलाई, को सुबह 9 बजे जब वे मजदूरों के साथ धान का बिचड़ा उखाड़ने और रोपाई करने के लिए खेत पर गए, तो देखा कि बिचड़ा जला हुआ था। उन्होंने शनिवार को बेलदौर थाने में आवेदन देकर नामित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। राजीव कुमार रंजन ने अपने आवेदन में यह भी लिखा कि आरोपी दबंग व्यक्ति हैं और उनकी जमीन हड़पने की कोशिश कर रहे हैं। इस मामले में बेलदौर थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हो गया है। आश्वासन दिया कि स्थलीय जांच के बाद आरोपियों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### जनता दरबार में सात मामलों का हुआ निपटारा

बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड मुख्यालय स्थित आईटी भवन के सभागार में शनिवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। दरबार में राजस्व अधिकारी सत्यनारायण झा ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। अंचल लिपिक पंकज कुमार ने मामलों के दस्तावेजीकरण में आवश्यक सहयोग दिया। सात मामलों का हुआ निष्पादन हुआ। जनता दरबार में दोनों पक्षों की दलीलें और दस्तावेजों की गहन जांच के बाद वर्षों से लंबित चले आ रहे सात पुराने मामलों का मौके पर ही आपसी सहमति से निष्पादन कर दिया गया। शनिवार को 5 नए मामले भी दर्ज किए गए। प्रशासन ने इन सभी नए मामलों को पंजीकृत करते हुए दूसरे पक्ष के लोगों को उपस्थिति के लिए नोटिस जारी किया है। इन मामलों को विचाराधीन रखा गया है। मौके पर थानाध्यक्ष अजीत कुमार, हल्का कर्मचारी गौपाल मिश्र आंचल लिपिक समेत फरियादी मौजूद थे।



### अग्नि पीड़ित परिवारों को मिलेगी सरकारी सहायता : सीओ

महेशखूंट (दैनिक नवसंदेश)। गोगरी प्रखंड अन्तर्गत मैरा पंचायत के वार्ड संख्या दो बदिया नवटोलिया के सभी अग्नि पीड़ित परिवारों को सरकारी सहायता दी जाएगी। प्रभावित परिवारों की सूची तैयार की जा रही है। जल्द सहायता मिले इसको लेकर हर संभव प्रयास किया जा रहा है। यह बातें गोगरी सीओ अमीर हुसैन ने अग्नि पीड़ित परिवारों की स्थलीय जांच कर शनिवार को कहीं। आग लगने से 24 जुलाई को आधा दर्जन से अधिक घर जलकर राख हो गए थे। इस घटना में ललित कुमार, अमोद कुमार, समोद कुमार, माधव कुमार, हीरा देवी, कोमल देवी, बुदल यादव, चांदनी देवी, सचिन कुमार, फुलपरी देवी, सुजीत कुमार के घर में रखे वर्तन, अनाज तथा कपड़े जलकर राख हो गए थे। ग्रामीणों ने बताया कि शाम में खाना बनाने के दौरान चिंगारी से घर में आग लगी थी। राजस्व कर्मचारी अनीश अंकित ने बताया कि 11 लोगों की क्षति होने की बात बतायी गयी है। जांच कर अनुग्रह राशि दी जाएगी। पीड़ित परिवारों को आधार कार्ड तथा पासबुक उपलब्ध कराने को कहा गया है। मुखिया सूर्यनरायण मंडल ने बताया कि सभी अग्नि पीड़ित परिवारों को सरकारी सहायता जल्द मिले इसको लेकर प्रयास जारी हैं।

### 650 बोतल कोरेक्स सीरप बरामद

बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)। बेलदौर पुलिस ने वाहन जांच के दौरान 650 बोतल प्रतिबंधित कोरेक्स सीरप बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक रात्रि गश्ती के दौरान बेलदौर पुलिस ने एनएच 107 पथ के पुरब कृष्णा धर्म कांटा के निकट कार्रवाई की। मालूम हो कि कोरेक्स कारोबारी सहरसा की ओर से आ रहे थे। इसकी सूचना बेलदौर पुलिस को मिली तो थाने के एसआई अभिषेक कुमार एवं पीएसआई कुंदन कुमार पंडित दलबल के साथ वाहन जांच में जुट गए। इसी दौरान कोरेक्स कारोबारी पुलिस को देखते ही अपने गाड़ी को छोड़कर फरार हो गए। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि 650 पीस कोरेक्स बरामद की गई। हालांकि कारोबारी अपनी चार चक्का गाड़ी को छोड़कर भाग निकले।

## छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करे सरकार : मंजीत कुमार

खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)। भारत की जनवादी नौजवान सभा एवं भारत का छात्र फेडरेशन की खगड़िया जिला कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में प्रोटेस्ट मार्च निकाला गया। यह मार्च अस्पताल चौक स्थित कार्यालय से गगन भेदी नारों के साथ प्रारंभ होकर हॉस्पिटल रोड, पुल पार करते हुए स्टेशन रोड से गुजरकर राजेंद्र चौक पर सभा में तब्दील हो गया। अध्यक्षता भारत की जनवादी नौजवान सभा के जिलाध्यक्ष मंजीत कुमार ने किया। सभा के दौरान प्रधानमंत्री का पुतला दहन भारत जनवादी नौजवान सभा के जिला सचिव अमीर कुमार एवं छात्र नेता आयुष राज (गोलू) ने संयुक्त रूप से किया। सभा को भारत की जनवादी नौजवान सभा के केंद्रीय कमेटी सदस्य रजनीश कुमार, राज्य कमेटी सदस्य अमरेश कुमार, जिला कोषाध्यक्ष साथी नवनीत कुमार, आलोक कुमार, नीतीश कुमार, अमरेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, गुड्डू कुमार, छात्र नेता आयुष राज, स्वर्ण राज, अमन कुमार, मोनू कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि आज देश में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को उठाने वाले छात्रों पर लाठीचार्ज किया जा रहा है तथा छात्राओं के साथ पुलिस अभद्र व्यवहार कर रही है।

## मध्य विद्यालय हाजीपुर में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी



खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)। मध्य विद्यालय हाजीपुर आवास बोर्ड में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का थीम समावेशी शिक्षा-हमारा हर बच्चा महत्वपूर्ण' था। संगोष्ठी में बच्चों की शिक्षा, उपस्थिति और समावेशी माहौल को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने बताया कि संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों और समुदाय में समावेशी शिक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना है। साथ ही विशेष आवश्यकता वाले बच्चों सहित प्रत्येक बच्चे का विद्यालय में नामांकन, नियमित उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी प्राप्त करना है।

## आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन संघ की प्रखंड अध्यक्ष बनीं बिंदु देवी

बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)। बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन संघ के बैनर तले शनिवार को बेलदौर प्रखंड मुख्यालय स्थित विवाह भवन में प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष उर्मिला कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में पुरानी कमेटी को भंग कर नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। नई कमेटी में सर्वसम्मति से बिंदु देवी को प्रखंड अध्यक्ष, वंदना भारती को कोषाध्यक्ष तथा आशा कुमारी को महासचिव चुना गया। चुनाव पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमलता मिश्रा की देखरेख में संपन्न हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि राज्य महासचिव कुमार बिन्देशर एवं राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व एमएलसी उषा सहनी को अंगवस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। नेताओं ने केंद्र व राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं को राज्य कर्मचारी का दर्जा देने और मानदेय बढ़ाने की मांग की। उषा सहनी ने कहा कि कुपोषण मुक्ति व टीकाकरण जैसे अहम कार्यों की मुख्य कड़ी होने के बावजूद सेविकाओं को मात्र चार हजार पांच सौ रूपये मानदेय मिलना अन्यायपूर्ण है। राज्य महासचिव कुमार बिन्देशर ने आरोप लगाया कि प्रखंडों में पोषाहार राशि के नाम पर दलालों के माध्यम से प्रति केंद्र चार हजार रूपये की अवैध वसूली की जा रही है।

## राशन कार्ड से वंचित परिवारों को जोड़ने के लिए बैठक

चौथम (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड मुख्यालय स्थित आईटी भवन के सभाकक्ष में मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के सभी जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई। अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य राशन कार्ड से संबंधित लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन, पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराना तथा छूटे परिवारों एवं सदस्यों के नाम राशन कार्ड में जोड़ने की प्रक्रिया को तेज करना था।

बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ रंजीत कुमार ने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र परिवार खाद्य सुरक्षा योजना के लाभ से वंचित न रहे। इसके लिए सभी जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं को अपने पोषक क्षेत्रों में घर-घर संपर्क कर ऐसे परिवारों की पहचान करने का निर्देश दिया गया है, जिनके परिवार के सदस्य का नाम राशन कार्ड में दर्ज नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी लोगों के नाम नियमानुसार संबंधित राशन कार्ड में जोड़े जाएं ताकि उन्हें समय पर सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। बीडीओ ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन पात्र परिवारों का अब तक राशन कार्ड नहीं बन पाया है, उनके लिए नए राशन कार्ड बनाने हेतु निर्धारित प्रपत्र भरवाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा कराने की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए। उन्होंने डीलरों से कहा कि वे इस कार्य को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ करें तथा किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना से वंचित न रहने दें।

**छूटे सदस्यों के नाम जोड़ने और नए राशन कार्ड के आवेदन एक सप्ताह के भीतर भरवाने के निर्देश**

बैठक में उपस्थित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आनंद गौतमी ने भी डीलरों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी डीलर अपने-अपने क्षेत्र में राशन कार्ड संबंधी कार्यों के प्रति संवेदनशील रहें। उन्होंने कहा कि छूटे लाभुकों की पहचान, नए आवेदनों का संग्रह तथा आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने सभी डीलरों को निर्देशित किया कि सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य को एक सप्ताह के भीतर हर हाल में पूरा करें, ताकि पात्र लाभुकों को शीघ्र खाद्यान्न योजना का लाभ मिल सके।

## आंदोलन को दबाने में लगी है मोदी सरकार : संजय

खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड कार्यालय परिसर में सीपीआईएम खगड़िया अंचल कमेटी की ओर से प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व सीपीआईएम बिहार राज्य सचिव मंडल सदस्य संजय कुमार, जिला सचिव सुरेन्द्र प्रसाद महतो, जिला सचिव मंडल सदस्य कुन्दन मेहता, खगड़िया नगर परिषद लोकल कमेटी सचिव संजीव कुमार और खगड़िया पश्चिम लोकल कमेटी सचिव मिथलेश केशरी ने किया। का प्रदर्शन पार्टी जिला कार्यालय से आक्रोशपूर्ण नारेबाजी करते हुए खगड़िया अंचल कार्यालय पहुंचा। सीपीआईएम के प्रदर्शन ऐसे माहौल में हो रहा था,जब पूरे देश में नीट पेपर लीक कांड के खिलाफ छात्र जंतर मंतर दिल्ली से लेकर पूरे देश के सड़कों पर केन्द्र की भाजपा सरकार से आर पार की लड़ाई लड़ रहा है। छात्र अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। संजय कुमार ने कहा कि मोदी सरकार छात्रों पर लाठी और गोली चला कर आंदोलन को दबाने में लगी है जिस कारण बिहार सहित पूरे देश का माहौल भयावह बना हुआ है। भय के इस माहौल में सीपीआईएम लगातार पूरे जिले में छात्र सहित सभी तबकों के समस्याओं को लेकर आंदोलनरत है। इसी कड़ी में पुलिस के भारी जमावड़े के बीच पार्टी के द्वारा प्रदर्शन काफी सफल रहा। किसान जब निर्णायक लड़ाई लड़ा, तो मोदी सरकार को तीन काले कृषि कानून वापस लेना पड़ा और छात्र आंदोलन के सामने झुक कर अपने लाडले शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। संजय कुमार ने कहा यही सही समय है कि सभी वर्गो के लोगों को संगठित होकर अपने समस्याओं को लेकर निर्णायक संघर्ष का आगाज करना होगा। उन्होंने वर्षो से बसे लोगों को तुरंत बासगीत का पर्चा देने की मांग की। कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का नियमित भुक्तान,राशन कार्डधारियों के नाम बड़े पैमाने पर काटे जाने को तुरंत रोकना होगा। प्रदर्शन को सीपीआईएम जिला सचिव सुरेन्द्र प्रसाद महतो, जिला सचिवमंडल सदस्य कुन्दन मेहता,रामविनय सिंह, अमरेश कुमार,वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिंह, खगड़िया नगर परिषद लोकल कमिटी सचिव संजीव कुमार, खगड़िया पश्चिम लोकल कमिटी सचिव मिथलेश केशरी, जिला कमिटी सदस्य रामविलास वर्मा, रजनीश कुमार, अमीर कुमार, मंजीत कुमार, माला देवी, श्रवण साह और अमरेन्द्र कुमार ने भी संबोधित किया।




## महिला ने पुलिस अधीक्षक को दिया आवेदन, कार्रवाई की मांग

बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)। भागलपुर जिले के जमालुदीपुर निवासी वरुण सिंह की पत्नी बेली देवी ने फसल लूटपाट के मामले में न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया। पीड़िता का आरोप है कि बेलदौर थाना क्षेत्र के इतमादी मौजा स्थित सहरोन गांव में उनकी दो बीघा 38 डिसमिल पैतृक जमीन है। उक्त जमीन को उनके पूर्वजों ने कई वर्ष पूर्व खरीदा था। आरोप है कि दबंग प्रवृत्ति के लोग जमीन पर होने वाली फसल का लाभ नहीं लेने देते और लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। हाल ही में उक्त जमीन पर तैयार फसल को असामाजिक तत्वों ने लूट लिया। पीड़िता का कहना है कि घटना की लिखित सूचना थाने में दिए जाने के बावजूद अब तक पुलिस या प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। न्याय पाने के लिए वह लगातार थाना और अंचलाधिकारी कार्यालय का चक्कर काट रही हैं, लेकिन किसी भी अधिकारी का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार में नई सरकार के 100 दिन पूरे होने पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

कैप्शजमालपुर (मुंगेर) । बिहार की नई सरकार का 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष पर जमालपुर प्रखंड के 10 पंचायत में सरकार के विगत किए गए उपलब्धियां को व्यापक प्रचार प्रसार के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन शनिवार से किया किया गया। वहीं प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्वेता कुमारी की अध्यक्षता में बिहार सरकार के किए गए कार्यो का बखान करते हुए अनलाइन कार्यो को जनता जनप्रतिनिधि समाजसेवी एवं पदाधिकारी के



कार्यक्रम को देखते पदाधिकारी जनप्रतिनिधि सहित।

उपस्थिति में दिखाया गया। मौके पर अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मनीष गोस्वामी,पैक्स अध्यक्ष अमित सिंह, गोपाल ष्ण, शैलेंद्र, नीरज, रणधीर यादव सहित कई मौजूद थे।

### बाकरपुर सब्जी मंडी पर अवैध वाहन स्टैण्ड केपुलिस हटाया और सावधान की

**सोनपुर (एनएसबी)** बाकरपुर सब्जी मंडी की सोनपुर-छपरा मुख्य सड़क के फोर लेन सड़क पर अवैध वाहन स्टैड को पुलिस निरीक्षक-सह-थानाध्यक्ष दिलीप कुमार ने दल-बल के साथ बाकरपुर सब्जी मंडी आकर महिनों से चल अवैध स्टैड को हटाया और सावधान की। वाहन चालकों की मनमानी इस कदर थी कि फोर लेन सड़क का अतिक्रमण एक किलोमीटर पूरब और पश्चिम तक घंटों जमें रहते हैं। इतना ही नहीं इनके जमें रहने से फोर लेन चलने वाली छोटी-बड़ी वाहनों के आवागमन में



थानाध्यक्ष वाहन चालकों को सावधान कीं।

भारी परेशानी होती है। पिछले दिनों दैनिक नव संदेश में बाकरपुर सब्जी मंडी की खबर छपी थी कि मंडी के आसपास सड़क पर पिंकअप, टेम्पो, ई-रिक्सा, ठेला अतिक्रमण किए रहते हैं। किसी अनहोनी घटना से आशंकित रहते राहगीर।

### मवेशी की तस्करी सोनपुर क्षेत्र में खुलेआम

**सोनपुर (एनएसबी)** इन दिनों शहर से मवेशी की तस्करी हो रही है। मवेशी का दावेदार दिन में नजर आता। शाम ढलते विचरण कर रहे मवेशी की तलाश करने लगते और रात्रि समय में एक-एक कर मवेशी को ठिकाना लगा देते। शनिवार दिन सुबह फोर लेन पेटौल पंप के समीप एक होटल के पीछे झांडी में एक भैंस की बच्चा पाड़ा घास खा रहा था। पिछले दिनों ग्रामीणों से जानकारी मिली कि गुलेरिया घाट और सेमरा गांव में एक दर्जन भैंस खुले घुम रहा था। वहीं लोगों ने आशंका जताई कि चोर कहीं से भैंस चुरा कर दिन में सुनसान स्थानों पर छोड़ देते हैं और रात्रि में पिंकअप लादकर फरार हो जा रहे। जब पत्रकार ने ग्रामीणों से पूछा कि आप लोग पुलिस को सूचना क्यों न दिया। तब कहते पुलिस की लफड़ा में कौन फसेगा। पुलिस अपना कर्तव्य समझती तो गांव और घर से मवेशी चोरी नहीं होती। रात्रि समय सोनपुर शहर की सड़क से दर्जानाधिक ट्रक और पिंकअप से तस्करी का कारोबार फल-फूल रहा है। आए दिन भैंस, गाय, बकरी गांव की दालान और घर से चोरी हो रही है।

### फरार अपराधी गिरफ्तार

**दनियावा।** शनिवार को पिछले पन्द्रह दिन से फरार चल रहे हत्या के प्रयास के आरोप में एक आरोपी को शाहजहांपुर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी बड़ी केवई निवासी कैलाश मोची है। बताया जाता है कि इसके विरुद्ध मारपीट के दौरान जानलेवा हमला करने का आरोप है। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष बमबम कुमार ने बताया कि आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

**फतुहा।** पचरुखिया थाने की पुलिस ने शनिवार को हत्या के प्रयास के एक आरोपित रुकुनपुर गांव निवासी विकास कुमार को गिरफ्तार किया है। विकास पर दस दिन पहले एक युवक पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि आरोपी को आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# मानव तस्करी,बाल मजदूरी व साइबर अपराध के प्रति रेल यात्रियों को किया जागरूक

## स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक पर जीआरपी ने चलाया विशेष जागरूकता अभियान

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफर्म संख्या एक पर रेल पुलिस की टीम ने मानव तस्करी,चाइल्ड ट्रैफिकिंग,बंधुआ मजदूरी, बाल मजदूरी, महिला अपराध एवं साइबर क्राइम की रोकथाम को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान रेल इंस्पेक्टर विजय कुमार ने यात्रियों को मानव तस्करी के विभिन्न रूपों और उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी।रेल इंस्पेक्टर ने बताया कि किसी व्यक्ति को धमकाकर, बहला-फुसलाकर,धोखे से अथवा जबरदस्ती एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाकर उसका शोषण करना मानव तस्करी कहलाता है। भारतीय न्याय संहिता के तहत मानव तस्करी गंभीर अपराध है। उन्होंने बताया कि इस अपराध में खासकर महिलाओं और बच्चों को निशाना बनाया जाता है। बंधुआ मजदूरी, बाल



जागरूकता अभियान में जानकारी देते रेल पुलिस।

मजदूरी, घरेलू नौकर के रूप में शोषण, भीख मंगवाना,अंगों का गैरकानूनी प्रत्यारोपण या व्यापार तथा नौटंकी,बार डांस और आर्केस्ट्रा आदि में शोषण भी मानव तस्करी के गंभीर रूपों में शामिल हो सकते हैं।

अभियान के दौरान यात्रियों को बताया गया कि किसी व्यक्ति के मानव तस्करी का शिकार होने का संदेह हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। आपात स्थिति में पुलिस हेल्पलाइन 112, महिला हेल्पलाइन 181 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर संपर्क करने की अपील की गई। साथ ही निकटतम थाना, जिला मानव व्यापार निरोध इकाई और पुलिस की संबंधित टीम को सूचना देने की जानकारी दी गई।

पुलिस पदाधिकारियों ने महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा,आत्मविश्वास और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए छेड़छाड़, उत्पीड़न,साइबर अपराध तथा अन्य महिला अपराधों की रोकथाम के उपाय बताए। यात्रियों से अपील की गई कि साइबर अपराधियों के अनजान लिंक, संदेश और कल से सावधान रहें तथा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।अभियान में रेल थाना प्रभारी थानाध्यक्ष अर्चना कुमारी, निरंजन कुमार रजक,शिशुपाल,सार्जेंट नैयर आजम, पिंकी कुमारी सहित कांस्टेबल गुफरान, पवन कुमार,रतन कुमार शर्मा, मनजीत कुमार, सोनी कुमारी, सुमन कुमारी,रेखा कुमारी, वंदना वत्स, कल्पना कुमारी, अमीषा कुमारी ने भी अभियान में सहयोग किया।

## सरकार के उपलब्धियां को जन कल्याणकारी उपलब्धियों बताया

**मुंगेर ।** मुख्यमंत्री के सेवा संकल्प एवं समर्पण के 100 दिन पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को संग्रहालय सभागार में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता मनोज कुमार,नगर आयुक्त पार्थ गुप्ता, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, महापौर कुमकुम देवी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान पटना में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से उपस्थित अधिकारियों एवं आमजनों को दिखाया गया। उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के संबोधन एवं राज्य सरकार की विभिन्न उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रस्तुति को देखा एवं सुना।जिलाधिकारी ने जिले का गौरव बढ़ाने वाले बिहार लोक सेवा आयोग पास करने वाले प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों, जीविका दीदियों एवं स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे सम्मान से प्रतिभाओं एवं समाज के लिए उत्ष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रोत्साहन मिलता है तथा अन्य युवाओं और महिलाओं को भी प्रेरणा प्राप्त होती है। यह कार्यक्रम जिला सहित विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में भी आयोजित किया गया जहाँ स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी प्राप्त की।वहीं इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा 82 भूमिहीन परिवारों के बीच वासगीत पर्चा का भी वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा के पिछले कुछ महिनों से जनता दरबार एवं अन्य शिविरों में प्रायः ग्रामीणों द्वारा वास पर्चा किया मांग किया जाता था, उसी के आलोक में सभी अंचलाधिकारियों को ऐसे भूमिहीन परिवारों को चिन्हित कर उनकी सूची तैयार करने एवं उनके बीच वासगीत पर्चा निर्गत करने के निदेश दिए गए थे। उसी के आलोक में आज जिले के विभिन्न अंचलों के 82 भूमिहीनों के बीच पर्चा का वितरण किया गया।



सम्मानित करते जिलाधिकारी।

## सघन वाहन जांच, नियम तोड़ने वालों पर पुलिस की कार्रवाई शुरू

**जमालपुर (मुंगेर)।** पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद के निर्देश पर आदर्श थाना जमालपुर पुलिस ने शुक्रवार को थाना परिसर के सामने विशेष सघन वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गई तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। इस दौरान करीब 6,000 राशि जुर्माना वसूला गया। वाहन जांच अभियान का नेतृत्व एएसआई सत्तो पासवान एवं एएसआई अखिलेश कुमार ने किया। जांच के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, बीमा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की कमी पाए जाने पर कई वाहन चालकों का चालान काटा गया। अभियान के कारण कुछ देर के लिए वाहन चालकों में अफरा-तफरी का माहौल रहा। वहीं कई मनचले व ट्रिपल लोडर चालक मुख्य सड़कों की बजाय गलियारों से आवाजाही करने को विवश दिखा। थाना अध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने कहा कि पुलिस कप्तान के निर्देशानुसार विशेष वाहन जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। साथ ही लोगों से अपील की कि वे जिम्मेदार नागरिक की तरह यातायात नियमों का पालन करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के साथ सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।



वाहन जांच अभियान(

## 100 दिन, विकास का नया अध्याय

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में समृद्ध बिहार की मजबूत नींव : मुकेश सिंह

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)** ।मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली बिहार सरकार के श्सेवा, संकल्प एवं समर्पणश के 100 दिन पूरे होने पर वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार अब समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के शुरुआती 100 दिनों में सुशासन, विकास और जनकल्याण को केंद्र में रखकर अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं, जिनसे बिहार की नई पहचान बन रही है।मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में विकास की रफ्तार तेज हुई है और सरकार ने स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, निवेश, पर्यटन तथा शहरी विकास जैसे क्षेत्रों में नई सोच के साथ कार्य प्रारंभ किए हैं। उन्होंने दावा किया कि पंचायत स्तर पर सहयोग शिविरों के आयोजन से आम लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुलभ हुआ है, जबकि स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने की दिशा में प्रभावी पहल की गई है। प्रत्येक प्रखंड में मडल स्कूल तथा डिग्री कलेज की स्थापना की दिशा में प्रयास, उद्योग एवं निवेश को प्रोत्साहन, धार्मिक पर्यटन के विकास तथा शहरीकरण को नई गति देने जैसे कदम बिहार के समग्र विकास की मजबूत आधारशिला बन रहे हैं। उनके अनुसार सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारकर जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। भाजपा नेता ने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास, सुशासन और जनसेवा के नए मानक स्थापित करेगा तथा आने वाले वर्षों में देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में अपनी मजबूत पहचान बनाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का मूल मंत्र ष्सेवा, संकल्प और समर्पणष बिहार को समृद्धि और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आधार बन रहा है।



मुकेश कुमार सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता बाढ ।

## छात्रों की एकता ने धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया : राजू यादव

**जमालपुर(मुंगेर)** । राष्ट्रीय जनता दल बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रमंडल प्रभारी राजेश रमण ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को छात्रों और युवाओं की एकजुटता की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि छात्रों के लगातार संघर्ष और देशव्यापी आंदोलन के दबाव में आखिरकार शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा। यह जीत केवल छात्रों की नहीं, बल्कि शिक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जीत है। राजू यादव ने कहा कि नीट परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक के आरोपों को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर वैज्ञानिक सोनम वांगचुक सहित विभिन्न संगठनों की ओर से शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलन किया गया। उन्होंने दावा किया कि यह भूख हड़ताल करीब 17 दिनों तक चली। इसके बाद पुलिस द्वारा सोनम वांगचुक को अस्पताल ले जाने की कार्रवाई से छात्रों और युवाओं में आक्रोश बढ़ गया।उन्होंने कहा कि इसके बाद देशभर से छात्र जंतर-मंतर पहुंचे और केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। छात्रों के आंदोलन पर कथित लाठीचार्ज के विरोध में देश के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन हुए। राजेश रमण ने कहा कि छात्रों की एकजुटता और संघर्ष का परिणाम है कि आज शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा।उन्होंने कहा कि केवल शिक्षा मंत्री के इस्तीफे से समस्या का समाधान नहीं होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस्तीफे की मांग करते हुए केंद्र सरकार पर भ्रष्टाचार और विभिन्न मुद्दों पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार हर विरोध की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजू यादव ने कहा कि अब केंद्र सरकार को बर्खास्त कर लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की रक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने छात्रों, नौजवानों और आम लोगों से अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील की।



राजद नेता राजू यादव।

# छात्र आंदोलन के दमन के विरोध में निकला विरोध मार्च, भारत बंद का किया समर्थन

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** देशभर में छात्रों के शांतिपूर्ण आंदोलन पर कथित दमन के विरोध में अल इंडिया महिला सांस्तिक संगठन के बैनर तले शुक्रवार को जमालपुर में विरोध मार्च निकाला गया। भारत माता चौक से निकाले गए इस मार्च के माध्यम से प्रदर्शनकारियों ने छात्रों के आंदोलन के समर्थन में आवाज बुलंद की और भारत बंद का समर्थन किया। विरोध मार्च का नेतृत्व रेनू सिंह एवं विकास कुमार ने किया।मार्च में संगठन से जुड़े गिने-चुने महिला, बच्चे एवं युवा ही शामिल हुए। संख्या कम होने के बावजूद प्रदर्शनकारियों में खासा उत्साह दिखा। हाथों में तख्तियां और नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को रखा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि छात्रों के लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन को दबाने के बजाय उनकी समस्याओं का समाधान सरकार को बातचीत के माध्यम से करना चाहिए।विरोध मार्च को लेकर जमालपुर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सड़क पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने और किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न नहीं हो, इसके लिए जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। विरोध मार्च के आगे साइबर डीएसपी राकेश, सीओ प्रीति कुमारी सहित विभिन्न थानों की पुलिस मौजूद रही।पुलिस अधिकारियों ने पूरे मार्च पर नजर बनाए रखी।पुलिस बल की भारी मौजूी को देखकर कुछ देर के लिए प्रदर्शनकारियों में भी हलचल देखने को मिली। हालांकि, मार्च में शामिल महिला, बच्चे और युवाओं ने शांतिपूर्ण तरीके से अपना प्रदर्शन जारी रखा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि संख्या भले ही कम हो, लेकिन छात्रों के अधिकार और लोकतांत्रिक आवाज के समर्थन में उनकी आवाज बुलंद है।विरोध मार्च में विभा कुमारी,अंजली कुमारी, राजश्री, संगीता, रुक्मणी, रितु कुमारी, परिणीधी, चंदन कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।




विरोध प्रदर्शन करते महिला सांसतिक संगठन।

## संक्षिप्त खबरें

### राणा विगहा के लिए ऐतिहासिक पहल शिक्षा और स्वास्थ्य के नए युग का हुआ शुभारंभ

#### विधायक ड़ सियाराम सिंह ने नवनिर्मित वर्ग कक्ष एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया लोकार्पण, एसडीओ गरिमा लोहिया ने छात्राओं को बड़े सपने देखने और कड़ी मेहनत का दिया संदेश

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)** ।बाढ़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज राणा विगहा के लिए शनिवार, 25 जुलाई 2026 का दिन विकास की नई इबारत लिख गया। स्थानीय विधायक ड़ सियाराम सिंह ने क्षेत्र को शिक्षा और स्वास्थ्य की दोहरी सौगात देते हुए नवनिर्मित वर्ग कक्ष एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, राणा विगहा का विधिवत लोकार्पण किया। फीता काटने एवं शिलापट्ट का अनावरण करते ही पूरे परिसर में उत्साह का माहौल छा गया। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों और ग्रामीणों की भारी उपस्थिति ने कार्यक्रम को यार बना दिया।लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ड़ सियाराम सिंह ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति मजबूत शिक्षा व्यवस्था और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है और राणा विगहा में शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़ी दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन इसी विकास यात्रा का सशक्त प्रमाण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नए वर्ग कक्ष से विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक वातावरण मिलेगा, वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के संचालन से



सियाराम सिंह माननीय विधायक एवं गरिमा लोहिया, अनुमंडल पदाधिकारी बाढ को स्वागत एवं सम्मानित करते प्रधानाध्यापक आमोद कुमार।

हजारों ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी गरिमा लोहिया ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शर्टकट नहीं होता। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। यदि वे पूरी लगन, अनुशासन और मेहनत से पढ़ाई करें तो प्रशासन, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, शिक्षा और अन्य सभी क्षेत्रों में उंचे पदों तक पहुंच सकती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर परिश्रम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में योग्य शिक्षकों की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और आत्मविश्वास की है।ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से जिस विकास कार्य की प्रतीक्षा थी, वह अब धरातल पर दिखाई देने लगा है। नए वर्ग कक्ष से बच्चों की पढ़ाई का वातावरण बेहतर होगा, जबकि स्वास्थ्य केंद्र शुरू होने से इलाज के लिए दूर-दराज के अस्पतालों पर निर्भरता कम होगी। लोगों ने इसे राणा विगहा के समग्र विकास की दिशा में एक मील का पत्थर बताया।इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी गरिमा लोहिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी अंजू कुमारी, पंडारक चिकित्सा प्रभारी ड़ इकबाल खान, जिला परिषद सदस्य विजय शंकर सिंह, राणा विगहा पंचायत के मुखिया शिवदयालय सिंह, सरपंच आनंद मोहन सिंह, संजय कुमार सिंह, साकेत सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह ष्ज्ञान जीष, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह, भाजपा नेता मृत्युंजय कुमार सिंह, परशुराम सिंह, लाली बाबू सहित सैकड़ों जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से प्रधानाध्यापिका नीलम, मध्य विद्यालय राणा विगहा के प्रभारी प्रधानाध्यापक आमोद कुमार, अपर्णा कुमारी, दर्शना, शिवांगी, उम्सरा मोजफर, मृत्युंजय कुमार, प्रिंस कुमार सिंह, अनीश कुमार पंडित, पीयूष कुमार सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मियों ने अतिथियों का स्वागत किया।राणा विगहा में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक साथ हुए इन विकास कार्यो ने न केवल आधारभूत सुविधाओं को नई मजबूती दी है, बल्कि ग्रामीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुलभ स्वास्थ्य सेवा की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को भी नई पहचान दी है।

### आज दोनार तथा खरुआ फीडर की बिजली रहेगी बाधित

दरभंगा(एनएसबी)। रविवार को श्शगावर एजेंसीष के द्वारा 11केवी लाईन शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा, जिस कारण 33ध11केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, अर्बन से निकलने वाली 11 के वी दोनार फीडर में दोनार चौक से जंफर खोल कर 11 के वी लाईन शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा, जिस कारण से लाइन प्रातरू 5 बजे से 7 बजे पूर्वाहन तक बाधित रहेगी। प्रभावित होने वाले क्षेत्र है - दोनार चौक, अल्लपट्टी आदि है,वहीं दिनांक 26 जुलाई को ही समय सुबह 7 बजे से 10 बजे तक 33 केवी खरुआ फीडर 33 केवी नया एयरपोर्ट फीडर निर्माण कार्य के लिए सुरक्षा में बंद रहेगा, जिसके वजह से 33ध11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र खरुआ से निकलने वाली सभी 11 केवी फीडर बाधित रहेगा कप्रभावित क्षेत्रध्पंचायतरू- खरुआ, अतिहर, लोआम,बिजली, छोटाईपट्टी, बलहा,बासुदेवपुर, खुटवारा आदि।

### दरभंगा नगर निगम में कुव्यवस्था चरम पर : डॉ. मुन्ना खान

**दरभंगा(एनएसबी)।** कांग्रेस नेता सह पूर्व वार्ड पार्षद ड मुन्ना खान ने कहा कि दरभंगा नगर निगम में कुव्यवस्था चरम पर है, जिसको देखने वाला कोई नहीं है। डा मुन्ना खान प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की हम लोग यह सोच रहे थे की महिला महापौर, महिला उप-महापौर है तो महिला पार्षदों का सम्मान होगा,मगर यह सिर्फ सोच बनकर रह गया, धरातल पर किसी महिला पार्षदों का सम्मान बोर्ड बैठक में नहीं होता है ना बैठने की ठीक से व्यवस्था है ना कोई ध्यान देने वाला। कोई भी कोई आवेदन देने पर उस पर सुनवाई नहीं होती है, नगर निगम के तमाम पदाधिकारी सिर्फ कमीशन के चक्कर में पड़े रहते हैं। लगातार मेरे वार्ड में सफाई कर्मी की कमी है, कुछ सफाई कर्मी को लगातार आवेदन देने के बाद भी ट्रांसफर नहीं किया गया जिससे वार्ड में गी चरम पर है, जमादार, सफाई कर्मी का नहीं सुनता है ना कोई सफाई कर्मी जमादार की सुनता है ।आवेदन देने के बावजूद ना सफाई कर्मी को बढ़ाया गया ना ही कोई सफाई कर्मी का ट्रांसफर किया गया, इससे क्या साबित होता है लगातार महापौर को शिकायत करने के बावजूद बैठक में महिलाओं के बैठने की व्यवस्था ठीक नहीं की गई जिसका विरोध करते हुए बोर्ड मीटिंग से वार्ड 29 की पार्षद बोर्ड से बाहर निकाल कर वापस चली आई, अगर महिलाओं का सम्मान बोर्ड मीटिंग में नहीं हुआ तो सदन के बाहर सड़क पर वार्ड 29 की जनता के साथ घेराव करेंगे।



मुन्ना खान।

### संसद भवन परिसर में रेलवे संबंधी संसदीय स्थायी समिति की महत्वपूर्ण बैठक

**दरभंगा(एनएसबी)।** दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र की ऐतिहासिक, सांसतिक तथा धार्मिक स्थलों को पर्यटन क्षेत्र के रूप में चिति कर विकसित किए जाने के लिए रेलवे के माध्यम से मिथिला सर्किट के निर्माण के पहल किए जाने की आवश्यकता है ताकि इन संसतिक तथा धार्मिक स्थलों को रोजगार का माध्यम बनाया जा सके। इस सर्किट की स्थापना की पहल के लिए रेलवे स्टैंडिंग की बैठक में चर्चा कर प्रस्ताव दिए गए हैं जिसका सार्थक परिणाम शीघ्र ही सामने आयेगा। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक तथा रेलवे स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य डा गोपाल जी ठाकुर ने बुधवार की देर संध्या नई दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर में रेलवे संबंधी संसदीय स्थायी समिति की महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने के बाद उपरोक्तबातें कही है। रेलवे स्टैंडिंग कमेटी के अध्यक्ष श्री सी़ एम़ रमेश की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दरभंगा की निमार्णाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र में रेलवे आधारित औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए सांसद डा ठाकुर ने अहम सुझाव दिए।सांसद डा ठाकुर ने बैठक में भारतीय रेल के आधुनिकीकरण, यात्री सुविधाओं के विस्तार, सुरक्षा व्यवस्था एवं भविष्य की रेल अवसंरचना से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि देश स्तर पर रेलवे की अन्य सर्किटों की तरह मिथिला सर्किट की पहल शुरू हो ताकि यहां की प्राचीन विरासत तथा सांसतिक स्थलों को पर्यटन के माध्यम से रोजगार का माध्यम बनाया जा सके।बैठक में सांसद डा ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय रेल को विकास के मुद्दे पर मिल रहे नए आयामो को रेखांकित करते हुए कहा कि मिथिला एवं उत्तर बिहार, विशेषकर दरभंगा के रेल विकास, नई परियोजनाओं, आधुनिक सुविधाओं एवं बेहतर कनेक्टिविटी के क्षेत्र में रेलवे ने जितनी महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है वह देश स्तर पर एक उदाहरण है।

# 189 लोगों के बीच भूमि का पर्चा वितरित

दैनिक नवसंदेश

**आरा/कोइलवर।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सेवा, संकल्प एवं समर्पण के 100 दिन पूर्ण होने के अवसर पर जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों में बंदोबस्ती भूमि के कुल 189 पात्र लाभुकों के बीच पर्चा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लाभुकों को बंदोबस्ती भूमि का पर्चा प्रदान किया गया। इस पहल का उद्देश्य पात्र परिवारों को उनकी बंदोबस्ती भूमि पर वैधानिक अधिकार सुनिश्चित करना तथा भूमि सुधार एवं राजस्व प्रशासन को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाना है। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि भूमि संबंधी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सभी पात्र लाभुकों तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं सुगमता से पहुंचे। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, वरीय उप समाहर्ता (राजस्व) सहित जिला प्रशासन के अन्यपदाधिकारी उपस्थित रहे।





अंचल कार्यालय कोईलवर में अंचलाधिकारी उदय प्रताप सिंह एवं राजस्व पदाधिकारी राजभूषण सिंह ने संयुक्त रूप से 10 भूमिहीन परिवारों को बासगीत पर्चा वितरित किया। लाभार्थियों में गुंडी की शोभा देवी, जलपुरा की कविता देवी, फूलवंती देवी, हेवंती देवी, बहियारा की सुलखनी देवी, धनवंती देवी, प्रतिभा देवी, संजू देवी तथा जहनपुर के लाल साहब राम और जगनारायण राम शामिल हैं।

# 3330 रोजगार उपलब्ध कराने वाले चार उत्कृष्ट उद्यमी सम्मानित

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सेवा, संकल्प एवं समर्पण के 100 दिन पूर्ण होने के अवसर पर आज जिला पदाधिकारी, तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार जिले में औद्योगिक विकास एवं रोजगार सृजन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले चार उत्कृष्ट उद्यमियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित उद्यमियों में पीनेक्स स्टील इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, गिद्धा द्वारा लगभग 2,500 रोजगार, मे बिहार डिस्टिलर्स एंड बटलर्स प्राइवेट लि, गड़हनी द्वारा 500 रोजगार, आम्रपाली सिलेंडर, गिद्धा द्वारा 150 रोजगार तथा शेखर पलीट्यूब प्राइवेट लि, गिद्धा द्वारा 180 रोजगार का सृजन कर जिले के औद्योगिक विकास एवं स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है। इन उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए जिला प्रशासन द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक राधा चरण साह, महापौर, श्रीमती इंदु देवी, उप विकास आयुक्त अरूण प्रकाष, अपर समाहर्ता डॉ षषि षेखर, सहायक समाहर्ता सहित जिला प्रशासन के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**सम्राट सरकार के सौ दिन पूरे होने पर जिला प्रशासन ने कार्यक्रम आयोजित कर किया उद्यमियों को सम्मानित**

## संक्षिप्त खबरें

### बनास नदी में डूबने से महिला की मौत

**गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** सुवरी गांव में बनास नदी में डूबने से महिला की मौत हो गई। मृतका सुवरी निवासी स्व. लल्लू मुसहर की 45 वर्षीय पत्नी बेदामो देवी थी। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार, शनिवार की सुबह करीब 10 बजे बेदामो देवी बनास नदी के किनारे हाथ-पैर धोने गई थीं। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह नदी की तेज धारा में बह गईं। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर से नदी में तलाश शुरू की, लेकिन काफी प्रयास के बावजूद सफलता नहीं मिली। बाद में एनडीआरएफ ने करीब छह घंटे के अभियान के बाद महिला का शव नदी से बरामद किया। बेदामो देवी के पति लल्लू मुसहर का करीब चार वर्ष पूर्व गंभीर बीमारी के कारण निधन हो गया था। परिवार में एकमात्र पुत्र विनेश राम है।

### किशोर और अज्ञात युवक का शव बरामद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बड़का गांव स्थित नदी में डूबे किशोर का शव तीसरे दिन बड़का गांव स्थित पुल के नीचे नदी से शनिवार की सुबह बरामद हुआ। मृत किशोर गजराजगंज ओपी क्षेत्र के अख्तियारपुर (बड़का गांव) निवासी अजय कुमार का 14 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार है। वह आठवीं कक्षा का छात्र था। बता दें कि गुरुवार की शाम बड़का गांव में अंकित कुमार अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान दोस्तों में शर्त लगने के बाद उसने पुल पर चढ़कर नदी में छलांग लगा ली थी। इधर, टाउन थाना क्षेत्र के गांगी पुल के नीचे स्थित झाड़ी से शनिवार की सुबह अज्ञात 28 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### बड़ी मटिया में बच्चों के बीच सामग्री वितरण आज

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बड़ी मठिया में कल नई आशा के महादलित बच्चों के बीच, ड्रेस, पाठ्य सामग्री एवं छाता वितरण किया जाएगा। यह जानकारी बड़ी मठिया के महंत अयोध्या नाथ स्वामी ने दी।

### जनता दरबार में पांच मामलों का निष्पादन

**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** भूमि विवाद से जुड़े मामलों के त्वरित एवं निष्पक्ष निष्पादन के उद्देश्य से शनिवार को कोइलवर अंचल कार्यालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। मौके पर राजस्व अधिकारी राजभूषण सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित मामलों की सुनवाई की। इस दरम्यान पांच मामलों का निष्पादन हुआ।

### डॉ. केएन सिन्हा ने किया ब्यूटीशियन ब्रोसर का लोकार्पण

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** यशदिति स्कैम हब का कतीरा मोड़ स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने वार्षिकोत्सव आयोजित हुआ। इस अवसर पर ब्यूटी पार्लर के ब्राउजर का लोकार्पण किया गया। मौके पर डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि स्वास्थ्य और अपने शरीर के प्रति युवतियों और महिलाओं का ग्लैमर बढ़ा हुआ है। सभी अपने आप को हर तरह से फिट रखना चाहतीं हैं। इसके लिए यह यश दीदी स्कैन हब बहुत ही सहयोगी और महत्वपूर्ण है। संचालिका कुमारी दीपावली सिन्हा ने बताया कि ग्राहकों का नए डिजाइन, रंग और समय के अनुरूप मानक कंपनियों के कॉस्मेटिक से लेकर लेडिज के सभी सामान उपलब्ध हैं। मौके पर संजय कुमार डॉ. निर्मल कुमार सिंह, डॉ. दिनेश प्रसाद सिंह, सुरेश कुमार सिंह, केएन सिंह, सचिन सिन्हा, शशि शेखर सिन्हा, यश, गोलू अक्षित सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

### छेर नदी का पानी टाउनशिप में घुसा

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** गंगा नदी में संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए अपर समाहर्ता (आपदा) कमर आलम ने शनिवार को शाहपुर अंचल क्षेत्र के जवइनिया गांव पहुंचकर गंगा किनारे चल रहे बोल्डर पिचिंग एवं कटाव निरोधी कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी और गुणवत्ता बनाए रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद एडीएम (आपदा) ने अंचलाधिकारी आनंद प्रकाश के साथ बिलौटी गांव में जवइनिया के विस्थापित परिवारों के लिए विकसित की जा रही टाउनशिप का भी निरीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि लगातार वर्षा के कारण छेर नदी का पानी टाउनशिप में प्रवेश कर गया है जिससे अधिकांश घरों के आसपास और भीतर करीब एक से दो फीट पानी जमा हो गया है। एडीएम आपदा कमर आलम ने बताया कि प्रभावित विस्थापित परिवारों के बीच शीघ्र ही पालीथिन शीट का वितरण कराया जाएगा। ताकि उन्हें तत्काल राहत मिल सके। पानी उतरते ही टाउनशिप में मिट्टी भराई का कार्य कराया जाएगा जिससे भविष्य में वर्षा के दौरान पानी का जमाव और प्रवेश रोका जा सके। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को राहत एवं पुनर्वास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया।

### भारी वर्षा से गोविन्दपुर चमरपुर मार्ग कटा, पुलिया पर भी खतरा

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** लगातार हो रही वर्षा ने बहोरनपुर पंचायत के गोविन्दपुर-चमरपुर मार्ग को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। तेज जलधारा के कारण पुलिया के समीप सड़क का बड़ा हिस्सा कटकर बह गया है। कटाव लगातार बढ़ने से पुलिया की नींव पर भी खतरा मंडराने लगा है। समय रहते मरम्मत और सुरक्षा कार्य नहीं कराया गया तो पुलिया के क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। गोविन्दपुर-चमरपुर मार्ग आसपास के कई गांवों के लोगों के लिए मुख्य संपर्क मार्ग है। सड़क टूट जाने से स्कूली बच्चों, किसानों, महिलाओं, बुजुर्गों और दैनिक यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के बीच लोगों को जान जोखिम में डालकर पुलिया पार करना पड़ रहा है।

# सरकार के 100 दिन पर प्रखंड में कार्यक्रम

**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार सरकार के 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में कोईलवर प्रखंड सभागार में सेवा, संकल्प और समर्पण विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने शुरू से अंत तक सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख मनोज कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष संजीत रजक, उपाध्यक्ष जयशंकर कुशवाहा, बीडीओ बीर बहादुर पाठक, अंचलाधिकारी उदय प्रताप सिंह, बीपीआरओ कुणाल राज, कल्याण पदाधिकारी आकाश कुमार, बीस सूत्री सदस्य रंजन बाबा, महबूब खान, प्रमोद सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रधान के इस्तीफे पर जिला कांग्रेस ने निकाला विजय मार्च

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा के बाद भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष ड श्रीधर तिवारी के नेतृत्व में एक विजय जुलूस कांग्रेस कार्यालय शहीद भवन आरा से विजय मार्च निकाला गया। जिला अध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि देश के शिक्षा मंत्री की इस्तीफा की मांग कई महीनो से कांग्रेस पार्टी मांग कर रही थी। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी एवं देश के करोड़ों छात्र नौजवानों की महत्वपूर्ण मांग आज पूरा हुआ है लेकिन केवल इस्तीफा से काम चलने वाला नहीं है। देश की सभी तरह शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार लाना होगा एवं सभी तरह के प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता लानी होगी कैलेंडर के तहत सभी रिक्तपदों पर बहाली निकालने का काम करना होगा और सभी प्रकार के प्रतियोगी परीक्षाओं को समयवद्ध तरीके से आयोजित कर बिना पेपर लीक किए हुए परिणाम घोषित करना होगा।यह छात्र नौजवानों और विपक्ष की जीत है इसलिए आज हम लोग विजय मार्च निकाले हैं। विजय मार्च में शामिल लोगों में पूर्व अध्यक्ष अशोक राम मीडिया प्रभारी वीरेंद्र मिश्रा, अशोक यादव, बबन पांडेय, शशिकांत तिवारी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सारीक खान, युवा के जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, रजी अहमद, साकेत तिवारी, गोलू तिवारी, मनोज कुमार अंजनी, चितरंजन सिंह मुन्ना, अरविंद कुमार सिंह, राशिद ईमाम मंटू, शक्ति सिंह मनन, अविनाश कुमार उर्फ लड्डू यादव, लालमोहन सिंह शत्रुघ, जयप्रकाश तिवारी, आशुतोष कुमार सिंह, आनंद तिवारी, गोपाल कृष्ण गोखले, रविंद्र कुमार, अजय कुमार, घनश्याम चौधरी, प्रमोद राय, रोहित कुमार, अंकित कुमार पांडे, धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, टुन्नू सिंह, राज दत, श्रीमन नारायण तिवारी, डॉ. एसपी राय अनिमेष दुबे आदि लोगों ने शिरकत की।



# टीबी मरीजों को वितरित किए गए फूड बास्केट



**निक्षय मित्र पहल के तहत बिहार डिस्टिलर्स एंड बॉटलर्स प्रा. लि. ने 150 टीबी मरीजों को लिया गोद**

फूड बास्केट वितरित करते डीडीसी अरुण प्रकाश, सीके दूबे, एडीएम व अन्य।

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार एवं उप विकास आयुक्त अरुण प्रकाश की उपस्थिति में बिहार डिस्टिलर्स एंड बटलर्स प्राइवेट लि. गड़हनी द्वारा निक्षय मित्र के रूप में सहभागिता करते हुए 150 टीबी मरीजों को गोद लिया गया। इस अवसर पर समाहरणालय परिसर में मरीजों के बीच फूड बास्केट का वितरण किया गया। कंपनी के महाप्रबंधक ने बताया कि भविष्य में भी अधिक से अधिक टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें नियमित रूप से फूड बास्केट उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि निक्षय मित्र योजना टीबी मरीजों के लिए अत्यंत प्रभावी एवं सराहनीय पहल है। उपचार के दौरान मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है। ऐसे में पौष्टिक आहार उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ एवं सफल उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम के दौरान टीबी उन्मूलन के लिए समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता पर विशेष बल दिया गया तथा सभी से निक्षय मित्र अभियान से जुड़कर टीबी मरीजों के पोषण एवं उपचार में सहयोग करने की अपील की गई। इस अवसर पर डॉ. ए अहमद, बिहार डिस्टिलर्स एंड बॉटलर्स प्राइवेट लि. के निदेशक सीके दूबे, लेखापाल प्रशान्त सिन्हा, जिला समन्वयक अश्विनी कुमार, डॉक्टर फॉर यू की टीम तथा टीबी विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में सामाजिक सहभागिता को सशक्त बनाने एवं टीबी मरीजों को आवश्यक पोषण सहयोग उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक पहल साबित हुआ।

# सौ दिन पूरे होने पर आयोजित किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सेवा, संकल्प एवं समर्पण के 100 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देशनानुसार जिले में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कलाकारों ने भोजपुरी लोकगीत, लोकसंगीत एवं लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से कलाकारों ने बिहार की समृद्ध लोक संस्कृति एवं सांस्कृतिक विरासत को सजीव रूप में प्रस्तुत किया, जिसकी उपस्थित लोगों ने मुक्तकंठ से सराहना की।

# शिक्षा मंत्री का इस्तीफा छात्रों के संघर्ष और जनदबाव की जीत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सिविल सोसायटी, आरा के तत्वावधान में जयप्रकाश स्मारक, मुक्ताकाश मंच पर चल रहे अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन के छठे दिन प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे का स्वागत करते हुए इसे देशभर के छात्र-छात्राओं के शांतिपूर्ण संघर्ष और जनदबाव की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। वक्ताओं ने कहा कि यह घटनाक्रम दर्शाता है कि लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण जनआंदोलन समाज में परिवर्तन का माध्यम बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों ने अपने अधिकारों, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था और शिक्षा में जवाबदेही की मांग को जिस.ढ़ता से उठाया, वह पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। वास्तविक सफलता तब होगी जब परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित हो, पेपर लीक जैसी घटनाओं पर स्थायी रोक लगे, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो और विद्यार्थियों के भविष्य की सुरक्षा के लिए ठोस संस्थागत सुधार किए जाएं। धरना में आज यशवंत सिंह, अशोक मानव, विजय मेहता, आशुतोष कुमार पाण्डेय, ड ब्रजेश कुमार सिंह, संजय कुमार पाण्डेय, नीता कुमारी, प्रोनीलाम्बुज सरोज, रूपा कुमारी, मंटू सिंह, सुनिल कुमार सिंह, मधु कुमारी शिवानी कुमारी, सुशील कुमार सहीत अन्य छात्र छात्राओं, बुद्धजीवियों व आम जगरूक लोगों ने धरना स्थल पर पहुंच कर संघर्ष को अपना समर्थन दिया।



# बिहार बंद का भोजपुर में मिला जुला असर

**आरा/गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** आइसा, आरवाइए एवं भाकपा (माले) द्वारा आहूत बिहार बंद का शहर सहित पूरे जिले में मिला-जुला असर देखने को मिला। इस दौरान आइसा, आरवाइए एवं भाकपा (माले) के छात्रों का जत्था विभिन्न इलाकों में घूम-घूम कर प्रदर्शन और नारेबाजी किया। शहर के बस स्टैंड के समीप भी छात्रों ने रोड जाम कर नारेबाजी की। जुलूस का नेतृत्व पूर्व विधायक शिव प्रकाश रंजन, राजू यादव, कयामुद्दीन अंसारी एवं माले नेता सह अधिवक्ता अमित कुमार बंटी आदि कर रहे थे। बंद को लेकर पुलिस-प्रशासन काफी चौकस रहा। जगह-जगह दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी। रेलवे स्टेशन के समीप आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार एवं जीआरपी थानाध्यक्ष भारी संख्या में बल के साथ मौजूद रहे वहीं सरदार पटेल बस स्टैंड के समीप नवादा थानाध्यक्ष विपिन बिहारी पर्याप्त बल के साथ डटे रहे। जुलूस के दौरान भाकपा माले के नेताओं ने कहा कि नीट पेपर लीक करके छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। गड़हनी में अल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) और इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) के नेतृत्व में आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर गड़हनी बाजार में सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया गया। अध्यक्षता एवं संचालन आइसा के राज्य सचिव शबीर कुमार ने किया। प्रदर्शन में राम छपित राम, आनंद कुमार, हरिनारायण कुमार, धर्मेंद्र यादव, राजद नेता श्रीनिवास यादव, भिखारी राम, अखिलेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, आदि प्रमुख थे।

**आइसा, आरवाईए और भाकपा माले के नेतृत्व में सड़कों पर उतरे छात्र**




# विद्यालय के समग्र विकास पर शिक्षकों ने रखे सुझाव



**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय, भरौली में विद्यालय प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय गुप्ता ने की। इस दौरान विद्यालय के समग्र विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सभी शिक्षकों ने सुझाव रखते हुए विद्यालय के विकास को लेकर विचार साझा किए। प्रधानाध्यापक संजय गुप्ता ने कहा कि विद्यालय का प्रत्येक शिक्षक संस्था के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी शिक्षकों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। बैठक में विद्यालय के पठन-पाठन को और प्रभावी बनाने, अनुशासन बनाए रखने तथा आधारभूत संरचना के विस्तार को लेकर भी चर्चा हुई। साथ ही विद्यालय में डिजिटल कक्षा, स्मार्ट क्लास, प्रोजेक्टर, पुस्तकालय, कंप्यूटर, खेल सामग्री, पेयजल एवं स्वच्छता जैसी सुविधाओं के विकास की आवश्यकता पर बल दिया गया। बैठक के अंत में विद्यालय के समग्र विकास के लिए सभी शिक्षकों से सक्रिय सहयोग की अपील की गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित रहे।

# सनातनी गंगा फाउंडेशन की नई कार्यकारिणी गठित

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शुभ नारायण नगर मझौंवा स्थित संभावना आवासीय उच्च विद्यालय के जुबली हॉल में शनिवार को सनातनी गंगा फाउंडेशन की कार्यकारिणी के गठन एवं घोषणा को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन महावीर मंदिर के पुजारी सुमन बाबा, सनातनी गंगा फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह, शंभु चौरसिया, अवधेश पांडेय, मनोज कुमार सिंह, राम कुमार सिंह समेत अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से किया। संचालन आनंद कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन सचिव डॉ. कृष्ण कुमार ने किया।

**डॉ. अर्चना अध्यक्ष और डॉ. कृष्ण बने सचिव**

अधिवक्ता डॉ संदीप कुमार ने सनातनी गंगा फाउंडेशन के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। शंभु चौरसिया ने सनातनी गंगा फाउंडेशन की कार्यकारिणी की घोषणा की। नई कार्यकारिणी में भोजपुर की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह के अलावे डॉ. कृष्ण कुमार को सचिव, गुड्डू सिंह बबुआन को कोषाध्यक्ष बनाया गया। डॉ. विकास सिंह, राजा तिवारी, नवीन सिंह एवं प्रतिभा सिंह को उपाध्यक्ष, शंभु चौरसिया को महासचिव, आनंद कुमार को मीडिया प्रभारी एवं रिशु कुमार को कार्यालय प्रभारी बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में डॉ. संदीप श्रीवास्तव, अवधेश कुमार, रामकुमार सिंह मनोज सिंह मुखिया, अमित सिंह, विष्णु शंकर, डॉ. रोहित तिवारी, राम अनुज सिंह मोहित कुमार को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। हरिओम एवं शैलेंद्र को सदस्य बनाया गया। अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि जिस व्यक्ति में सनातन रहता है, उसमें कुछ कर गुजरने की क्षमता रहती है। सनातन अजर है, अमर है। सृष्टि की शुरुआत ही सनातन से हुई है। उन्होंने कहा कि 12 से 22 दिसंबर तक सनातनी गंगा फाउंडेशन द्वारा श्रीलंका भ्रमण कार्यक्रम का आयोजित किया जा रहा है। अवधेश कुमार पांडेय ने कहा कि सनातन और गंगा के बीच अन्योनाश्रय संबंध है। प्रतिभा सिंह, राम कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, नवीन प्रकाश, पिंटू तिवारी, मोहित कुमार, विष्णु शंकर आदि ने भी अपनी बातों को रखा।



## संक्षिप्त खबरें

### गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत 27 जुलाई को निकलेगी विशाल पदयात्रा, जिला पदाधिकारी को सौंपा जाएगा ज्ञापन



**मेहंदिया (एनएसबी)।** गौ संरक्षण एवं गौ सम्मान को लेकर देशव्यापी स्तर पर चलाए जा रहे "गौ सम्मान आह्वान अभियान" के तहत आगामी 27 जुलाई 2026 को भारत के सभी जिला मुख्यालयों पर जिला पदाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसी कड़ी में अरवल जिले में भी भव्य पदयात्रा एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत अरवल शहर स्थित बाबा गरीब नाथ मंदिर परिसर से होगी, जहां अभियान से जुड़े कार्यकर्ता, गौ-सेवक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं आम नागरिक एकत्रित होंगे। इसके बाद बाबा गरीब नाथ मंदिर से जिला मुख्यालय तक विशाल पदयात्रा निकाली जाएगी। पदयात्रा के दौरान गौ संरक्षण, गौ संवर्धन एवं गौ सम्मान के समर्थन में लोगों को जागरूक किया जाएगा तथा अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।पदयात्रा के समापन पर जिला पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से गौवंश की सुरक्षा, संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित विभिन्न मांगों पर केंद्र एवं राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया जाएगा। अभियान के तहत चल रहे हस्ताक्षर अभियान में भी बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने की तैयारी की गई है।अभियान के प्रभारी इंदल सिंह, अजय कुमार शर्मा, दीपक कुमार सिंह, कमलेश सिंह एवं कौशल शर्मा ने बताया कि यह अभियान केवल एक संगठन का नहीं, बल्कि समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से संचालित जन-जागरण अभियान है। उन्होंने कहा कि गौवंश भारतीय संस्कृति, कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार रहा है। इसके संरक्षण और सम्मान के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आने की आवश्यकता है। उन्होंने जिले के सभी सामाजिक संगठनों, गौ-सेवकों, युवाओं, महिलाओं एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे 27 जुलाई को अधिक से अधिक संख्या में बाबा गरीब नाथ मंदिर पहुंचकर पदयात्रा में शामिल हों तथा हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अरवल जिले से बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी इस अभियान को नई मजबूती प्रदान करेगी और गौ संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### बिहार बंद का प्रखंड में मिला-जुला असर, बाजारों में पसरा रहा सन्नाटा, पुलिस रही मुस्तैद




**मेहंदिया (एनएसबी)।** शनिवार को आयोजित बिहार बंद का असर अरवल जिले के कलेर प्रखंड में मिला-जुला देखने को मिला। प्रखंड के कलेर, बेलसार, मेहंदिया, परासी, उसरी , चंदा समेत विभिन्न बाजारों में सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम चहल-पहल रही। अधिकांश बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और लोगों की आवाजाही भी सीमित रही।बिहार बंद के दौरान बड़ी गाड़ियों का परिचालन लगभग पूरी तरह बंद रहा, जबकि ऑटो एवं छोटे वाहनों का परिचालन सामान्य रूप से चलता रहा। कई दुकानदारों ने भी एहतियात के तौर पर अपने प्रतिष्ठान बंद रखे, जिससे बाजारों में वीरानी का माहौल दिखाई दिया। वहीं, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेर, मेहंदिया एवं परासी थाना पुलिस पूरे दिन अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सक्रिय रही। पुलिस द्वारा संवेदनशील स्थलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों, पार्कों, मंदिरों सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई, ताकि किसी भी असामाजिक तत्व बंद का लाभ उठाकर शांति व्यवस्था भंग न कर सके।कलेर थाना अध्यक्ष अमित कुमार, मेहंदिया थाना अध्यक्ष मनोरंजन कुमार एवं परासी थाना अध्यक्ष मोहम्मद सिराज लगातार अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। पुलिस की सतर्कता के कारण पूरे प्रखंड में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।कुल मिलाकर बिहार बंद का कलेर प्रखंड में शांतिपूर्ण एवं मिला-जुला असर देखने को मिला तथा प्रशासन की सतर्कता के बीच बंद शांतिपूर्वक संपन्न हो गया।

### दिल्ली प्रदर्शन के बाद जहानाबाद में हुई हिंसक घटनाओं की भाजपा ने की कड़ी निंदा

**जहानाबाद।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जहानाबाद इकाई ने दिल्ली में हुए प्रदर्शन के बाद जहानाबाद में घटित घटनाओं की कड़ी निंदा की है। पार्टी नेताओं ने कहा कि नीट के मुद्दे को लेकर महागठबंधन द्वारा युवाओं को गुमराह कर आंदोलन की ओर धकेलने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा के जिला महामंत्री अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि नीट प्रकरण पर माननीय प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से आश्वस्त किया है कि दोषियों के विरुद्ध कठोर एवं निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में राजनीतिक लाभ के लिए छात्रों और युवाओं को भड़काना उचित नहीं है। जिलाध्यक्ष धीरज कुमार ने कहा कि जहानाबाद में जिस प्रकार जानबूझकर जिला पदाधिकारी (डीएम) आवास, रेलवे स्टेशन तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों को निशाना बनाया गया, उसे किसी भी दृष्टि से शांतिपूर्ण प्रदर्शन नहीं कहा जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि इन घटनाओं का उद्देश्य आम जनता में भय और असुरक्षा का वातावरण उत्पन्न करना था। उन्होंने कहा कि बिहार में माननीय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में एनडीए सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकारी संस्थानों पर हमला करने, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने तथा आम नागरिकों को भयभीत करने वाले उपद्रवियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। भाजपा नेताओं ने जिला प्रशासन से मांग की कि उपद्रव में शामिल सभी लोगों की शीघ्र पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था कायम रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल बिहार को वर्ष 2005 से पूर्व की अराजक स्थिति की ओर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं, जिसे जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने एक स्वर में घटना की निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।

### मध्यस्थता 3.0 अभियान की तैयारियों को लेकर प्रशिक्षित मध्यस्थों के साथ बैठक

**जहानाबाद (एनएसबी)।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जहानाबाद के अध्यक्ष विकास कुमार के मार्गदर्शन में शनिवार को विधिक सेवा प्राधिकार भवन में सचिव ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में प्रशिक्षित मध्यस्थों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी मध्यस्थता 3.0 अभियान की तैयारियों एवं उसके सफल क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रशिक्षित मध्यस्थ गिरिजा नंदन प्रसाद, उमेश शंकर, बिंदु भूषण प्रसाद, अरुण कुमार, प्रकाश कुमार, रमेश प्रसाद, शैलेन्द्र कुमार सिंह, संजय कुमार सिन्हा एवं देवरानी कुमारी उपस्थित रहे। इस दौरान मध्यस्थों ने मध्यस्थता प्रक्रिया के दौरान आने वाली विभिन्न व्यावहारिक समस्याओं से सचिव को अवगत कराया। सचिव ब्रजेश कुमार ने कहा कि मध्यस्थता 3.0 अभियान आगामी 1 सितंबर 2026 से प्रारंभ होने जा रहा है। इसे सफल बनाने के लिए सभी मध्यस्थों, अधिवक्ताओं एवं संबंधित पक्षों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पिछले मध्यस्थता अभियान के दौरान उत्पन्न समस्याओं का समाधान कर लिया गया है तथा अब पटना उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों के आलोक में अभियान का प्रभावी संचालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही कम्युनिटी मेडिएशन (सामुदायिक मध्यस्थता) कार्यक्रम भी प्रारंभ किया जाएगा।



# बिहार बंद के दौरान महागठबंधन के कार्यकताओं ने निकाला मार्च

**अरवल (एनएसबी)।** जंतर मंतर और पटना में छात्रों पर पुलिस बर्बरता और लाठी चार्ज के खिलाफ बिहार बंद का असर रहा अरवल में मोदी सरकार नौजवानों के मुद्दों को भड़काने के लिए विपक्ष के विधायक और संसद पर हमला करना शुरू कर दिया है रामाकांत कुमार

अरवल बंद के अध्यक्षता के राज्य उपसचिव सह अरवल जिला सचिव रामाकांत कुमार कर रहे थे और संचालन राज्य पार्षद उपाध्यक्ष शहशाद ने की। नीतीश कुमार,अमन कुमार यादव,राजद छात्र प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रविरंजन कुमार,राजद के उमेश यादव,जिला राजद प्रवक्ता मनोज पासवान,सामाजिक न्याय आंदोलन के संस्थापक सुबोध यादव,माले के सुएब आलम ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि आज देश के अंदर सत्ता संभाले 12 साल में मोदी सरकार एक भी परीक्षा निष्पक्ष और पारदर्शी नहीं कर पाए। नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को स्थिफा नहीं लेना देश के छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।इनके शासन काल में 151 परीक्षाओं का पेपर लीक हुआ है। नीट पेपर लीक मामले में छात्र नौजवान ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की इस्तीफा मांग रहे हैं लेकिन सरकार छात्र नौजवानों को डंडे और फर्जी मुकदमा में फंसा रहा है। एनटीए को समाप्त कर भारत शिक्षा प्रणाली बनाकर बेहतर परीक्षा लेने की गरीब और वंचित छात्रों नौजवान को अवसर मिले लेकिन देश की हुक्मरान ने बर्बाद करने में लगी है।इसे लेकर जेन जी अपनी भविष्य को बचाने के लिए आंदोलन कर मोदी सरकार को चुनौती दे रहे है। बिहार में एवं पाली विधायक संदीप सौरभ को गिरफ्तारी समेत सभी आंदोलनकारी साथी को अभिलंब रिहा करे सरकार नहीं तो और तीखा आंदोलन जारी रहेगा। आज की बंदी में छात्र युवा भाग लिया।




मार्च में शामिल महागठबंधन के लोग।

## अभियान बसेरा 2 के तहत लाभुकों के बीच किया गया वासगीत पर्चा का वितरण



पर्चा वितरण करते डीएम।

**अरवल (एनएसबी)।** अभियान बसेरा-2 के अंतर्गत 40 लाभुकों के बीच वासगीत पर्चा का वितरण जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा आज समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित अभियान बसेरा-2 के अंतर्गत वासभूमि से संबंधित पात्र महादलित एवं भूमिहीन परिवारों के बीच वासगीत पर्चा वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 40 पात्र लाभुकों को वासगीत पर्चा प्रदान कर उन्हें भूमि पर वैधानिक अधिकार सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र भूमिहीन परिवार को आवास हेतु भूमि उपलब्ध कराना तथा उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि अभियान बसेरा-2 के माध्यम से जिले के सभी योग्य लाभुकों की पहचान कर उन्हें वासभूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया तेज गति से संचालित की जा रही है। जिला पदाधिकारी ने संबंधित राजस्व पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि अभियान के अंतर्गत लबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें तथा कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने लाभुकों से प्राप्त भूमि का सदुपयोग कर अपना स्थायी आवास निर्माण करने तथा सरकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ उठाने का आहवान किया। समारोह के दौरान लाभुकों ने वासगीत पर्चा प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, विशेष कार्य पदाधिकारी, राजस्य पदाधिकारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी के साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी सहित लाभुकगण उपस्थित रहे।

## सीडीपीओ प्रतिमा कुमारी को भावभीनी विदाई, सेविका-सहायिकाओं ने दी शुभकामनाएं




विदाई समारोह में भाग लेते लोग।

**मेहंदिया (एनएसबी)।** प्रखंड स्थित सभागार में शनिवार को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी के स्थानांतरण के उपलक्ष्य में भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों तथा बुद्धिजीवियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सीडीपीओ का सम्मान करने के साथ हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रतिमा कुमारी ने अपने कार्यकाल के दौरान महिला एवं बाल विकास से जुड़ी सरकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने का प्रयास किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन, पोषण अभियान, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा बच्चों से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाई।अपने संबोधन में सीडीपीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि कलेर प्रखंड में कार्य करने के दौरान उन्हें सभी जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं एवं प्रखंड प्रशासन का भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का उन्होंने सदैव ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ प्रयास किया। उन्होंने सभी सेविकाओं एवं सहायिकाओं से अपील की कि वे आगे भी पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करती रहें, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक समय पर पहुंच सके।

## धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से विपक्ष का प्रमुख मुद्दा समाप्त : भाजपा

**जहानाबाद (एनएसबी)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दिए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने इसे विपक्ष के आंदोलन के संदर्भ में महत्वपूर्ण घटनाक्रम बताया है। भाजपा के जहानाबाद जिलाध्यक्ष धीरज कुमार ने कहा कि नीट पेपर लीक मामले को लेकर विपक्ष लगातार आंदोलन कर रहा था तथा शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहा था। उनके अनुसार, इस मुद्दे को लेकर दिल्ली से लेकर पटना, जहानाबाद और अरवल सहित विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन किए जा रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद विपक्ष का प्रमुख मुद्दा स्वतः समाप्त हो गया है और अब उसे जनता के बीच जाने के लिए कोई नया मुद्दा तलाशना पड़ेगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस पूरे प्रकरण में छात्रों को विभिन्न प्रकार से भ्रमित और आंदोलन के लिए प्रेरित किया जा रहा था। यह जानकारी भाजपा के जिला महामंत्री अमरेन्द्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।ध्यान दें: यदि यह वास्तविक प्रेस विज्ञप्ति के रूप में जारी की जानी है, तो इसमें उल्लिखित "धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे" की तथ्यात्मक पुष्टि अवश्य कर लें, क्योंकि किसी सार्वजनिक बयान में अपुष्ट जानकारी प्रकाशित करना उचित नहीं होगा।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया कार्यक्रम का आयोजन

**अरवल (एनएसबी)।** सेवा, सकल्प,समर्पण के 100 दिन विकास एवं जनकल्याण की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्चयन मुख्यमंत्री, बिहार सरकार द्वारा सेवा, संकल्प, समर्पण के 100 दिन कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की उपलब्धियों पर आधारित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाहरणालय सभाकक्ष, अरवल में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला पदाधिकारी श्रीमती अमृषा बैंस की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले 100 दिनों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, आधारभूत संरचना, रोजगार एवं जनकल्याण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, अरवल शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियों जिले के विभिन्न प्रखंडों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु 05 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) संचालित किए जा चुके हैं। उच्च शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बंशी प्रखंड में राजकीय डिग्री महाविद्यालय का संचालन प्रारंभ किया गया है। सामाजिक सुरक्षा एवं खाद्य सुरक्षा मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के अंतर्गत 12,937 लाभार्थियों के खातों में बढ़ी हुई पेंशन राशि हस्तांतरित की गई। जिले में 791 नए राशन कार्ड निर्गत कर पात्र परिवारों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ा गया। सहयोग शिविरों की सफलता जनसमरयाओं के त्वरित समाधान हेतु आयोजित सहयोग शिविरों में कुल 6,244 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 5,545 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। यह लगभग 92.58 प्रतिशत निष्पादन दर को दशार्ता है। स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना एवं आयुष्मान भारत वय वंदना योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में आयुष्मान कार्ड बनाए गए। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। पंचायती राज, आधारभूत संरचना एवं रोजगार - जिले के सभी 05 प्रखंडों एवं 64 पंचायतों में पंचायत विकास दिवस का सफल आयोजन किया गया। प्रगति यात्रा एवं समृद्धि यात्रा के अंतर्गत विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं क्रियान्वयन किया गया। प्रस्तावित राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल हेतु भूमि चिन्हित की जा चुकी है तथा सड़क अवसंरचना से संबंधित महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके अतिरिक्त 06 पंचायत सरकार भवनों का निर्माण पूर्ण किया गया। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत 45 लाभार्थियों का चयन किया गया। दिव्यांगजन कल्याण जिला दिव्यांगजन कार्यालय द्वारा 27 बैट्री चालित ट्राइसाइकिल, 22 सहायक उपकरण तथा 212 यूडीआईडी कार्ड वितरित कर दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन, अरवल शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पारदर्शी, समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करते हुए आमजन को अधिकतम लाभपहुँचाया जाए। कार्यक्रम के दौरान खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासनिक कार्य, जनसेवा तथा विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारियों, कर्मियों एवं प्रतिभाओं को जिला पदाधिकारी श्रीमती अमृषा बैस द्वारा प्रशस्ति-पत्र, स्मृति-चिह्न एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला पदाधिकारी ने सम्मानित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि उनके समर्पण, उत्कृष्ट कार्यशैली एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता के कारण शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो रहा है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों से इसी उत्साह, निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ आमजन की सेवा करते रहने का आह्वान किया।



कार्यक्रम में भाग लेते डीएम व अन्य।

## जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

**अरवल (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी श्रीमती अमृषा बैंस की अध्यक्षता में राजस्व विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी (डी.सी.एल.आर.), सभी अंचलाधिकारी एवं राजस्व विभाग के अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान दाखिल-खारिज, परिमार्जन, भूमि विवादों के निष्पादन, अतिक्रमण उन्मूलन, राजस्व वसूली, भू-अर्जन, सरकारी भूमि की सुरक्षा तथा विभिन्न ऑनलाइन राजस्व सेवाओं की अद्यतन प्रगति की अंचलवार समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में लंबित मामलों के निष्पादन की स्थिति पर विशेष रूप से विचार-विमर्श करते हुए जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर मामलों का गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि राजस्व प्रशासन से संबंधित सभी सेवाओं को आम नागरिकों के लिए सरल, सुलभ एवं उत्तरदायी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राजस्व पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ करें तथा किसी भी प्रकार की अनावश्यक विलंब की स्थिति उत्पन्न न होने दें। बैठक में विभिन्न अंचलों की कार्य प्रगति की तुलनात्मक समीक्षा करते हुए अपेक्षित प्रगति नहीं होने वाले मामलों में आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा नियमित अनुश्रवण के माध्यम से कार्यों में अपेक्षित गति लाने का निर्देश दिया गया। साथ ही भूमि विवादों के त्वरित निष्पादन, राजस्व संग्रहण में वृद्धि, सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त रखने तथा भू-अभिलेखों के अद्यतनकरण के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व प्रशासन को अधिक प्रभावी, पारदर्शी, उत्तरदायी एवं जनोन्मुखी बनाने हेतु विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप समन्वित एवं प्रतिबद्ध भाव से कार्य करना सुनिश्चित करें।



बैठक करते डीएम।

## धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लोकतंत्र और छात्रों के संघर्ष की जीत : कांग्रेस

**जहानाबाद (एनएसबी)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लोकतंत्र और छात्रों के संघर्ष की जीत बताते हुए शनिवार को जहानाबाद में कारगिल चौक से अंबेडकर चौक तक विजय मार्च निकाला गया। मार्च का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष प्रो. संजीव कुमार ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं ने भाग लिया। विजय मार्च के समापन पर मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया गया। विजय मार्च को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन हो रहा है तथा छात्रों की आवाज को अनसुना किया जा रहा है। नेताओं ने कहा कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है, लेकिन सरकार इस मुद्दे पर गंभीर नहीं दिखी। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरना पड़ा और उनके साथ कठोर कार्रवाई की गई। नेताओं ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष ने संसद से लेकर सड़क तक छात्रों के न्याय की लड़ाई लड़ी। उनका दावा था कि यदि सरकार समय रहते छात्रों की मांगों पर ध्यान देती, तो देशभर में छात्रों को आंदोलन और पुलिस कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ता। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा देर से लिया गया निर्णय है, लेकिन यह छात्रों के संघर्ष और लोकतांत्रिक दबाव की जीत का प्रतीक है। उन्होंने इसे लोकतंत्र की विजय बताते हुए कहा कि कांग्रेस छात्रों के अधिकारों और उनके भविष्य की रक्षा के लिए आगे भी संघर्ष जारी रखेगी।

